
10 बुमराह...



झारखण्ड का अपना दैनिक
# झारखण्ड उजाला
सच आप तक

12 कंगना...



रांची, रविवार, 05 जनवरी 2025 | पृष्ठ - 12 | मूल्य - 2 रुपये | रांची संस्करण | वर्ष- 04 | अंक -198 | RNI No. JHAHIN/2021/82144 | www.jharkhandujala.com

## आज का विचार

झारखण्ड उजाला



**श्रीमती अर्चना सिंह**
**नेत्री, झारखंड भाजपा।**

**आए दिन महिलाओं एवं पक्षियों के साथ होती छेड़छाड़ एक बड़ी समस्या है। जिसे हम सबको एक साथ मिलकर लड़ना होगा। हमें सजग रहने की आवश्यकता है। हमें अपने घर की बच्चियों को किसी भी प्रकार की आपदा से निपटने की शिक्षा देनी चाहिए एवं उन्हें शारीरिक एवं मानसिक रूप से सख्त बनाने की आवश्यकता है।**

## सर्राफा

सोना (बिक्री) : **72,600**
चांदी (प्रति किलो) : **91,000**
(नोटः सोना 22 कैरेट कीमत प्रति 10 ग्राम)

## शेयर बाजार

सेंसेक्स :- **79,223.11**
निफ्टी :- **24,004.75**

## मौसम

अधिकतम तापमान : **22 °**
न्यूनतम तापमान : **09 °**

## सूर्योदय/सूर्यास्त

प्रातः :- **06:31**
संध्या :- **17:17**

## आज का इतिहास

**आज के ही दिन 1914 को अमेरिकी कंपनी फोर्ड ने पहली बार कर्मचारियों का एक दिन का भत्ता पांच डॉलर देने की सीमा निर्धारित करके दुनिया के सामने न्यूनतम वेतन का उदाहरण पेश किया।**

## संक्षिप्त समाचार

### सेना का ट्रक खाई में गिरा, तीन जवानों की मौत, दो घायल

**बांदीपोरा।** जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा जिले में शनिवार दोपहर बड़ा हादसा हुआ है. खबर है कि सेना का एक ट्रक खाई में गिर गया. इस दुर्घटना में तीन जवानों की मौत हो गयी. दो जवान गंभीर रूप से घायल हैं. उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है. अधिकारियों ने जानकारी दी कि हादसा जिले के एसके पायीन इलाके में हुआ, जहां ट्रक सड़क से फिसलकर खाई में जा गिरा. खबर पाकर बचाव दल तुरंत वहां पहुंचा और बचाव अभियान शुरू किया. इससे पहले दिसंबर माह में पुंछ जिले में भी आर्मी का ट्रक 350 फीट गहरी खाई में गिरा था. सेना के वैन में 18 जवान सवार थे. इनमें से 5 जवानों की मौत हो गयी थी. उस दिन सेना के काफिले में ?ह गाड़ियां थी. सभी पुंछ जिले के पास ऑपरेशनल ट्रैक से होते हुए बनोईकी तरफ जा रही थीं. इसी क्रम में एक वाहन के ड्राइवर के संतुलन खो दिया और वैन खाई में गिर गयी.

### रांची के सभी सरकारी और प्राइवेट स्कूलों में दो दिनों की छुट्टी, आदेश जारी

**रांची।** रांची जिले के सभी कोटि के सरकारी और प्राइवेट स्कूल छह और सात जनवरी को बंद रहेंगे. कड़ाके की ठंड को देखते हुए ये निर्णय लिया गया है. रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने ये आदेश शनिवार को जारी किया है. रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री द्वारा शनिवार को जारी आदेश में कहा गया है कि कड़ाके की सर्दी की वजह से विद्यार्थी परेशान हैं. रांची जिले में शीत लहर को देखते हुए अत्याधिक ठंड पड़ने से विद्यालय में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है. वैसी स्थिति में शीत लहर के प्रकोप के कारण छह जनवरी एवं सात जनवरी को रांची जिले के सभी कोटि के सरकारी उच्च/मध्य/प्राथमिक विद्यालय एवं सभी प्राइवेट स्कूल पूरी तरह बंद रहेंगे.

# पीएम मोदी ने की अहमदाबाद इंटरनेशनल फ्लावर शो की तारीफ

**एजेंसी**

**अहमदाबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फ्लावर शो की तारीफ करते हुए एक्स पर लिखा, अहमदाबाद इंटरनेशनल फ्लावर शो की कुछ झलकियां यहां दी गई हैं. इस शो से मेरा गहरा लगाव है, क्योंकि मैंने सीएम के तौर पर अपने कार्यकाल के दौरान इसे बढ़ते देखा है. इस तरह के शो प्रकृति की सुंदरता का जश्न मनाते हैं और स्थिरता के बारे में जागरूकता पैदा करते हैं. वे स्थानीय किसानों, बागवानों और उत्साही लोगों को अपनी रचनात्मकता दिखाने के लिए एक मंच प्रदान करते हैं.ह्व



**फ्लावर शो 22 जनवरी तक आम लोगों के खुला**

गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने शुक्रवार को साबरमती रिवरफ्रंट पर इंटरनेशनल फ्लावर शो का उद्घाटन किया था. यह 22 जनवरी तक आगंतुकों के लिए खुली रहेगी.

**पिछले साल का टूट सकता है रिकॉर्ड**

अहमदाबाद में आयोजित इंटरनेशनल फ्लावर शो में पिछले साल का रिकॉर्ड टूट सकता है. पिछले वर्ष लगभग 20 लाख लोगों ने शो का आनंद उठाया था. पिछले साल गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में भी नाम दर्ज कराया गया था. जिसमें 400 मीटर लंबी फूलों की दीवार आकर्षण का केंद्र बना था.

**2013 से फ्लावर शो का हो रहा आयोजन**

साबरमती रिवरफ्रंट पर पहली बार 2013 में इंटरनेशनल फ्लावर शो का आयोजन किया था. उस समय नरेंद्र मोदी राज्य के मुख्यमंत्री थे. उस समय से हर वर्ष फ्लावर शो का आयोजन किया जाता रहा है. जिसे आम लोगों के लिए खोला जाता है. इस शो को छह जोन में बांटा गया है. जिसमें 50 प्रजातियों के 10 लाख से अधिक फूल और मिट्टी की 30 से अधिक मूर्तियां प्रदर्शित की गई हैं.

**क्यूआर कोड स्कैन कर फूलों के बारे जान सकते हैं लोग**

इस बार के फ्लावर शो को टेक्नोलॉजी से जोड़ा गया है. आयोजन स्थल पर सभी जगह पर क्यूआर कोड लगाया गया है. जिसे स्कैन कर लोग फूलों, मिट्टी की मूर्तियों और जोन के बारे में जानकारी हासिल कर सकते हैं. जिसमें ऑडियो गाइड की मदद से जानकारी दी जाएगी.

**क्या है प्रवेश शुल्क**

आधिकारिक वेबसाइट के अनुसार, शनिवार व रविवार को प्रवेश शुल्क 100 रुपये और सोमवार से शुक्रवार तक 70 रुपये है.

### प्रधानमंत्री आज दिल्ली को देंगे 12,200 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं की सौगात

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को दिल्ली में रेल, मेट्रो और स्वास्थ्य से जुड़ी 12,200 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय ने शनिवार को एक बयान में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी 5 जनवरी को दोपहर करीब 12:15 बजे दिल्ली में 12,200 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री सुबह करीब 11 बजे गाजियाबाद जिले के साहिबाबाद आरआरटीएस स्टेशन से दिल्ली के न्यू अशोक नगर आरआरटीएस स्टेशन तक नमो भारत ट्रेन में यात्रा भी करेंगे। बयान के अनुसार क्षेत्रीय संपर्क बढ़ाने में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होने वाले इस अवसर पर प्रधानमंत्री साहिबाबाद और न्यू अशोक नगर के बीच दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ नमो भारत कॉरिडोर के 13 किलोमीटर हिस्से का उद्घाटन करेंगे, जिस पर लगभग 4,600 करोड़ रुपये की लागत आएगी। इस उद्घाटन के साथ ही दिल्ली को अपनी पहली नमो भारत कनेक्टिविटी मिल जाएगी। इससे दिल्ली और मेरठ के बीच यात्रा काफी आसान हो जाएगी और लाखों लोगों को तेज गति और आरामदायक यात्रा के साथ-साथ बेजोड़ सुरक्षा और विश्वसनीयता का लाभ मिलेगा। प्रधानमंत्री दिल्ली मेट्रो फेज-4 के जनकपुरी और कृष्णा पार्क के बीच करीब 1,200 करोड़ रुपये की लागत वाले 2.8 किलोमीटर लंबे हिस्से का भी उद्घाटन करेंगे। यह दिल्ली मेट्रो फेज-4 का पहला खंड होगा जिसका उद्घाटन किया जाएगा। इससे पश्चिमी दिल्ली के कृष्णा पार्क, विकासपुरी, जनकपुरी के कुछ हिस्से और अन्य इलाकों को लाभ मिलेगा।

# एनआईए ने रांची समेत कई राज्यों से 80 मामलों में 210 आरोपियों को किया गिरफ्तार

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

**रांची।** नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी ने साल 2024 में आतंकवाद, वामपंथी उग्रवाद और संगठित आपराधिक नेटवर्क के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाई की है. एनआईए ने 80 मामलों में 210 आरोपियों को किया गिरफ्तार है. साथ ही रांची समेत कई राज्यों से हथियार भी बरामद किये हैं. वामपंथी उग्रवाद पूरे वर्ष एनआईए की जांच का प्रमुख केंद्र बना रहा, जिसके कारण 2024 में हुई गिरफ्तारियों में से 69 प्रतिशत मामले उग्रवाद से जुड़े थे.

**राष्ट्रविरोधी ताकतों के खिलाफ बड़ी हथियारों की बरामदगी**

एनआईए की कार्रवाई में देश में हिंसा फैलाने की कोशिशों का मुकाबला करने के लिए राष्ट्रविरोधी ताकतों द्वारा किए गए प्रयासों के खिलाफ हथियारों की बरामदगी एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुई. रांची, पटना, जम्मू, जयपुर, और चंडीगढ़ सहित देश भर से हथियारों की बरामदगी और जब्ती के मामले सामने आये. जिनमें दो हैंड ग्रेनेड, 34 पिस्तौल राउंड, एक चीनी पिस्तौल, एक तुर्की पिस्तौल, 20 चीनी पिस्तौल राउंड और एक पिस्तौल साइलेंसर शामिल है. अवैध हथियार, गोला-बारूद और विस्फोटकों की आपूर्ति के मामले में पांच राइफलें, छह पिस्तौल, एक रिवॉल्वर, 215 राउंड गोला-बारूद, पांच डेटोनेटर, दो पैकेट गन पाउडर, 75 खाली कारतूस और 75 किलोग्राम संदिग्ध विस्फोटक पदार्थ भी जब्त किये गये. राज्य पुलिस बलों की क्षमताओं को बढ़ाने के प्रयासों के तहत, एनआईए ने 2024 में 11 प्रशिक्षण



कार्यक्रमों के माध्यम से 1,678 राज्य पुलिस अधिकारियों को प्रशिक्षण देकर उनके कौशल में सुधार किया. इसके साथ ही, भारत की शांति और सद्भाव को प्रभावित करने वाले प्रमुख आतंकवाद संबंधी और अन्य गंभीर अपराधों के बढ़ते खतरे को देखते हुए, एनआईए ने अपनी क्षमताओं को मजबूत करने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाये, जिसमें जम्मू और रांची में एक-एक नई विशेष एनआईए अदालत की स्थापना शामिल है.

**बढ़ते आतंकवादी और गैंगस्टर के खिलाफ की कार्रवाई**

एनआईए के लिए बढ़ते आतंकवादी और गैंगस्टर गतिविधियों पर कार्रवाई 2024 की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि रही. पिछले साल, एनआईए ने विदेश में सक्रिय खालिस्तानी आतंकवादियों से जुड़े मामलों में 14 आरोपियों को गिरफ्तार किया और इन मामलों में 101 ठिकानों की तलाशी ली. कुल मिलाकर 2024 में विभिन्न मामलों के सिलसिले में 662 जगहों पर छापेमारी की गयी. गैंगस्टर से जुड़े मामलों में भी रांची सहित अन्य स्थानों से 13 गिरफ्तारियां की गयीं.

### मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के राज्यस्तरीय समारोह की तैयारियां जोरों पर

# सीएम कल लाभुकों के खाते में भेजेंगे सम्मान राशि, 3-4 लाख महिलाएं होंगी कार्यक्रम में शामिल

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

**रांची।** 06 जनवरी 2025 को झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के राज्यस्तरीय समारोह की तैयारियाँ जोरों पर हैं। आर्मी ग्राउंड, खोजाटोली, नामकुम में जिला प्रशासन द्वारा वृहत स्तर पर कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें राज्यभर से लाखों महिलाएं शामिल होंगी।




**मुख्यमंत्री लाभुकों के खाते में भेजेंगे सम्मान राशि**

मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के राज्यस्तरीय समारोह में माननीय मुख्यमंत्री लाभुकों के खाते में योजना की बढ़ी हुई सम्मान राशि 2500 रुपये भेजेंगे। कई लाभुकों के खाते में योजना अंतर्गत बढ़ी हुई सम्मान राशि भेजी जा चुकी है, बचे हुए सभी लाभुकों के खाते में 06 जनवरी को डीबीटी के माध्यम से सम्मान राशि ट्रांसफर की जाएगी।

**पूरे राज्य से 3-4 लाख महिलाएं होंगी कार्यक्रम में शामिल**

झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के राज्यस्तरीय समारोह में पूरे राज्य से तीन से चार लाख महिलाएं शामिल होंगी। दूसरे जिलों से आने वाले लाभुकों के आवागमन, अल्पाहार, वाहनों की पार्किंग आदि व्यवस्था के लिए की जा रही तैयारियों पर उपायुक्त श्री मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा बारीकी से नजर रखी जा रही है। उन्होंने संबंधित पदाधिकारी को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं कि कार्यक्रम में शामिल होने वाली महिलाओं को किसी तरह की परेशानी ना हो।

**लोक कलाकार नृत्य-संगीत की देंगे प्रस्तुति**

झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के राज्यस्तरीय समारोह में लोक कलाकार अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। कलाकारों द्वारा गीत-नृत्य प्रस्तुत किया जाएगा। एक ओर जहां आधुनिक नागपुरी गायक पवन राय, कुडुख गायक सुरेंद्र कुजूर और सादरी गायक इग्नेश कुमार अपनी गायकी का प्रदर्शन करेंगे तो वहीं दूसरी ओर झारखंड के पारंपरिक नृत्यों जैसे पाइका, छऊ आदि का भी कलाकारों द्वारा प्रदर्शन किया जाएगा।

**कार्यक्रम को लेकर रांची पुलिस-प्रशासन सतर्क**

मंईयां सम्मान योजना कार्यक्रम को लेकर रांची पुलिस प्रशासन सतर्क है। रांची एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने सभी पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना को लेकर पुलिस प्रशासन हर तरह की तैयारी को पूरा करने में जुट गया है। मुख्य कार्यक्रम रांची के नामकुम में होना है। ऐसे में नामकुम स्थित कार्यक्रम स्थल की सुरक्षा को लेकर रांची के सीनियर एसपी चंदन कुमार सिन्हा ने पुलिस अफसरों और कर्मियों को ब्रीफ भी किया।

**तैयारियों की लगातार मॉनिटरिंग कर रहे हैं डीसी**

उपायुक्त, रांची श्री मंजूनाथ भजंत्री लगातार कार्यक्रम स्थल पर चल रही तैयारियों की मॉनिटरिंग कर रहे हैं । आयोजन स्थल पर की गई तैयारी का निरीक्षण करते हुए उन्होंने सफल आयोजन के लिए सभी तैयारियां तय समय में पूरी करने के निर्देश दिए हैं।









हिंडाल्को को हर हाल में मजदूरों को देना होगा रोजगार। मजदूरों के साथ न्याय होगा

# मजदूरों के साथ हो रहे अन्याय को नहीं किया जाएगा बर्दाश्त-- सांसद सुखदेव भगत

झारखण्ड उजाला, संवाददाता।



**लोहरदगा।** लोहरदगा ट्रक अनलोडिंग मजदूर संघ के सैकड़ो मजदूर आज लोहरदगा के सांसद माननीय श्री सुखदेव भगत के आवास पहुंचकर उनसे मुलाकात किया और मजदूरों ने सांसद को बताया कि हम लोग अनलोडिंग स्टेशन में बिगड़ 17 वर्षों से कम कर रहे हैं जिससे हम लोगों का भरण पोषण होता है। हिंडालको कंपनी गत दो माह से अनलोडिंग स्टेशन में ट्रकों का परिचालन बंद कर दिया है जिसके कारण हम सबों के समक्ष भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गया है। मजदूरों ने सांसद से सभी मजदूरों को रोजगार उपलब्ध कराने की मांग किये। मौके पर सांसद सुखदेव भगत ने कहा कि वह मजदूरों के साथ हैं। मजदूरों के साथ हो रहे अन्याय को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा ।मजदूरों को न्याय मिलेगा। श्री भगत ने कहा कि विगत 17 वर्षों से सैकड़ो ट्रक मजदूर काम कर रहे हैं जिसके कारण हजारों लोगों का भरण पोषण हो रहा है। दो माह से हिंडाल्को के द्वारा ट्रकों का परिचालन बंद करने से मजदूरों के समक्ष भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गया है। जनप्रतिनिधि होने के नाते मजदूरों को न्याय दिलाना उनका दायित्व है। हिंडाल्को एक ओर रोपवे से बॉक्साइट का ढुलाई कर रही है लेकिन ट्रकों के द्वारा बॉक्साइट का ढुलाई लोहरदगा स्टेशन में नहीं कर रही है अगर ट्रकों से प्रदूषण होता है तो रोपवे से भी प्रदूषण होगा। हिंडाल्को के दोहरे नीति को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मजदूरों के हक हुकुम के लिए वे मजदूरों के साथ है ।हिंडाल्को का हर हाल में मजदूरों को रोजगार उपलब्ध कराना होगा ।मौके पर मनोज सोन तिर्की , अनिल उरांव, विनोद उरांव, प्रेमचंद महतो, प्रदीप उरांव ,नीलमणि तिग्गा, सुधा उरांव ,ललिता उरांव, रवि महली, बुधमन टोप्पो, विमला उरांव, फुलमनी उरांव,सुगी उरांव ,धर्मदेव उरांव,ननका अंसारी ,निवेश उरांव ,रोपा उरांव ,मनोज भगत, आलोक कुमार साहू ,नेसार अहमद, साजिद अहमद चंगू, जगदीप भगत, सोनू कुरैशी सहित सैकड़ो मजदूर उपस्थित थे।

## ईडन इंटरनेशनल स्कूल में रचनात्मक शिक्षण पर कार्यशाला का हुआ आयोजन

झारखण्ड उजाला, संवाददाता।




**पतरातू।** कार्यशाला बायोम्स के ट्रेनर निरंजन कुमार और मनीष झा के द्वारा लिया गया ईडन इंटरनेशनल स्कूल में शनिवार को रचनात्मक शिक्षण रणनीति और गतिविधियों पर आधारित शिक्षण पर कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में स्कूल के सभी शिक्षक शामिल हुए। कार्यशाला में प्रशिक्षक निरंजन कुमार ने बताया कि रचनात्मक शिक्षण प्रणाली बच्चों में रचनात्मक सोच और कौशल को विकसित करने में मदद करता है जैसे समस्या समाधान खेल और गतिविधियों का उपयोग करना। यह बच्चों को बॉक्स के बाहर सोचने के लिए प्रेरित करने का एक शानदार तरीका है। मनीष झा ने शिक्षकों के बीच विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का आयोजन किया जिसे वह अपनी कक्षाओं में उपयोग कर सकते हैं। वही स्कूल के निदेशक मोहम्मद समीर ने कहा है कि आज का समय बदल रहा है और समय के साथ पारंपरिक शिक्षण प्रणाली से आगे निकलकर अब शिक्षण प्रणाली में बदलाव लाने की आवश्यकता है क्योंकि बच्चों में एकाग्रता की कमी हो रही है इसलिए रचनात्मक शिक्षण प्रणाली और गतिविधियां आधारित बच्चे गतिविधि कर सीखते हैं। उनमें सोचने की शक्ति बढ़ती है। इसलिए इस शिक्षण प्रणाली को स्कूल में लागू करने के लिए शिक्षकों को प्रशिक्षित करना बहुत आवश्यक है। मोहम्मद समीर ने बायोम्स की ट्रेनर निरंजन कुमार और मनीष झा को धन्यवाद दिया कि उन्होंने स्कूल के शिक्षकों के लिए इतनी अच्छी कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला हमारे स्कूल के शिक्षकों के लिए बहुत लाभकारी होगा और उन में नई शिक्षा प्रणाली की गुणवत्ता विकसित होगी जो हमारे स्कूल के लिए बच्चों के लिए लाभकारी होगा।

## समाजसेवी विनय कुमार सोनी ने रक्त देकर बचाया थैलेसीमिया ग्रसित व्यक्ति की जान



**रामगढ़।** थैलेसीमिया से रोगी ललित महतो को रक्त दान कर जान बचाई विनय कुमार सोनी(मुन्ना)ने रक्तवीर समाजसेवी ने रिकवा ग्राम निवासी ललित महतो जो थैलेसीमिया रोग से ग्रसित होने के कारण प्रत्येक माह रक्त की आवश्यकता होती है। अचानक रक्त की कमी होने के कारण मरीज की हालत नाजुक हो गई। सदर अस्पताल में भर्ती कराकर मरीज को ब्लड बैंक रामगढ़ में रक्तवीर समाजसेवी विनय कुमार सोनी (मुन्ना) ग्राम सुकरीगडा चितरपुर निवासी से रिसोर्स शिक्षक पॉवेल कुमार ने संपर्क स्थापित कर रक्त दान किए। आज थैलेसीमिया सिकल सेल और हीमोफीलिया से ग्रसित लोगों को प्रतिदिन रक्त के लिए आशा भरी निगाह से रक्तवीरो देखते हैं। रक्त की कमी के कारण कई लोगों को अपनी जान की आहुति तक देनी पड़ जाती हैं। आज भी समाज में जागरुकता लानें की आवश्यकता है।


## एमएलए सविमं इंटर कॉलेज में त्रैमासिक परीक्षा परिणाम वितरण सह अभिभावक गोष्ठी आयोजित



**लोहरदगा:**मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज लोहरदगा में 11वीं व 12वीं विज्ञान और कला के भैया बहनों का त्रैमासिक परीक्षा परिणाम एवं अभिभावक गोष्ठी आयोजित की गई। छात्र-छात्राओं के मूल्यांकन पर तथा उज्वल भविष्य को बेहतर बनाने के लिए अभिभावको से चर्चा की गई और योजनाएं बनाई गई साथ ही बच्चों के शैक्षणिक तथा सह-शैक्षणिक विकास एवं घर और महाविद्यालय में उनके क्रियाकलाप को लेकर भी चर्चा की गई। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रधानाचार्य सुनील कुमार सिंह, प्रीति कुमारी, रश्मि साहू,यशोदा कुमारी, रेणु कुमारी, ऋद्धि मिश्रा, कविता कुमारी, सनोज कुमार साहू, नीतू कुमारी, सत्यम सतलज ,आरती भगत सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं , अभिभावक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे

## नेहरू युवा केंद्र, द्वारा बी.एस. कॉलेज में नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

झारखण्ड उजाला, संवाददाता।



**लोहरदगा:** शनिवार को नेहरू युवा केंद्र, लोहरदगा द्वारा बी.एस. कॉलेज में नशा मुक्ति एवं नशीले पदार्थों पर जागरूकता और शिक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराना और उन्हें इससे बचने के लिए प्रेरित करना था ।इस कार्यक्रम का आयोजन नेहरू युवा केंद्र, लोहरदगा के जिला युवा अधिकारी अब्दुल फारूक खान के नेतृत्व में किया गया। युवाओं को जागरूक करने के लिए इंटरैक्टिव प्रेजेंटेशन का सहारा लिया, जिसमें ग्राफिक्स, डेटा और कहानी के माध्यम से नशे के हानिकारक प्रभावों को समझाया गया। इस प्रेजेंटेशन ने कार्यक्रम को और प्रभावी और रोचक बनाया। मुख्य अतिथि के रूप में अर्जुन लकड़ा, एनएसएस के नोडल अधिकारी, और अरुण राम, इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव उपस्थित रहे। साथ ही, बी.एस. कॉलेज के प्रोफेसर सत्य नारायण उरांव, ब्लेसियस पन्ना, ए.के. गुप्ता, सोनू कुमार बड़ाइक, और संजय रविदास ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने नशे के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक प्रभावों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि नशा केवल व्यक्ति को ही नहीं, बल्कि उसके परिवार और समाज को भी नुकसान पहुंचाता है ।छात्र-छात्राओं ने कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया और नशा मुक्ति का संकल्प लिया। इंटरैक्टिव सत्र के माध्यम से उन्हें नशे से बचने के उपायों और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।

## सदर अस्पताल में इलाजरत तीन पीड़ित मरीज को हिंदूवादी संगठन जय श्रीराम समिति ने तीन यूनिट ब्लड डोनेट कर बचाया जान



**लोहरदगा।** हिंदूवादी संगठन जय श्रीराम समिति लोहरदगा के द्वारा तीन पीड़ित मरीजों को शनिवार को बजे ब्लड दिया गया। जानकारी स्वरूप नगर क्षेत्र के महादेव टोली निवासी अरविंद महतो की पत्नी ममता देवी,सदर प्रखंड के हरमू पंचायत निवासी माड़ो उरांव की पुत्र श्रीकांत उरांव, कुडू प्रखंड के रामकेश्वर साहू के पुत्र मनोज साहू समेत तीनों मरीज सदर अस्पताल में इलाजरत डॉक्टर ने खून की कमी बताई परिवार के लोग काफी परेशान जय श्री राम समिति से संपर्क किया समिति ने तत्काल पहल करते हुए समिति सदस्य सूरज मिश्रा नवीन कुमार एवं रितेश उरांव ने एक-एक यूनिट ब्लड देकर पीड़ित की जान बचाई ' जिला महामंत्री प्रदीप साहू ने कहा रग रग में सेवा की भावना लिए बैठा हूं खुद जागता हूं और लोगो को जागता हूं थोड़ा सा प्रयास से कई घरों की आंगन जगमगाती है जीवन राज मेहता ने कहा दो बूंद काफी है जीवन के लिए, सिर्फ लेने की इच्छा रखने वाले डोनेट कर दूसरों की जान बचाने में भूमिका निभाएं पीड़ित के लिए संजीवनी की काम करेगी ' मौके पर जिला महामंत्री प्रदीप साहू, जीवन राज मेहता, सबीता देवी, रोहन नाइक आदि लोग मौजूद थे

# शारीरिक और मानसिक विकास के लिए खेल महत्वपूर्ण है:- रवि कुमार महतो

झारखण्ड उजाला, संवाददाता।



**रामगढ़।** तेलियातु प्रीमियर लीग 2024-25 क्रिकेट टूणार्नामेंट मैच के मुख्य अतिथि झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के केंद्रीय संगठन महामंत्री सह केन्द्रीय कोर कमेटी सदस्य रवि कुमार महतो विशिष्ट अतिथि केंद्रीय महिला मोर्चा उपाध्यक्ष रूपा महतो, जिला मीडिया प्रभारी रमेश कुमार महतो ने विधिवत रूप से मैच का शुभारम्भ किये। जवाहर नगर भुरकुंडा एलेवन वर्सेस पवन एलेवन मायल के बीच खेला गया। तथा मैच जवाहर नगर भुरकुंडा 6 विकेट से विजय रहा। मुख्य अतिथि रवि महतो ने कहा कि खेल को हमेशा खेल की भावना से खेलना चाहिए। खेल हमारे शारीरिक दक्षता और दक्षता को बढ़ाता है। यह खेल हमारे हृदय को मजबूत बनाता है ,रक्त परिसंचरण को बढ़ाता है। मोटापे को कम करता है। खेल खेलने से हमारे शरीर की मांसपेशियां मजबूत होती है। हड्डियां मजबूत होती है और हमारा ऊर्जा स्तर बढ़ता है। खेल हमारे मानसिक विकास के लिए भी महत्वपूर्ण है। विशिष्ट अतिथि रूपा महतो ने कहा खेलों से सामाजिक विकास होता है। खेलों से बच्चे सामाजिक होना सीखते हैं। खेलों से चरित्र निर्माण होता है। छात्रों को जीवन की चुनौतियों के लिए तैयार किया जाता है। खेलों से दिनचर्या नियमित होती है। खेलों को भारतीय संस्कृति और एकता का प्रतीक भी माना जाता है। जिला मीडिया प्रभारी रमेश कुमार महतो ने कहा कि क्रिकेट मुख्यत दो पक्षों के बीच खेला जाता है। प्रत्येक पक्ष में खिलाड़ियों की संख्या 11 होती है। जिसमें एक 'कैप्टन' होता है। खेल को खेल भावना तथा नियमों के अंतर्गत खेलते रहने तथा विवादों को सुलझाने के लिए दो अंपायर होते हैं। क्रिकेट आज न केवल भारत बल्कि समूचे विश्व में खेल अत्यंत लोकप्रिय एवं रोमांचक है। इस खेल में मुख्य रूप से रवि कुमार महतो, रूपा महतो, श्याम सुंदर महतो, रमेश कुमार महतो, सुरेंद्र महतो, सन्नी महतो, धनेश्व महतो, सोनी देवी, चिंता देवी, तेलियातू प्रीमियर लीग मैच का संरक्षक जतरु महतो, अध्यक्ष मिथुन महतो, उपाध्यक्ष मार्टिन राही, कार्यकारी अध्यक्ष सहदेव महतो, सचिव छोटेलाल महतो, उपसचिव संदीप महतो, महासचिव धर्मवीर महतो, कोषाध्यक्ष संजय करमाली,उप कोषाध्यक्ष तुलसी पटेल ,संचालक गौतम महतो,सन्नी महतो, रिंकू करमाली सदस्य मूरत महतो ,तुलसी महतो के अलावा ग्रामीण जनता व खेल प्रेमी उपस्थित थे।

## पासवान कल्याण समिति ने वनभोज हेतु मंत्री को दिया निमंत्रण पत्र



**पतरातू।** पासवान कल्याण समिति पतरातु का प्रतिनिधि मंडल राज कुमार पासवान के नेतृत्व में 10 जनवरी 25 को पतरातु डैम में वनभोज हेतु मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड सरकार के वित मंत्री को निमंत्रण देते हुए मंत्री राधा कृष्ण किशोर को निमंत्रण पत्र दिया जिसे इन्होंने स्वीकार करते हुए पतरातु पिकनिक में आने की अपनी सहमति दी।

## डुंडीगाछी में बिरसा बीज उत्पादन वितरण एवं फसल विस्तार कार्यक्रम का किया गया आयोजन



**रामगढ़/गोला।** गोला प्रखंड के चोकाद पंचायत के डुंडीगाछीं गाँव में राज्य योजना अंतर्गत बिरसा बीज उत्पादन वितरण एवं फसल विस्तार योजना के तहत शतप्रतिशत (100%) अनुदान पर गेहुं, मसूर,मक्का एवं सरसों वितरण कार्यक्रम आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में रामगढ़ विधानसभा के विधायक ममता देवी शामिल हुई। जिसमें विधायक ममता देवी के द्वारा दर्जनों किसानों के बीच में गेहूं, सरसों,मक्का एवं अन्य बीजों का वितरण किया गया। उपस्थित किसानों को संबोधित करते हुए विधायक ममता देवी ने कहा कि मौसम के आधार पर हर हाल में किसानों को बीज मुहैया करा दिया जाएगा। हमारी सरकार किसानों के प्रति कटिबद्ध है। किसानों के समस्याओं का समाधान करना ही सरकार की पहली प्राथमिकता रहेगी। मौके पर गोला प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ सुधा वर्मा, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष संतोष सोनी, वरिष्ठ नेता जाकिर अख्तर,अंदूराम महतो, बीस सूत्री सदस्य गौरी शंकर महतो, प्रखंड कृषि पदाधिकारी अनिल कुमार, BPRO महेश्वर महतो, मुखिया रूपा देवी,लखेश्वर महतो, सगीर अंसारी समेत सैकड़ों ग्रामीण शामिल थे।

## उपायुक्त ने जागरूकता रथ को किया रवाना

**लोहरदगा :** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2025 के तहत लोगों को यातायात के नियमों के जानकारी व पालन हेतु आज शनिवार को उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण द्वारा दो जागरूकता रथों को हरी झंडी दिखाकर समाहरणालय परिसर लोहरदगा से रवाना किया गया। इन जागरूकता रथों के जरिये लोगों को हेमलेट पहन कर दोपहिया वाहन चलाने, चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट बांधने, शराब पीकर वाहन नहीं चलाने, निर्धारित गति सीमा के अंदर ही वाहन का परिचालन करने समेत अन्य जानकारी दी जाएगी। उपायुक्त व अन्य पदाधिकारी जिला परिवहन कार्यालय की ओर से चलाए गए हस्ताक्षर अभियान में शामिल हुए और सेल्फी पॉइंट पर सेल्फी भी ली। आज इस मौके पर आइटीडीए परियोजना निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग, अनुमण्डल पदाधिकारी अमित कुमार, एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा, जिला परिवहन पदाधिकारी सौरभ प्रकाश, समाजसेवी संजय बर्म्मन, रोड सेफ्टी मैनेजर समेत अन्य उपस्थित थे।

## उच्च वर्गीय लिपिक के निधन पर शोक, रखा गया दो मिनट का मौन

**लोहरदगा :** जिला आपूर्ति कार्यालय में पदस्थापित उच्च वर्गीय लिपिक तारामनी कुमारी का आकस्मिक निधन हो गया जिसे लेकर आज उपायुक्त कार्यालय, लोहरदगा प्रांगण शोक स्वरूप 2 मिनट का मौन उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण के नेतृत्व में रखा गया। इस मौके पर उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत समेत जिला के अन्य वरीय पदाधिकारी मौजूद थे। स्वर्गीय तारामनी अपनी सेवा के दौरान कर्त्तव्यनिष्ठ, अनुशासित, मृदुभाषी एवं व्यवहारकुशल कर्मी रहीं।

## भंडरा मसमानो पंचायत के जरूरतमंदों के बीच भंडरा बीडीओ प्रतिमा कुमारी ने किया कंबल वितरण



**भंडरा ।** भंडरा प्रखंड अंतर्गत मसमानो पंचायत में पंचायत भवन में शनिवार को भंडरा प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रतिमा कुमारी, मुखिया ममता कुमारी, पंचायत सचिव अजय उरांव, रोजगार सेवक हेमंत कुमार गुप्ता, वार्ड सदस्य सुकरमुनी उरांव, वार्ड सदस्य बंधका उरांव, वार्ड सदस्य दशमी देवी, समाजसेवी सरोज राम, हबीब अंसारी, लाल देवव्रत नाथ शाहदेव, पंची उरांव, केश्वर उरांव सहित अन्य लोगों के द्वारा जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण किया गया। इस मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रतिमा कुमारी ने कहा कि वृद्ध जनों को ठंड में कंबल काफी राहत देगी। उन्होंने कहा कि प्रशासन असहायों के सहयोग के लिए हमेशा तत्पर रहती है। उन्होंने कहा कि जरूरतमंदों को कंबल, धोती, साड़ी सहित अन्य वस्तुएं मिलने के उन्हें काफी सहयोग होती है। उन्होंने वृद्ध जनों से कहा कि किसी भी मामले पर आप सभी पंचायत प्रतिनिधि के अलावे प्रखंड प्रशासन से मुलाकात कर सकते हैं। इस दौरान मसमानो पंचायत के मसमानो गांव, टोटो, बेदाल व बुड़का के वृद्धजन एवं अन्य लोग मौजूद थे।*

## लोहरदगा सदर अस्पताल में शिशु ओपीडी की कमी से परिजनों का हाल बेहाल

**लोहरदगा ।** लोहरदगा सदर अस्पताल में शिशु ओपीडी समय पर नहीं होने से परिजनों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। परिजनों का कहना है कि इस ठंड में छोटे बच्चे ज्यादा बीमार पड़ रहे हैं। लोहरदगा सदर अस्पताल में शिशु चिकित्सक की कमी का खामियाजा लोगों को भुगतना पड़ रहा है। कांग्रेस के सांसद सुखदेव भगत और कांग्रेस विधायक सह पूर्व मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव के जिला का यह हाल है कि बच्चों के इलाज के लिए लोगों को निजी अस्पताल या फिर रांची पर निर्भर होना पड़ रहा है। शिशु ओपीडी एक चिकित्सक के भरोसे रहने पर लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कई दिनों से लगातार सदर अस्पताल का चक्कर इलाज कराने के लिए बच्चों के साथ लगाना पड़ रहा है। परिजनों में काफी आक्रोश देखने को मिल रहा है।

## घर में फांसी लगाकर युवक ने दी जान



**कुडू -** लोहरदगा : कुडू थाना क्षेत्र के बटम मुहल्ला में एक युवक ने अपने कमरे में फांसी लगाकर जान दे दी। शनिवार की सुबह उसका शव फंदे से लटकता देख परिजन आनन फानन में उसे लेकर सामुदायिक स्वास्थ केंद्र कुडू पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान कुडू बटम मुहल्ला निवासी स्व. बिनु उरांव के पुत्र रौशन उरांव 45 के रूप मे हुई है। मृतक अपने पीछे पत्नी दो बेटे और दो बेटी को छोड़ गया है। मिली जानकारी के अनुसार वह मजदुरी का काम कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। और परिवारिक विवाद में उसने यह कदम उठाया है। फिलहाल फांसी लगाने का कारण का खुलासा नही हुआ है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए लोहरदगा भेज दिया है।

# एनएसयूआई का प्रतिनिधिमंडल रांची विवि के कुलपति से मिला, डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन-साक्षात्कार को लेकर रखी मांग

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रांची।** एनएसयूआई का प्रतिनिधिमंडल आज रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा से मिला और नववर्ष की बधाई दी. प्रतिनिधिमंडल ने एक ज्ञापन भी सौंपा. प्रदेश उपाध्यक्ष अमन अहमद ने कहा कि रांची विश्वविद्यालय के सहायक प्राध्यापक आवश्यकता आधारित पद पर आवेदित एक पद के लिए सिर्फ 5 अभ्यर्थियों को डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के लिए बुलाया गया. कहा कि इनमें से सिर्फ तीन अभ्यर्थियों को साक्षात्कार में बुलाया जायेगा. उन्होंने कहा कि हमेशा से यह प्रचलन रहा है कि सभी अभ्यर्थियों को डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन एवं साक्षात्कार में बुलाया जाता है. कहा कि 25 विषयों में 299 नीड बेस्ट सीट है. कुल सीटों पर 1000 से अधिक अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है.

**सभी अभ्यर्थियों को डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन एवं साक्षात्कार के लिए बुलाया जाये**

उपाध्यक्ष ने कहा कि हाल ही में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची में संपन्न हुए डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन एवं साक्षात्कार में आवेदित सभी अभ्यर्थियों को बुलाया गया था. भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन ने मांग की कि नया मोनोपॉली का प्रयोग नहीं किया जाये. आवेदन करने वाले सभी अभ्यर्थियों को डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन एवं साक्षात्कार के लिए बुलाया जाये., ताकि सभी अभ्यर्थियों को मौका मिल सके और उचित व्यक्ति का चयन हो सके. मौके पर प्रदेश सचिव हुसैन अंसारी, डीएसपीएमयू अध्यक्ष आर्यन कुमार, आर्यन सिंह समेत अन्य उपस्थित थे

# कार्य संस्कृति में बदलाव लायें अधिकारी : कृषि मंत्री

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रांची.** कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने भूमि संरक्षण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं में सुस्ती पर नाराजगी जतायी है. मंत्री ने शनिवार को नेपाल हाउस के एनआइसी सभागार में भूमि संरक्षण के कार्यों की ऑनलाइन समीक्षा की. समीक्षा के दौरान मंत्री ने रांची, खूंटी, धनबाद, गुमला और देवघर में योजनाओं की प्रगति पर नाराजगी जाहिर की. इन जिलों के पदाधिकारियों को दो दिनों में क्षेत्र के विधायकों से मिलकर योजना की अनुशंसा लेने को कहा. उन्होंने कहा कि विभागीय अधिकारी कार्य संस्कृति में बदलाव लायें और काम को गति देने का काम करें.

**लक्ष्य हासिल नहीं कर पा रहा विभाग**

मंत्री ने कहा कि विभागीय अधिकारियों की सुस्ती की वजह से विभाग अपना लक्ष्य हासिल नहीं कर पा रहा है. लाभुकों के लिए संचालित तालाब निर्माण, डीप बोरिंग योजना, ट्रैक्टर खरीद व कृषि संयंत्र का अपेक्षित लाभ नहीं मिल रहा है. जितनी संख्या में आवेदन का अनुमोदन होना चाहिए, उस लक्ष्य में यह जिले पीछे हैं. मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि विभाग को ब्रिज की भूमिका अदा करने की जरूरत है, ताकि लाभुकों तक सही जानकारी और समय के साथ योजना पहुंच सके. बैठक में सचिव अबु बक्कर सिद्दीख, निदेशक अशोक सम्राठ, जेएमटीटीसी इडी आरपी सिंह व अन्य अधिकारी भी थे.

**योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा करें**

मंत्री ने कहा कि योजना का लाभ लेने से संबंधित फॉर्म जिला मुख्यालय के साथ-साथ प्रखंड कार्यालय में भी उपलब्ध रहना चाहिए. राज्य के विधायकों को भी योजना से संबंधित फॉर्म उपलब्ध कराया जाये. किसानों के साथ बेहतर सामंजस्य बना कर ही विभाग की योजना को धरातल पर उतारा जा सकता है. हर महीने निदेशालय स्तर पर योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट पर समीक्षा करने का निर्देश दिया. भूमि संरक्षण विभाग के निदेशक को तीन से चार दिनों में जिला स्तर पर रिपोर्ट लेने का निर्देश दिया गया है. मंत्री ने कहा कि भूमि संरक्षण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का आवेदन और अनुमोदन करते हुए 31 जनवरी तक योजना की कार्य प्रगति की रिपोर्ट दें.

# रांची के सभी सरकारी और प्राइवेट स्कूलों में दो दिनों की छुट्टी, आदेश जारी

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रांची**–रांची जिले के सभी कोटि के सरकारी और प्राइवेट स्कूल छह और सात जनवरी को बंद रहेंगे. कड़ाके की ठंड को देखते हुए ये निर्णय लिया गया है. रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने ये आदेश शनिवार को जारी किया है.

**शीतलहर के प्रकोप के कारण स्कूल रहेंगे बंद**

रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री द्वारा शनिवार को जारी आदेश में कहा गया है कि कड़ाके की सर्दी की वजह से विद्यार्थी परेशान हैं. रांची जिले में शीत लहर को देखते हुए अत्याधिक ठंड पड़ने से विद्यालय में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है. वैसी स्थिति में शीत लहर के प्रकोप के कारण छह जनवरी एवं सात जनवरी को रांची जिले के सभी कोटि के सरकारी उच्च/मध्य/प्राथमिक विद्यालय एवं सभी प्राइवेट स्कूल पूरी तरह बंद रहेंगे.

**सरकारी स्कूलों के शिक्षक और शिक्षकेत्तर कर्मचारी जाएंगे स्कूल**

कड़ाके की ठंड की वजह से दो दिनों की छुट्टी को लेकर जारी आदेश में कहा गया है कि रांची के सभी कोटि के सरकारी उच्च/मध्य/ प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं कार्यरत शिक्षक/शिक्षकेत्तर कर्मी स्कूल अवधि में नियत समय पर विद्यालय में उपस्थित रहेंगे और स्कूल के कार्य संपन्न करेंगे.

**रांची में रूह कंपा रही ठंड**

झारखंड की राजधानी रांची ठंड से कांप रही है. सुबह और शाम में काफी ठंड लग रही है. सुबह 10 बजे के बाद थोड़ी राहत मिलती है, लेकिन ठंड का अहसास होता ही रहता है. शनिवार को रांची का न्यूनतम तापमान 3 डिग्री सेंटीग्रेड हो गया. रांची स्थित मौसम केंद्र ने बताया है कि रांची के नामकुम का न्यूनतम तापमान 5 डिग्री सेंटीग्रेड झारखंड में सबसे कम है. इस कड़ाके की ठंड में सुबह सवेरे बच्चों को स्कूल जाना पड़ता है. इसलिए रांची जिला प्रशासन द्वारा दो दिनों के लिए सरकारी और प्राइवेट स्कूलों को बंद रखने का निर्देश दिया गया है.

## घना कोहरा ने मैक्लुस्कीगंज में बढ़ायी कनकनी



**रांची।** मैक्लुस्कीगंज में कोहरा और कनकनी बढ़ गयी है. शनिवार की सुबह 7:30 बजे से मैक्लुस्कीगंज और आसपास के नावडीह, हेसालौंग, लपरा, मायापुर, चीनाटांड़, जोभिया, दुल्ली सहित अन्य जगहों पर घना कोहरा छाया रहा. दिन के लगभग नौ बजे तक कोहरा का प्रभाव रहा. कोहरे के कारण रेल व हाइवे पर गुजरने वाले वाहनों व राहगीरों को लाइट जलाकर चलना पड़ा. घने कोहरे के कारण ट्रेनों और सड़क मार्ग से गुजरने वाले छोटे-बड़े सभी वाहनों की रफ्तार धीमी रही. शनिवार को कोहरा छटने के बाद हवा चलने से ठिठुरन बढ़ी हुई है. एंग्लो इंडियन समुदाय के नेलसन पॉल बॉबी गॉर्डन ने शनिवार की सुबह 6:55 में तापमान मापक यंत्र से न्यूनतम तापमान पांच डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया. वातावरण ठंडा व हवा चलने से कनकनी बढ़ी हुई है. आमजन जल्दी ही अपने कार्यों को निपटाकर घरों का रुख कर रहे हैं. शाम होते ही खड़े वाहनों पर शीत साफ-साफ देखा जा सकता है. कई जगहों पर लोग अलाव का सहारा ले रहे हैं. पूरी तरह से कोहरा हटने के बाद ठंड का व्यापक असर देखने को मिल सकता है. लगभग नौ बजे खिली धूप से लोगों ने राहत की सांस ली.

# निमार्णाधीन सड़क पर जल छिड़काव नहीं होने से उड़ रही धूल



**खलारी।** निमार्णाधीन सड़क पर नियमित जल छिड़काव नहीं होने से लोगों को परेशानी हो रही है. करकट्टा खिलानधौड़ा से खलारी बैंक चौक तक और खलारी-मैक्लुस्कीगंज पथ तक सड़क बन रही है. निर्माण एजेंसी ने कालीकरण वाली सड़कों को खोद दिया है. इस पर जीएसबी बिछाया गया है. जीएसबी के कारण जहां इस सड़क पर चलने में परेशानी हो रही है वहीं धूल भी उड़ रही है. सड़क के आसपास की आबादी इससे प्रभावित हो रही है. एजेंसी पहले कंक्रीट सड़क का निर्माण कर रही है. जीएसबी बिछी सड़क की कालीकरण नहीं होने से ग्रामीण परेशान हैं. खिलानधौड़ा में कंक्रीट सड़क का निर्माण जारी है. डायवर्सन के लिए जगह नहीं है. इसके कारण धमधमिया से विभिन्न स्कूलों के लिए जाने वाले स्कूल बस नावाडीह होकर चले जा रहे हैं. इससे करकट्टा क्षेत्र के बच्चों को अपनी व्यवस्था से स्कूल आना-जाना पड़ रहा है. तुमांग पंचायत के मुखिया संतोष कुमार महली और झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अनिल कुमार पासवान ने कहा कि निर्माण एजेंसी मनमाने तरीके से काम कर रही है. लोगों को आवागमन में परेशानी हो रही है. कहा कि यही रवैया रहा तो जनता काम बंद करने पर मजबूर हो जायेगी. एजेंसी के रवैए का विरोध करने वालों में अनिल कुमार लोहरा, शिव शंकर गंझू, बासु मुंडा, विनय खलखो, अजय सिंह, अब्दुल जलील अंसारी, भुनेश्वर मिस्त्री, दीपक शर्मा, लड्डू सिंह आदि सहित ग्रामीण भी शामिल हैं.

# शीतलहर को देखते हुए रांची डीसी का अधिकारियों को निर्देश, चौक चौराहों पर करें अलाव की व्यवस्था



**रांची:** रांची डीसी मंजूनाथ भजंत्री ने शीतलहर को देखते हुए सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों (बीडीओ) और अंचल अधिकारियों (सीओ) को विशेष निर्देश दिये हैं. उन्होंने अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र में जरूरतमंदों के बीच कंबल बांटने का निर्देश दिया है. साथ ही प्रमुख चौक-चौराहों पर अलाव की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा है. डीसी ने बेघर लोगों को ठंड से बचाने के लिए उन्हें आश्रय गृहों में स्थानांतरित करने का आदेश दिया है. बता दें कि उपायुक्त खुद रात्रि भ्रमण कर व्यवस्था की निगरानी कर रहे हैं. साथ ही जरूरतमंदों के बीच कंबल भी बंटवा रहे हैं.

**6 और 7 जनवरी को स्कूलों को बंद करने का आदेश**

इससे पहले डीसी ने जिले के सभी सरकारी और निजी स्कूलों को 6 और 7 जनवरी को बंद करने का आदेश दिया है.

# बिहार और हैदराबाद जाने वाले झारखंड के रेल यात्रियों के लिए खुशखबरी, 1 अप्रैल तक चलेगी ये ट्रेन

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।




**रांची।** झारखंड से बिहार और दक्षिण भारत के हैदराबाद और सिकंदराबाद जाने वाले रेल यात्रियों के लिए खुशखबरी है. भारतीय रेलवे ने बिहार के रक्सौली से रांची के रास्ते हैदराबाद जाने वाली ट्रेन को अवधि विस्तार दे दिया है. यानी यह स्पेशल ट्रेन अभी बंद नहीं होगी. दक्षिण पूर्व रेलवे रांची मंडल की ओर से यह जानकारी दी गई है. मुख्य जनसंपर्क पदाधिकारी ने बताया है कि हैदराबाद-रक्सौल-सिकंदराबाद स्पेशल (वाया रांची) ट्रेन आगे भी चलती रहेगी.

**हैदराबाद-रक्सौल-सिकंदराबाद स्पेशल ट्रेन अप्रैल तक चलेगी**

उन्होंने बताया कि बिहार और हैदराबाद जाने वाली ट्रेनों में भीड़ को देखते हुए यात्रियों की सुविधा के लिए रांची रेल मंडल से होकर चलने वाली ट्रेन 07051/07052 हैदराबाद-रक्सौल-सिकंदराबाद स्पेशल के परिचालन अवधि में विस्तार किया गया है.

**हैदराबाद से आज और रक्सौल से 7 को खुलेगी स्पेशल ट्रेन**

07051 हैदराबाद-रक्सौल स्पेशल ट्रेन (वाया रांची) 4 जनवरी 2025 से 29 मार्च 2025 तक प्रत्येक शनिवार को हैदराबाद से प्रस्थान करेगी.

07052 रक्सौल-सिकंदराबाद स्पेशल ट्रेन (वाया रांची) 7 जनवरी 2025 से 1 अप्रैल 2025 तक प्रत्येक मंगलवार को रक्सौल से प्रस्थान करेगी.

झारखंड की ताजा खबरें पढ़ने के लिए यहां क्लिक करें

**23 कोच के साथ चलेगी हैदराबाद-रक्सौल-सिकंदराबाद स्पेशल ट्रेन**

इन ट्रेनों की समय सारणी एवं ठहराव पहले की तरह रहेगी. इन ट्रेनों में एसएलआर के 2 कोच, सामान्य श्रेणी के 4 कोच, द्वितीय श्रेणी स्लीपर के 8 कोच, वातानुकूलित 3-टियर के 6 कोच, वातानुकूलित 2-टियर के 2 कोच एवं वातानुकूलित प्रथम श्रेणी सह वातानुकूलित 2-टियर संयुक्त कोच का 1 कोच होगा. इस तरह ट्रेन में कुल 23 कोच होंगे.

## भतीजी के साथ दुष्कर्म मामले में चाचा दोषी करार



**रांची:** रांची सिविल कोर्ट ने नाबालिग भतीजी के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी मांडर निवासी होसने उरांव को दोषी करार दिया है. पोक्सो मामले के विशेष न्यायाधीश की कोर्ट होसेन को 10 जनवरी को सजा सुनाएगी. घटना को लेकर पीड़िता ने मांडर थाना में अप्रैल 2019 में होसेन के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई थी. प्राथमिकी के मुताबिक दोषी अपनी भतीजी के साथ किसी रिश्तेदार के यहां गया था. वहां से लौटते समय उसने भतीजी के साथ नदी किनारे ले जाकर जबरदस्ती की थी. घटना के दो दिनों बाद पीडीता ने प्राथमिकी दर्ज कराई थी. प्राथमिकी के बाद अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था. ट्रायल के दौरान अभियोजन की ओर से 6 गवाहों को प्रस्तुत किया गया और कई साक्ष्य भी प्रस्तुत किया था.जिसके आधार पर कोर्ट ने अपना फैसला सुनाया है.

# एनआईए ने मजदूर संगठन समिति के सचिव बच्चा सिंह को बोकारो से किया गिरफ्तार



**रांची :** एनआईए ने झारखंड में माओवादी गतिविधियों को मजबूत करने में शामिल मजदूर संगठन समिति के सचिव बच्चा बाबू को गिरफ्तार किया है. एनआईए ने शनिवार को इसकी जानकारी देते हुए बताया कि झारखंड के बोकारो जिले के गोविंदपुर (बी) निवासी और आरसी-03/2023/एनआईए/आरएनसी मामले में आरोपी बच्चा सिंह उर्फ बच्चा बाबू सिंह को गिरफ्तार किया गया है. एनआईए ने अगस्त 2023 में यूए(पी) एक्ट और सीएलए एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत चाईबासा के आनंदपुर पुलिस से मामला अपने हाथ में लिया था. जांच के दौरान पाया गया कि बच्चा सिंह मजदूर संगठन समिति (एमएसएस) का सचिव था, जिसे वर्तमान में झारखंड राज्य सरकार ने सीएलए एक्ट के तहत प्रतिबंधित कर दिया है. आरोपी प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन सीपीआई (माओवादी) और उसके शीर्ष नेताओं के साथ सक्रिय रूप से जुड़ा हुआ था. वह संगठन की विचारधारा को बढ़ावा देने और झारखंड सहित अन्य राजयों में इसकी गतिविधियों को मजबूत करने के लिए धन एकत्र करने में शामिल था.

**तीन माओवादी कैडरों की गिरफ्तारी से जुड़ा है मामला**

यह मामला जुलाई 2022 में झारखंड के चाईबासा जिले में तीन सीपीआई (माओवादी) कैडरों की गिरफ्तारी के बाद दर्ज किया गया था, उस समय तीनों माओवादी लाजिम अंसारी और सौरभ द्वारा लिखा गया पत्र देने के लिए सीपीआई (माओवादी) के पोलित ब्यूरो सदस्य मिसिर बेसरा से मिलने जा रहे थे.

# ऑनलाइन एस्कॉर्ट सर्विस से युवक ने होटल के कमरे में बुलायी लड़की, पुलिस ने किया गिरफ्तार

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रांची:** ऑनलाइन एस्कॉर्ट सर्विस से एक युवक ने होटल के कमरे में लड़की को बुलाया. इसके बाद पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया. यह घटना चुटिया थाना क्षेत्र के स्टेशन रोड स्थित एक होटल की है. शराब पीने के बाद होटल में आयी उस युवती ने इतना हंगामा किया कि जानकारी पुलिस तक पहुंच गयी. इसके बाद ग्राहक और युवती दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया. बता दें कि कोडरमा जिले के रहने वाले एक युवक ने रांची के स्टेशन रोड स्थित एक होटल में कमरा लिया था. कमरा लेने के बाद युवक ने ऑनलाइन एस्कॉर्ट सर्विस के लिए अप्रोच किया. जिसके बाद पैसे का भुगतान हुआ और एक लड़की युवक के कमरे तक पहुंचा दी गयी.

**शराब पीने के बाद लड़की को नशा चढ़ा, वह होटल में हंगामा करने लगी**

शुक्रवार देर रात तक मामला बिल्कुल ठीक चला. लड़की युवक के कमरे में ही रही. लेकिन मामला तब बिगड़ गया, जब लड़की ने अत्यधिक शराब पी ली. शराब पीने के बाद लड़की को जब नशा चढ़ा, तब वह होटल में हंगामा करने लगी. लड़की के हंगामा करने पर होटल वालों को यह पता चला कि कमरे में ऑनलाइन भुगतान कर एक युवती को बुलाया गया है. लड़की को हंगामा करते देख होटल के कर्मचारियों ने चुटिया पुलिस को मामले की जानकारी दी. चुटिया पुलिस होटल पहुंची, युवक और युवती दोनों को हिरासत में लिया. शुक्रवार की रात लड़की को महिला थाना में जबकि लड़के को चुटिया थाने में रखा गया. शनिवार को दोनों को जेल भेज दिया गया.

## फुटपाथ दुकानदारों को हटाने से पहले पुनर्वास की व्यवस्था करे प्रशासन : संजय सेठ



**रांची:** रक्षा राज्य मंत्री सह सांसद संजय सेठ ने फुटपाथ दुकानों को हटाने के पूर्व दुकानदारों का पुनर्वास करने की मांग प्रशासन से की है. उन्होंने कहा कि 2016 में नगर निगम द्वारा सर्वे कराया गया था, जिसमें रांची की विभिन्न जगहों पर 5901 वेंडर लाइसेंस निर्गत किये गये थे. कहा गया था कि जहां पर वेंडर अपनी दुकान लगाकर व्यापार कर रहे हैं, वहां से हटाने पर उन्हें दूसरी जगह स्थान मुहैया कराया जायेगा. लेकिन प्रशासन द्वारा अतिक्रमण के नाम पर बिना नोटिस दिये, बिना समय दिये दुकानों को उजाड़ा जा रहा है

**निगम से निबंधित 5901 वेंडरों के पुनर्वास की मांग**

संजय सेठ ने कहा, छोटे-छोटे वेंडरो को प्रधानमंत्री स्वरोजगार योजना के तहत लोन मुहैया कराया गया है. हजारों वेंडर लोन लेकर व्यापार कर अपना जीवन यापन कर रहे हैं. दुकान हटाये जाने के बाद कहां से वह लोन चुका पायेंगे. कहा कि प्रशासन व नगर निगम ऐसे 5901 वेंडरो जो नगर निगम से निबधित हैं, उसके पुनर्वास की व्यवस्था सुनिश्चित करे

# विश्व ब्रेल दिवस के अवसर पर नेत्रहीन आवासीय विद्यालय, साहेबगंज में जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।




**साहिबगंज(उजाला)।** माननीय झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के निदेर्शानुसार तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश- सह- अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार, साहेबगंज, अखिल कुमार के आदेशानुसार ₹विश्व ब्रेल दिवस₹ के अवसर पर प्राधिकार के सचिव विश्वनाथ भगत ने साहेबगंज जिला के नेत्रहीन आवासीय वि?द्यालय में जागरूकता कार्यक्रम चला कर वहां के नेत्रहीन और दृष्टि बाधित छात्रों के लिए मानवाधिकारों की पूर्ण प्राप्ति में संचार के साधन के रूप में ब्रेल लिपि के महत्व के बारे में समझाया।उन्होंने कहा कि पूरे विश्व में करीब एक अरब विकलांग व्यक्तियों की सामान्य परिस्थितियों में भी स्वास्थ्य देखभाल, शिक्षा तथा रोजगार नहीं हो पाती है नेत्रहीनता की स्थिति में इन लोगों के अधिकार और मूलभूत जरूरतें पूरी नहीं हो पाती है जिसके कारण इन लोगों को आजीवन समानता, खराब स्वास्थ्य आदि का सामना करना पड़ता है।उन्होंने आगे बताते हुए कहा कि भारत सरकार ने सभी विकलांग व्यक्तियों के लिए नौकरियों के लिए एक कोटा आरक्षित किया है। उम्मीदवारों को उनकी विकलांगता और शिक्षा के आधार पर पद के लिए चुना जाता है।दृष्टिहीनता या किसी अन्य शारीरिक अक्षमता का मतलब प्रतिभा या कौशल की कमी नहीं है, हालांकि रास्ते में आने वाले सभी कठिनाईयो के बावजूद जीवन को नेविगेट करने की क्षमता, साहस और दृढ़ संकल्प दशार्ती है कि आपको जीवन बनाने और जीवन में आगे बढ़ने से कोई नहीं रोक सकता है।कार्यक्रम के दौरान उन्होंने नालसा के 10 योजनाओं के अंतर्गत बच्चों को मैत्रीपूर्ण विधिक सेवाएं और उनके संरक्षण के लिए विधिक सेवाएं तथा मानसिक रूप से बीमार और मानसिक रूप से विकलांग व्यक्तियों के लिए विधिक सेवाओं के बारे में विस्तार पूर्वक समझाया।आगे बताते चलें कि जिले के विभिन्न प्रखंडों में पैरा लीगल वालंटियर द्वारा भी ब्रेल दिवस के अवसर पर अपने अपने क्षेत्रों में कार्यक्रम करवा कर दिव्यांगजन एवं दृष्टि बाधित लोगों को जागरूक किया।

## हाजीपुर भीठा के भाजपा सक्रिय कार्यकर्ता गनौरी पासवान का निधन



**मंडरो/साहिबगंज(उजाला)**।सदर प्रखंड के हाजीपुर पश्चिमी पंचायत के हाजीपुर भीठा निवासी 55 वर्षीय भाजपा के सक्रिय कार्यकर्ता गनौरी पासवान का शनिवार को आकस्मिक निधन से हाजीपुर राजगांव सहित क्षेत्र के भाजपा व कांग्रेस के कार्यकताओं में शोक व्याप्त है,गनौरी पासवान जब से वोटर बने थे तब से कांग्रेस का साथ दिया और कुछ वर्ष पूर्व उन्होंने भाजपा को सपोर्ट करना चालू कर दिया था। जानकारी के अनुसार बता दूं कि गनौरी पासवान कुछ साल से बीमार चल रहे थे। वही इस संबंध में प्रदीप यादव, मनोज ओझा ने बताया कि गनौरी पासवान कर्मठ जुझारु एवं ईमानदार कार्यकर्ता थे, उनके निधन से एक लगनशील विनियमित पार्टी के अच्छे सिपाही खोया है,इसकी भरपाई प्रखंड में नहीं किया जा सकता, इनके आत्मा को भगवान शांति दे,मोके पर उनके परिजनों के साथ, धर्मेन्द्र यादव, जगदीश पासवान,भीम पासवान, संजय मंडल, मनोज पासवान, धीरू रजक,दिनेश मंडल सहित अन्य लोगों ने शोक व्यक्त किया।

## एडीसी क्लब के द्वारा तीन दिवसीय फुटबॉल टूनामेंट हुआ शुरू

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**बरहेट/साहिबगंज(उजाला)।** प्रखंड क्षेत्र के थाना समीप एडीसी क्लब द्वारा शनिवार को तीन दिवसीय फुटबाल टूनामेंट का शुभारंभ किया गया।शुभारंभ के मुख्य अतिथि बीडीओ अंशु कुमार पांडे, थाना प्रभारी पवन कुमार,प्रमुख बर्नार्ड मरांडी, एडीसी अध्यक्ष सह संचालक राजा राम मरांडी,मुजिबुल रहमान फीता काटकर खेल का शुभारंभ किया।तत्पश्चात खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर फुटबॉल को बारी बारी से किक मारकर खेल का शुभारंभ किया। तीन दिवसीय फुटबाल टूनामेंट में कुल 16 टीम शामिल हुए हैं।इस दौरान थाना प्रभारी पवन कुमार ने कहा कि यह झारखंड की एक पहचान के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय खेल भी है।आज ग्रामीण क्षेत्रों में भी छोटे-छोटे टूनामेंट आकर्षक ढंग से फुटबॉल टूनामेंट होता दिख रहा है खिलाड़ी गांव से बेहतरीन प्रदर्शन कर अच्छे-अच्छे टूनामेंट में शामिल होते हैं अपनी प्रतिभा को उभरते हैं।एडीसी क्लब अध्यक्ष राजाराम मरांडी ने कहा कि प्रत्येक वर्ष एडीसी क्लब की ओर से भव्य टूनामेंट का आयोजन होता है इस टूनामेंट में बड़े-बड़े फुटबॉल टीम के खिलाड़ी एवं विदेशी खिलाड़ी भी भाग लेते हैं।वही पहले फुटबॉल टूनामेंट बहादुरगढ़ फुटबॉल टीम एवं छोटा दुगार्पुर तीन पहाड़ फुटबॉल टीम के बीच खेला गया. दोनों टीमों के बीच खेल का मुकाबला जबरदस्त रहा।खेल में बहादुरगढ़ टीम लगातार दो गोल देकर टूनामेंट में अपनी जगह बना ली।मौके पर उप प्रमुख रूपक साह,पूसाटुडू, सुनील सोरेन ,समदा सोरेन, देवीलाल तुरी , शामु हेमराम, भोला हंसदा, के अलावा अन्य खेल प्रेमी मौजूद थे।

## साहिबगंज में दिनदहाड़े बेखौफ अपराधियों ने एक युवक को गोली मारकर की हत्या

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**साहिबगंज(उजाला)**।जिले में अपराधियों के हौसले बुलंद हैं दिनदहाड़े फूल डेकोरेशन करने वाले युवक को मारी गोली। जिला में वारदात की घटना में लगातार वृद्धि हो रही है और शहर में भय का माहौल पसरा हुआ, कब किसके साथ क्या हो जाए कुछ कहा नहीं जा सकता या कह ता शहर में कुछ भी अच्छा नहीं चल रहा है। भव के माहौल में ऐसा ही मामला शनिवार को देखने को मिला है जहां दिनदहाड़े बेखौफ अपराधियों ने एक युवक को गोली मारकर हत्या कर दी। पता हो कि शनिवार को नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत रहने वाले गुल्लीभट्ठा निवासी दिलीप तांती के पुत्र नवल कुमार तांती उम्र करीब 27 वर्ष जा कार्यक्रमों में फूल सजावट का कार्य किया करता था को अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी। बताया जा रहा है कि मृतक नवल कुमार सुवह करीव 10 बजे मोवाइल पर काम को लेकर फोन आने की बात कह घर से निकला था और जीरवावाड़ी थाना अंतर्गत पशुपालन कार्यालय के नजदीक सप्ताहकि हाटवाजार जाने वाले रास्ते पर बेखौफ अपराधियों ने दिन दहाड़े युवक नवल कुमार तांती को गोली मार दी। पुलिस की मौजूदगी में आनन फानन में नाजुक स्थिति में गोली लगे युवक को सदर अस्पताल में लाया गया, जहां डॉक्टरों द्वारा मृत घोषित कर दिया गया। अपराधियों द्वारा गोली जो मारी गयी मृतक को गोली सीने में लगी, जिससे से युवक की मौत हो गयी। इस वारदात की घटना की जानकारी मिलने पर जीरवावाड़ी थाना प्रभारी पंकज कुमार दुबे और नगर थाना प्रभारी अमित गुप्ता दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और अपने जांच में जुट गये। पुलिस द्वारा बताया गया कि जल्द ही अपराधियों को पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर लिया जायेगा। वहीं मृतक के परिजनों द्वारा बताया गया कि सुबह काम करने की वात कर घर से बाहर निकला था किसी से कोई दुश्मनी से भी परिजनों ने इनकार किया है। वहीं इस घटना से परिवार के लोगों का रो रो कर बुरा हाल है।तो मुहल्ले में मातम पसरा हुआ है। खबर लिखे जाने तक पुलिस द्वारा मृतक युवक के शव का पोस्टमार्टम डाक्टरों द्वारा कराने की प्रक्रिया में जुटे थे।

## चोरी मामले में एक और संलिप्त व्यक्ति को किया गया गिरफ्तार




**मंडरो/साहिबगंज(उजाला)**।बीते 21 दिसंबर 2024 को शटर कटवा गिरोह के द्वारा शटर काट कर मिजाचौकी बाजार स्थित शांति ज्वैलर्स के दुकान में हुई हजारों रुपए की जेवरात व हजारों रुपए की चोरी को लेकर शनिवार को मिजाचौकी थाना प्रभारी रूपेश कुमार यादव के द्वारा कांड संख्या 95 / 2024 के एक और संलिप्त व्यक्ति मो कैफ साहिबगंज सक्रूगढ़ निवासी को पीरपैंती बाजार से गिरफ्तार किया गया। वही गिरफ्तार करने के बाद न्यायिक हिरासत में भेजा गया जेल। ज्ञात हो की पूर्व में तीन व्यक्ति को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। मिजाचौकी थाना प्रभारी रूपेश कुमार यादव के नेतृत्व में चोरी में संलिप्त एक और चोर को गिरफ्तार करने में सफलता मिली।

## प्रखंड सभागार में सबकी योजना सबका विकास अभियान के तहत कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**उधवा/साहिबगंज(उजाला)।** प्रखंड सभागार में शनिवार को सबकी योजना,सबका विकास अभियान को लेकर तीन दिवसीय सहज करता दल के सदस्यों का प्रखंड स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आरंभ हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ बीडीओ जयंत कुमार तिवारी, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी प्रियरंजन कुमार द्वारा संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उनका सही तरीके से कार्यान्वयन सुनिश्चित करना है। इस अवसर पर प्रशिक्षक के द्वारा प्रशिक्षण के महत्व पर जानकारी दी गई। प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी सह प्रशिक्षक प्रियरंजन कुमार, प्रखंड समन्वयक विनोद मरांडी ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए योजना तैयार करने हेतु 'सबकी योजना सबका विकास कार्यक्रम' का आयोजन किया जाना है। उन्होंने आगे बताया कि उक्त कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम सभा में सहयोग करने हेतु सहज कर्ता दल में सदस्य,सेविका, रोजगार सेवक, पंचायत सचिव, ग्राम समिति के सदस्य का गठन किया गया है। ग्राम सभा की संपूर्ण प्रक्रिया में सहयोग प्रदान करने के लिए उन्हें 3 दिवसीय प्रशिक्षण प्रखंड सभागार में दिया जा रहा है। वही प्रशिक्षकों के द्वारा सहजकर्ता दलों को वार्षिक कार्य योजना निर्माण करने आदि का गुर सिखाया गया। मौके पर पंचायती राज पदाधिकारी बलराम दास आदि उपस्थित थे।

## मॉडल कॉलेज में श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के द्वारा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।




**साहिबगंज(उजाला)।** राजमहल प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत मुरली स्थित मॉडल कॉलेज में शनिवार को प्रभारी प्राचार्य डॉक्टर रंजीत कुमार सिंह के नेतृत्व में श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के संयुक्त तत्वावधान में सेमिनार सह जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। साथ ही योजनाओं के दौरान प्राचार्य सिंह ने बेरोजगार युवाओं को किस प्रकार रोजगार से लाभान्वित किया जाएगा इसकी चर्चा विस्तार से की तथा ह्लखुशियों का कल ढूंढना होगा, बेरोजगारी का हल ढूंढना होगा।ह्व पंक्ति पर जोर देते हुए अपने वक्तव्य को विराम दी। उक्त संयुक्त सेमिनार के माध्यम से कॉलेज के सभी विद्यार्थियों को रोजगार की संभावनाओं पर विस्तार से बताया गया तथा जिला नियोजन विभाग के माध्यम से छात्र छात्राओं को किस प्रकार लाभान्वित होगे जैसे विषयों पर चर्चा की गई। इस कार्यक्रम में जिला नियोजन कार्यालय से आए हुए अधिकारियों ने जिला नियोजन कार्यालय के वेब पोर्टल के माध्यम से भी विद्यार्थियों को रोजगार ढूंढने तथा कैरियर काउंसलिंग रजिस्ट्रेशन करने आदि की चर्चा की। इस कार्यक्रम के अवसर पर महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ. रमजान अली, डॉ. अमित कुमार, डॉ. विवेक महतो, डॉ. अरविंद पांडेय, सभी कर्मचारीगण , पंकज कुमार झा जिला नियोजनालय पदा के निदेश पर कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें अमित कुमार गुप्ता (ऑफिस असिस्टेंट) राजीव रंजन कुमार (यंग प्रोफेशनलस), और दर्जनों छात्र व छात्राएं शामिल हुए। साथी छात्राओं प्राचार्य द्वारा कार्यक्रम के समापन नारियल का पेड़ लगाकर वृक्षारोपण कर प्रकृति पर्यावरण संरक्षण जलवायु परिवर्तन को लेकर छात्र छात्राओं को पेड़ पौधे लगाने का संदेश दिया।

## उपायुक्त ने किया तालझारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण



**साहिबगंज(उजाला)**।जिला दंडाधिकारी -सह- उपायुक्त हेमंत सती ने तालझारी प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया।सर्वप्रथम उपायुक्त के द्वारा पीएम जनमन मोबाइल मेडिकल यूनिट का निरीक्षण किया व आवश्यकता दिशा-निर्देश दिए।स्वास्थ्य केन्द्र के निरीक्षण के क्रम में स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर के उपस्थिति की रिपोर्ट एवं उपलब्ध दवाइयां की सूची का जायजा लिया । उन्होनें निर्देशित किया की उपलब्ध दवाइयों की सूची हिंदी एवं संथाली भाषाओं में डिस्प्ले के माध्यम से प्रदर्शित किया जाए।उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र के वार्ड, शौचालय, प्रसूति गृह, दवाइयों के काउंटर, ड्रेसिंग रूम का भी निरीक्षण किए। उपायुक्त ने निमार्णाधीन DPHU का जायजा किया। उपयुक्त ने निर्माण में उपयोग की जा रही सामग्री बालू, ईट, सीमेंट की गुणवत्ता को परखा एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए।वहीं तालझारी प्रखंड के प्रखंड कार्यालय में उपायुक्त ने प्रखंड विकास पदाधिकारी पदाधिकारी समेत प्रखंड के सभी कर्मियों के साथ बैठक की जिनमें विभिन्न योजनाओं द्वारा दिए गए लक्ष्य एवं प्रगति के विषय में जानकारी लिए एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए।मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी पवन कुमार उपस्थित थे।

## गली की सड़क पर गंदे पानी का जल जमाव होने से ग्रामीण परेशान

**मंडरो/साहिबगंज(उजाला)**।मंडरो प्रखंड अंतर्गत महादेववरण पंचायत रविदास टोला के गली की सड़क पर गंदे पानी का जल जमाव होने से स्कूली बच्चों एवं ग्रामीणों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है इस संबंध में राजकुमार शाह, नंदकिशोर, अतुल कुमार ने बताया कि यहां के घरों की गंदे पानी का जल जमाव सड़क पर होने से काफी लोगों को परेशानी हो रही है। और हम लोगों को बाजार आने जाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है साथ ही साथ गंदे नाली के पानी से बदबू सड़क पर ठहरा हुआ पानी से गंदी बदबू होती है जिसके कारण कई रोगों को आमंत्रण देने जैसा हाल बना हुआ है और स्कूली बच्चों एवं है बाजार करने वाले लोगों को परेशानी होती है। वही ग्रामीणों ने यह भी कहा कि तत्काल नाली का निर्माण कराया जाना चाहिए ताकि इस कठिनाइयों से हम ग्रामीणों को निजात मिल सके वहीं रुद्रेश्वर गुप्ता,जगनारायण साह ने कहा कि ठंडी एवं शर्दी में मुहल्ले वासी गंदे पानी में घुस कर सड़क पर चलते हैं।इस पर बीडीओ एवं मुखिया को ध्यान देने की बात कही गई।

### कंबाइंड इलेवन 2 ने 7 विकेट से दर्ज की जीत,सीनियर जिला क्रिकेट लीग कम नॉक आउट टूनार्मेंट

**साहिबगंज(उजाला)**।जिला क्रिकेट संघ के तत्वाधान में सिदो-कान्हू स्टेडियम में चल रहे सीनियर क्रिकेट लीग टूनार्मेंट में शनिवार को न्यूबीज बनाम कंबाइंड इलेवन टू के बीच मैच खेला गया।न्यूबीज ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए 22.1 ओवर में 123 रन बना कर ऑल आउट हो गई।रजनीश राज ने 38,अभिषेक पाठक ने 12 व सुमन कुमार ने 32 रन बनाए। कंबाइंड इलेवन 2 के गेंदबाज आदित्य यादव व मीर अबुल फजल ने 3-3,प्रतीक ने 2, केशव व आकाश ने 1-1 विकेट लिए।जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी कंबाइंड इलेवन 2 ने 16.4 ओवर में 3 विकेट पर 127 रन बना कर मैच जीत लिया। कंबाइंड इलेवन 2 ने 7 विकेट से जीत दर्ज की।कंबाइंड इलेवन 2 के खिलाड़ी आदित्य यादव को मैन ऑफ दी मैच घोषित किया गया।मुख्यातिथि प्रभाकर कुमार ने आदित्य को मैन ऑफ दी मैच की ट्रॉफी से पुरस्कृत किया।मैच में अंपायरिंग राकेश कुमार रोशन व प्रभाकर सिंह उर्फ गुड्डा एवं स्कोरिंग केएस सौरभ ने किया। मौके पर जिला क्रिकेट संघ सचिव अंकुर सिन्हा,टूनार्मेंट इंचार्ज मो अशफाक आलम,चंदन कुमार,आदित्य, सतीश सिन्हा,गोपाल सिंह, सागर सुमन,मो जुनैद व अन्य मौजूद थे।टूनार्मेंट इंचार्ज मो अशफाक आलम ने बताया कि रविवार को वल्चर्स क्रिकेट क्लब बनाम कंबाइंड इलेवन वन के बीच मैच खेला जाएगा।

## सड़क सुरक्षा जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**साहिबगंज(उजाला)**।उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा, अपर समाहर्ता गौतम कुमार भगत, मुख्यालय डीएसपी विजय कुमार कुशवाहा, जिला आपूर्ति पदाधिकारी झुनू कुमार मिश्रा, जिला परिवहन पदाधिकारी मिथिलेश कुमार चौधरी ने संयुक्त रूप से समाहरणालय परिसर में सड़क सुरक्षा जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।यह जागरूकता रथ जिले के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करेगा।उप विकास आयुक्त ने कहा कि रथ के जरिए सड़क सुरक्षा एवं मोटर वाहन अधिनियम के बारे में प्रचार-प्रसार किया जाएगा । लोगों को ट्रैफिक नियमों से अवगत कराने, हेलमेट पहनने के फायदे, कार चलाते समय सीट बेल्ट का उपयोग करने, वाहन चलाते समय नशा नहीं करने, मोबाइल फोन व दूसरे इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का उपयोग नहीं करने, वाहन निर्धारित गति सीमा में चलाने, वाहनों को ओवरटेक नहीं करने के अलावा अन्य कई जानकारी लोगों को दी जाएगी।

### साहिबगंज जिला के सात प्रखंडों में समेकित कृषि संकुल के संचालन को लेकर बनाई गई कार्य योजना

**साहिबगंज(उजाला)**।झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी पलाश के जिला कार्यक्रम प्रबंधक मतीन तारीक की अध्यक्षता में सभी प्रखंड कार्यक्रम प्रबंध, FTCs एवं सामुदायिक समन्वयक के उपस्थिति में प्रारंभ किया जा रहा हैं।13 समेकित कृषि संकुल की सफल संचालन हेतु दिशा निर्देश प्रदान किया गया।समेकित कृषि संकुल में किसानों के साथ कृषि, मछली पालन, मधुमक्खी पालन, एवं पशुपालन गतिविधि में उनकी क्षमता वर्धन, विस्तार सेवाएं, संसाधन तक पहुंच उनका विपणन एवं बाजार से जोड़ने का कार्य का संपादन किया जाएगा।मौके पर जिला कार्यक्रम प्रबंधक ने सभी उपस्थित प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधकों को समेकित कृषि कार्यक्रम प्रारंभ करने से पूर्व सामाजिक एवं संसाधन से संबंधित रोड मैप तैयार करने का निर्देश दिया । इसका मुख्य उद्देश्य किसानों को लखपति किसान की ओर अग्रेषित किया जाना है एवं उन्हें तकनिकी सहयोग प्रदान कर उत्पादन में बढ़ोतरी की जानी है और उत्पादित वस्तुओं को उचित मूल्य दिलवाना है।

### मॉडल कॉलेज में पहली बार सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय, दुमका के द्वारा परीक्षा केंद्र बनाया गया

**साहिबगंज(उजाला)**।मॉडल कॉलेज (मुरली) को पहली बार सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय, दुमका के द्वारा परीक्षा केंद्र बनाया गया है। सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय दुमका के परीक्षा नियंत्रक डॉ जय कुमार साह ने पत्र जारी कर मॉडल कॉलेज को बीसीए बीबीए सेमेस्टर टू (सत्र 2023-26) 2024 जो 15 जनवरी 2025 से प्रारंभ होगी। परीक्षा केंद्र बनाए जाने पर व डॉ रणजीत कुमार सिंह प्राचार्य को केंद्राधीक्षक नियुक्त करने को लेकर सिंह ने कुलपति प्रो बिमल प्रसाद सिंह व परीक्षा नियंत्रक डॉ जय कुमार साह का आभार व्यक्त किया है। कि भविष्य में मॉडल कॉलेज राजमहल के छात्रों के सुविधा के लिए गृह केंद्र बनाने पर सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय दुमका विचार करेंगी।डॉ रणजीत ने कहा कि परीक्षा कदाचारमुक्त, स्वच्छ और शांतिपूर्वक के लिए हमारी प्रथम प्राथमिकता होगी। साथ ही वि वि परीक्षा अधिनियम का सत प्रतिशत पालन किया जाएगा।परीक्षाकेंद्र बनाए जाने से राजमहल के छात्र, अभिभावक , बुद्धिजीवी आदि लोगों में खुशी का माहौल है और साथ ही भविष्य में मॉडल कॉलेज राजमहल को होम सेंटर बनाने का आग्रह किया है।

# जागरूकता से सर्वाइकल कैंसर समेत कई बीमारी से बच सकते हैं : भारती कश्यप

## गरीबों के लिए वरदान हैं डॉ भारती कश्यप, लाखों लोगों की आंखों का रख रहीं ख्याल

**स्वास्थ्य समिति द्वारा एक पत्रिका निरामया स्वास्थ्य दर्पण का विमोचन किया गया**

**लगभग दस हजार लोग इस मेले की सफलता के साक्ष्य बने**

**यासिर अराफात @झारखंड उजाला ब्यूरो**



**पाकुड़ :** मौके पर उपायुक्त मनीष कुमार ने स्वास्थ्य विभाग पाकुड़ की पूरी टीम के लिए जोरदार ताली बजाकर स्वागत किया। उपायुक्त ने कहा कि जिले में पल्स पोलियो अभियान में जिले का प्रदर्शन सराहनीय रहा। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत सभी विद्यालयों में कैंप लगाए गए हैं। कैंप के माध्यम से 30 हजार बच्चों का जांच किया गया। इसके अलावे 17, 18 और 19 दिसंबर को जिले के सभी समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दिव्यांग कैंप का आयोजन किया गया था जिसमें से 662 दिव्यांग लोगों का जांच कर दिव्यांग सर्टिफिकेट बनाये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री चिकित्सा सहायता योजना को लेकर यहां स्टाल लगाए गए। आप अपना आवेदन इस स्टाल में जमा करें। यह योजना मुख्यमंत्री जी का भी सपना है कि हम इसको अधिक से अधिक लोगों तक पहुंच सकें। आयुष कैंप, आधार कार्ड बनाने के लिए जिले में कैंप लगाए जा रहे हैं। आप सभी जिलेवासी इसका लाभ अवश्य लें। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में जिले में डॉक्टर की कमी को पूरा किया जाएगा। जिला प्रशासन इसके लिए प्रयासरत हैं। उपायुक्त ने लोगों को जानकारी दी कि किस प्रकार जागरूकता की मदद से हम कैसे सर्वाइकल कैंसर जैसी घातक बीमारी से बच सकते हैं। उन्होंने कहा कि जागरूकता से अधिकांश बीमारी होने से बचा जा सकता है। उपायुक्त ने कहा कि हमारे जिले को स्वास्थ्य की बहुत जरूरत है सभी जनप्रतिनिधियों ने हमेशा शिक्षा और स्वास्थ्य को लेकर यहां पर बार-बार हम लोगों से डिस्कशन भी किया है। सर्वाइकल कैंसर से बहुत सारी महिलाएं अपना जान गवा देती है बहुत सारी महिलाएं जागरूकता के अभाव में अपना जान गवा देती है। पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने कहा कि स्वास्थ्य अच्छा है तो आपका सब अच्छा है। स्वास्थ्य ही धन है, आप सभी अपने स्वास्थ्य का ध्यान जरूर रखें। प्रतिदिन व्यायाम जरूर करें, रेगुलर बॉडी चेकअप करायें। उन्होंने कहा कि उपायुक्त महोदय जब से पाकुड़ आए हैं तब से हरेक पारामीटर में पाकुड़ नंबर वन हैं। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि साल में 1 लाख 70 हजार मौतें सड़क दुघर्टना में होती है। पुलिस अधीक्षक ने अपील किया कि आप बाईक चलाएं तो हेलमेट जरूर पहनें एवं फोर व्हीलर चलाए तो सीट बेल्ट का उपयोग अवश्य करें।

डॉ भारती कश्यप, अध्यक्ष वूमेन डॉक्टर विंग झारखंड ने बताया कि संथाल परगना के कई जिलों में अब तक कुल 15 सदर अस्पतालों में डिजिटल विडियो कोल्पोस्कोप एंड क्रायो सेट लगाने तथा वर्ष 2018 में गवर्नर महोदय द्रौपदी मुर्मू ने साहिबगंज के राजमहल में उनके इस अभियान में भाग लिया। ये वंचित ट्राइबल ग्रुप, महिलाओं एवं दृष्टि खो रहे बच्चों को जो स्वास्थ्य सुविधा के क्षेत्र में उपेक्षित रहे हैं उनके लिए समर्पित है। इस अभियान का उद्देश्य है कि कैंप में आई जननांग संबंधी सूजन की शत प्रतिशत महिलाओं का दवा से ईलाज करना क्योंकि जननांग संबंधी सूजन ही आगे चलकर सर्वाइकल कैंसर का रूप लेती है। दृष्टि सुरक्षा अभियान के तहत आंखों की बीमारियां जैसे मोतियाबिंद, ग्लूकोमा, कॉर्निया और रेटिना की जो बीमारियां हैं उन सभी का रांची स्थित एन.ए.बी.एच. की क्वालिटी की सर्वोच्च मान्यता प्राप्त कश्यप मेमोरियल ऑय हॉस्पिटल में आयुष्मान भारत द्वारा मुफ्त ईलाज किया जाएगा। विधायक महेशपुर प्रोफेसर स्टीफन मरांडी ने जिला प्रशासन पाकुड़ एवं डॉ भारती कश्यप के कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि आज जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की वजह से इतना बड़ा आयोजन यहां हुआ, हेल्थ हूल महोत्सव की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में पहले पाकुड़ बहुत ही पिछड़ा था लेकिन वर्तमान में बहुत सुधार हुआ है। पहले पाकुड़ जिले के लोग ईलाज कराने बंगाल जाते थे लेकिन अब बहुत सारे रोगो का ईलाज सदर अस्पताल पाकुड़ में ही किया जा रहा है। इस शिविर के माध्यम से विभिन्न रोगों का ईलाज निःशुल्क किया गया है। इस शिविर से बहुत लोग लाभान्वित हुए हैं।

# सीएम हेमंत सोरेन से मिले चतरा के सांसद व विधायक, क्षेत्र की समस्या से कराया अवगत



**झारखण्ड उजाला, संवाददाता**

**चतरा।** चतरा लोकसभा के सांसद कालीचरण सिंह व विधायक जनार्दन पासवान ने शनिवार को मुख्यमंत्री आवास में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात कर क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराते हुए उसके निराकरण को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा किये ।चतरा विधायक जनार्दन पासवान को देखते ही मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने लपक कर हृदय से लगा लिया। सांसद व विधायक ने पुष्प गुच्छ देकर मुख्य मंत्री को नववर्ष की बधाई दी। तीनों नेताओं ने चतरा लोकसभा व विधानसभा क्षेत्र की समस्याओं पर काफी देर तक गहन विचार विमर्श किया। मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया कि क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं के निराकरण के लिए सांसद व विधायक को भरपूर सहयोग किया जाएगा।

# प्रखंड कार्यालय (ब्लॉक ) के आसपास का क्षेत्र मैं पेयजल की समस्या, गंदगी का भरमार, गंदे शौचालय

**यासिर अराफात @झारखंड उजाला ब्यूरो**



**पाकुड़ :** उपायुक्त मनीष कुमार ने जिस तरीके से जिला की कमान संभाली है और वे अपनी टीम के साथ जिस तरीके से जिला के विकास की रफ्तार को तेज करनी का प्रयास किया है आम लोगों में यह चर्चा का विषय है कि उपायुक्त मनीष कुमार पाकुड़ जिला की तस्वीर बदल देंगे. उपायुक्त के निदेर्शानुसार हर विभाग में तीव्र गति के साथ कार्य हो रहा है. उपायुक्त ने कई विषयों पर अहम निर्णय लिए हैं जिससे लोगों की उनके हर एक फैसले पर नजर है. लोग इस आशा और उम्मीद में भी है कि जिला के सदर प्रखंड कार्यालय के आसपास का क्षेत्र कचरा और झाड़ियों से भरा पड़ा है. लोगों की आशा और उम्मीद है कि उपायुक्त महोदय इस क्षेत्र की साफ सफाई के ऊपर भी ध्यान देंगे. प्रखंड कार्यालय में रोजाना सैकड़ो लोग अपने काम के लिए आते जाते हैं. लेकिन कार्यालय के आसपास का नजारा देखकर ऐसा प्रतीत होता है कि सालों से आसपास के क्षेत्र की साफ सफाई नहीं हुई है.प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी को इस और ध्यान देने की आवश्यकता है. कार्यालय के आसपास के क्षेत्र में कार्यालय के शौचालय से मल मूत्र भी लीकेज हो रहा है जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. प्रखंड कार्यालय को विकास की रूपरेखा तैयार करने वाला केंद्र माना जाता है. लेकिन अगर वहां की हालत ही ऐसी हो तो फिर पंचायत की हालत कैसी होगी. प्रखंड कार्यालय के अंदर बने हुए शौचालय की स्थिति भी ठीक नहीं है. ना तो शौचालय की साफ सफाई सही ढंग से हो पाती है और ना ही पेयजल की कोई व्यवस्था है. कार्यालय के आसपास जितने भी चापाकल है उसमें से ज्यादातर चापाकल खराब पड़ा हुआ है. गंदगी इतनी की चारों तरफ मच्छर भिनभीनाते रहते हैं. बहरहाल प्रशासन को इस और ध्यान देने की जरूरत है.

# आदिम जनजातियों के बीच किया गया कंबल का वितरण



**झारखंड उजाला, संवाददाता**

**चतरा।** प्रतापपुर प्रखंड के बीडीओ अभिषेक पांडेय ने प्रखंड के विभिन्न पंचायतों का दौरा कर पंचायतों के विभिन्न गांवों में आवास कर रहे आदिम जनजाति के बैगा,विरहोर परिवारों का सर्वे किया और उनका जॉब कार्ड, राशनकार्ड का सर्वे किया गया। उनलोगों के बैंक में खाता खुला है कि नहीं इसके अलावा वह परिवार सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ उठा पा रहे हैं कि नहीं सभी का एक एक बिंदुओं पर गहनता से सर्वे किया गया। आदिम जनजाति परिवारों को विकास योजनाओं से शत प्रतिशत जोड़ने की बात कही गई है। बीडीओ अभिषेक पांडेय ने बताया कि प्रखंड के रामपुर पंचायत के परहियाडीह बैगा टोला प्रतापपुर पंचायत के ग्राम हुमाजांग पंचायत के झांटी गांव में बैगा परिवारों के बीच कंबल भी वितरण किया गया। उन्होंने कहा कि पंचायत के सभी मुखिया को कंबल उपलब्ध करा दिया गया है ताकि जरूरतमंद लोगों के बीच ससमय कंबल वितरण किया जा सके।इस मौके पर रामपुर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि काशिफ रजा, प्रतापपुर पंचायत के प्रतिनिधि रविन्द्र कुमार, हुमाजांग पंचायत के प्रतिनिधि मोती पासवान के अतिरिक्त प्रखंड के कर्मी मौजूद थे।

# गांव यात्रा कार्यक्रम के तहत हरिहरगंज पहुंची दूरदर्शन की टीम

**झारखंड उजाला, संवाददाता**



**हरिहरगंज/पलामू।** हरिहरगंज प्रखण्ड क्षेत्र के तीन पंचायतों में विकास और ग्रामीणों में जागरूकता का कहानी प्रसारण करने के लिए गांव यात्रा कार्यक्रम के तहत शनिवार को रांची और पलामू की दूरदर्शन टीम पहुंची। इस दौरान कौआकोह में किसान स्ट्रॉबेरी की खेती कर अपने साथ आस पास के ग्रामीणों को रोजगार देने के साथ खड़गपुर पंचायत में विकास की गति और केन्द्र सरकार की योजना से लाभान्वित ग्रामीण लाभुकों की वीडीओ फोटो लिया गया। इसके उपरांत सरसोत उप स्वास्थ्य केन्द्र के प्रभारी सीएचओ और ग्रामीण लाभुकों से लाभ की जानकारी ली गई। वहीं रांची दूरदर्शन झारखंड की एंकर कीर्ति कुमारी और पलामू एंकर अनुज सिंह ने बताया कि गांव यात्रा के तहत दूरदर्शन की टीम आकांक्षी प्रखंड हरिहरगंज का एक कहानी बनाने के उद्देश्य से किसान किन-किन फसलों का उपज कर हैं,एसएचजी महिलाओं में जागरूकता के प्रति और केन्द्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना आवास, शौचालय, पीएम किसान और उज्जवला योजना के लाभुकों से जानकारी ली गई। शूट की गई सभी वीडीओ और फोटो को कहानी के रूप हेड ऑफ प्रोग्राम देशबंधु कार्यीय रांची के द्वारा दूरदर्शन झारखंड पर प्रसारण कराया जाएगा। वहीं टीम के द्वारा बीडीओ परितोष प्रियदर्शी और आकांक्षी प्रखंड कोर्डिनेटर प्रणव कुमार से भी क्षेत्र में विकास की जानकारी ली गई। दूरदर्शन की ओर से कैमरा वूमेन सुभांगी प्रिया, प्रह्लाद कुमार आदि। मौके पर प्रखंड कृषि पदाधिकारी ब्रजेश कुमार, खड़कपुर पंचायत के मुखिया काजल कुमारी, सतेंद्र मेहता, डीलर अवधेश राम, पप्पू प्रसाद, कपिलदेव यादव आदि शामिल थे।

## आवासों का निरीक्षण कर बीडीओ ने दिया जल्द बनाने का निर्देश

**चतरा।** सिमरिया प्रखण्ड क्षेत्र के इचाक पंचायत में पूर्व से संचालित अबुआ आवास योजना एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभुकों को प्रोत्साहित करने और आवास पूरा कराने को लेकर शनिवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी चंद्रदेव प्रसाद ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वर्तमान वित्तीय वर्ष में इचाक पंचायत में कुल 120 अबूआ आवास का लक्ष्य दिया गया है इसके विरुद्ध मात्र 88 लाभुको को हीं प्रथम किस्त का भुगतान किया गया है ।शेष योग्य लाभुको का अभिलेख जमा करने का निर्देश दिया गया है ।प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष में कुल 62 आवास का लक्ष्य इचाक पंचायत को मिला है। जहां पंचायत में लंबित आवास योजना का निरीक्षण किया गया। बीडीओ ने लाभुकों को जल्द आवास निर्माण पूरा करने का निर्देश दिया गया है। लाभुक द्वारा आवास का राशि लेकर आवास नहीं बनाने वाले को एक सप्ताह के अंदर आवास निर्माण कार्य पूर्ण करने को सख्त निर्देश दिया गया है। इसके पश्चात भी आवास पूर्ण नहीं करने वाले लाभुको के विरुद्ध राशि वसूली हेतु कानूनी कार्रवाई की जाएगी ।वहीं प्रखण्ड विकास पदाधिकारी के द्वारा इचाक पंचायत के ग्राम ईद, शीला, बोंगादाग, दुधमटिया आदि गांवों का भ्रमण किया गया। निरीक्षण के दौरान कर्मी शशिकांत उपाध्याय पंचायत सचिव, अजय कुमार कनिय अभियंता, मुकेश कुमार बीसी आदि लोग शामिल थे।

## घायल मुखिया से मिलने रांची स्थित राम प्यारी अस्पताल पहुँचे विधायक



**चतरा।** चतरा विधानसभा के विधायक जनार्दन पासवान शनिवार को रांची स्थित राम प्यारी अस्पताल पहुंच कर प्रतापपुर प्रखण्ड अंतर्गत टंडवा पंचायत के मुखिया किशोर यादव से मिलकर हाल चाल लेने गए ।ज्ञात हो की टंडवा पंचायत के मुखिया किशोर यादव सड़क दुर्घटना में घायल हो गए थे। जिसके बाद सदर अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद रांची रेफर कर दिया गया था। घटना की सूचना मिलने पर चतरा विधायक जनार्दन पासवान अस्पताल पहुंचकर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली और उनको जल्द से जल्द स्वस्थ होने का कामना किया।

# विष्णुपद तीर्थ और निरंजना नदी के उद्गम स्थल पर मकर संक्रांति के अवसर पर किया जाएगा गंगा आरती

**झारखंड उजाला, संवाददाता**



**चतरा।** लावलौंग प्रखंड मुख्यालय स्थित यज्ञशाला परिसर में प्रमोद साहु कि अध्यक्षता में ग्रामीणों की एक बैठक आयोजित की गई। जहां नमामि निरंजना अभियान के संयोजक संजय सज्जन ने लोगों को बताया कि बिहार के गया स्थित फल्गु नदी का उद्गम स्थल लावालौंग प्रखंड का सोहावन गांव है। लेकिन विडंबना यह है कि आज के समय में यह पौराणिक नदी सुख गई है। जिसे हमें पुनर्जीवित करने की आवश्यकता है। बैठक में ग्रामीणों ने 14 जनवरी मकर संक्रांति के दिन निरंजना नदी के उद्गम स्थल पर गंगा आरती कर निरंजना महोत्सव के रूप में मनाने का निर्णय लिया। ज्ञात हो कि फल्गु नदी (निरंजना नदी) को मोक्षदायिनी नदी भी कहा जाता है। साथ ही इस नदी में पितृपक्ष में श्राद्ध तर्पण कर मृत आत्माओं के मुक्त होने की भी प्रार्थना की जाती है। वहीं दूसरी ओर इसकी मान्यता बौद्ध परंपरा के ध्वजवाहक भगवान बुद्ध के ज्ञान प्राप्ति से जुड़ा है। कहा जाता है कि भगवान बुद्ध को बिहार के गया में इसी नदी के किनारे ज्ञान की प्राप्ति हुई थी। संजय इसी नदी को सदानीरा बनाने के लिए प्रयासरत हैं। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों के सहयोग से ही इस नदी को सदानीरा बनाया जा सकता है। साथ ही सनातन, बौद्ध और जैन इन तीन धर्मों का संगम होने के कारण इस क्षेत्र में पर्यटकों का भी रुझान बढ़ेगा। साथ ही उन्होंने बताया कि यह नदी लावालौंग के सोहावन से शुरू होकर बोधगया पहुंचने में कुल 150 किलोमीटर की यात्रा पूरी करती है। कार्यक्रम में उनके साथ विवेक केशरी, सुबोध कुमार पाठक, सतीश कुमार साहू, मुकेश कुमार यादव, खगेश्वर साहू, चेतलाल साहू, रघु राम, पंकज केसरी, पूरन साहू और त्रिवेणी रजक समेत दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

## उपायुक्त ने पुराना सदर अस्पताल स्थित ब्लड बैंक पाकुड़ में किया रक्तदान




**पाकुड़ :** उपायुक्त मनीष कुमार ने कहा रक्तदान महादान है। रक्तदान के लिए सभी को बढ़-चढ़ कर आगे आना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिले की जनसंख्या का एक प्रतिशत यूनिट ब्लड बैंक में हमेशा उपलब्ध होना चाहिए। जिससे जिलावासियों की गंभीर बीमारी या आपात स्वास्थ्य स्थिति के समय ब्लड की कमी पूरी की जा सके। ब्लड की कमी वालों के लिए जरूरत की पूर्ति जीवनदान जैसी है।

## नपं ने तीन सौ गरीबों के बीच बांटी कंबल

**हरिहरगंज/पलामू।** तापमान में लगातार जारी गिरावट और सर्दी के बढ़ते सितम के बीच शनिवार को हरिहरगंज नगर पंचायत कार्यालय पर वार्ड नंबर 15 और 16 के तीन सौ गरीब महिला पुरुषों के बीच कंबल का वितरण किया गया। वहीं कंबल मिलने के बाद गरीब असहाय लोगों ने राहत की सांस ली। इस मौके नगर प्रबंधक नजीबुल्लाह अंसारी, सामुदायिक कार्यकर्ता विचित्रा कुमारी, लालमुनि देवी सहित कई लोग मौजूद थे।

## बसपा के बैनरतले 6 को नगर कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन

**हरिहरगंज/पलामू।** बहुजन समाज पार्टी के बैनरतले होल्डिंग टैक्स और शहरी आवास में अवैध वसूली के विरुद्ध में सोमवार को हरिहरगंज नगर पंचायत कार्यालय पर धरना प्रदर्शन की जाएगी। उक्त जानकारी बसपा के पूर्व प्रदेश सचिव प्रमोद कुमार रवि ने शनिवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी है। उन्होंने कहा कि धरना प्रदर्शन को लेकर छतरपुर अनुमंडल पदाधिकारी को भी सूचना दे दी गई है। सोमवार को नगर कार्यालय पर 27 होल्डिंग धारियों पर की गई कार्रवाई, शहरी आवास योजना में अवैध वसूली आदि के विरुद्ध धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

## मिनी आंगनबाड़ी केंद्र में की गई सहायिका चयन



**चतरा :** सिमरिया प्रखंड के बरवाडीह एवं कटिया मिनी आंगनबाड़ी केंद्र में शनिवार को सहायिका का चयन आम सभा आयोजित कर की गई । यह चयन बाल विकास परियोजना पदाधिकारी रीना साहू के मौजूदगी में की गई। चयन को लेकर बाल विकास परियोजना पदाधिकारी रीना साहू ने बताया कि सिमरिया बरवाडीह में सोनी कुमारी एवं कटिया मिनी में नेहा कुमारी पति संदिप कुमार सिंह का चयन किया गया है। मौके पर पंचायत के मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, एनएम, प्रधानाध्यापक, आंगनवाड़ी सुपरवाइजर सहित काफी संख्या में ग्रामीण भी मौजूद थे।

# 90 दिनों के अंदर लंबित दाखिल खारिज के मामले का निष्पादन करें: आयुक्त

**झारखंड उजाला, संवाददाता**



**चतरा।** उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल हजारीबाग के प्रमंडलीय आयुक्त पवन कुमार को चतरा परिसदन मे उपायुक्त रमेश घोलप ने पौधा भेंट कर उनका स्वागत किया। तत्पश्चात समाहरणालय सभा कक्ष में प्रमंडलीय आयुक्त पवन कुमार की अध्यक्षता में राजस्व से संबंधित समीक्षात्मक बैठक की गई। बैठक में मुख्य रूप से ई कोर्ट, म्यूटेशन के लंबित मामले एवं भारतमाला परियोजना में अधिग्रहीत भूमि के रैयतों का मुआवजा से संबंधित बिंदुवार समीक्षा की गई एवं कई आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिए गए। दाखिल खारिज के मामले में आयुक्त ने निर्देशित करते हुए सभी अंचल अधिकारी को कहा कि न्यूनतम 30 दिन एवं 90 दिनों के अंदर लंबित दाखिल खारिज के मामले का निष्पादन करें ।वहीं भू अर्जन की समीक्षा के दौरान जिला भू अर्जन पदाधिकारी वैभव कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बोले की भारतमाला परियोजना जिले के चार अंचल से गुजर रहा है यथा हंटरगंज, चतरा, पत्थलगड्डा, सिमरिया।

जिसमें भारत माला परियोजना के लिए अधिग्रहीत की गई भूमि का भुगतान 157 करोड़ में से लगभग 100 करोड़ का भुगतान किया जा चुका है। शेष के भुगतान के लिए तीव्रगति से कार्रवाई की जा रही है ।विवादित भूमि को लेकर भी सभी संबंधित को पूर्व के बैठक में जिला भू अर्जन पदाधिकारी के कार्यालय में विवादित भूमि का प्रतिवेदन भेजने का निर्देश दिया गया है। जिससे सुनवाई की प्रक्रिया जल्द हो सके। इसके अलावे परियोजना कठौतिया - शिवपुर न्यू बीजी रेल लाइन में लंबित मुआवजा भुगतान, चतरा बाईपास समेत अन्य की भी समीक्षा कर कई आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिए गए ।राजस्व संग्रहण को लेकर वन विभाग, खनन विभाग, मत्स्य, नगर परिषद, उत्पाद, जिला परिवहन विभाग समेत कई अन्य विभागों से प्राप्त लक्ष्य के विरुद्ध राजस्व संग्रहण की जानकारी क्रमवार ली गई। साथ ही उन्होंने शतप्रतिशत लक्ष्य की प्राप्ति का निर्देश दिया। वहीं अवैध खनन, परिवहन व भंडारण के विरुद्ध जिले में अब तक की गई कार्रवाई का भी जानकारी जिला खनन पदाधिकारी मनोज टोप्पो से लिया। उन्होंने कहा सड़क सुरक्षा नियमों का अक्षरशः अनुपालन नहीं करने वाले वाहन और वाहन चालक की विरुद्ध नियम संगत कार्रवाई करें। आगे कहा की परियोजना क्षेत्र से चलने वाले कोल लोड वाहनों पर तिरपाल ढका रहें इसके लिए निरंतर औचक जांच अभियान चलाए अगर किन्ही लोड वाहनों पर तिरपाल ढका हुआ नहीं देखा जाता है तो उसके ऊपर नियमसंगत कार्रवाई करें। नदी घाटों से अवैध रूप से बालू का उठाव करने वाले वाहन, वाहन चालक एवं संलिप्त लोगों के ऊपर भी कार्रवाई करें। इसके अलावे आयुक्त ने जिला स्तरीय, अनुमंडल स्तरीय,प्रखंड स्तरीय खनन टास्क फोर्स को औचक छापेमारी व जांच अभियान चलाने का निर्देश दिया। बैठक में उपायुक्त रमेश घोलप, अपर समाहर्ता अरविंद कुमार, जिला भू अर्जन पदाधिकारी वैभव सिंह, जिला परिवहन पदाधिकारी इंद्र कुमार, जिला खनन पदाधिकारी मनोज टोप्पो, सभी अंचल अधिकारी समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

# सुखाड़ का पैसा दिलाने के नाम पर ठगी

**झारखंड उजाला, संवाददाता**



**चतरा।** सिमरिया थाना क्षेत्र के ड़ाडी गाँव निवासी भुनेश्वर महतो के पुत्र अवध कुमार ने चतरा पुलिस अधीक्षक को शुक्रवार को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाया है ।उन्होंने आरोप लगया है की 29/09/2024 को लगभग 12 बजे दिन में मेरा खाता सं० IFSC CODE 04218100012407, BARBOWADALA से बदरूदीन नाम के व्यक्ति ने धोखे से मेरे फोन पे के माध्यम से कुल 79011.00 रु० ठगी किया है। में एक गरिब व्यक्ति हुँ जो कि माँ कि ईलाज के लिए दोस्त एवं रिस्ता-परिवार से और कुछ पैसा ब्याज पे लेकर अपने बैंक खाता में करिबन 82500 रुपए रखे हुवे थे जो कि एक-दो दिन में माँ को ईलाज के लिए राँची लेकर जाना था। लेकिन मेरे पास अचानक सिमरिया ब्लॉक से बदरूदीन नाम के व्यक्ति ने फोन किया और कहने लगा कि तुमहारा 2022 का सुखाड का पैसा डाल रहा हूँ तुम बैलेंस चेक कर लेना लेकिन जब मैंने बैलेन्स चेक किया तो पैसा ब्लॉक से नहीं आया था तब बदरूदिन ने मो० नं0 9831746674 से वाट्सअप बिडियो कॉलिंग बात करने लगा जो कि बदरूदिन हीं था। और मेरा पैसा सुखाड का नही आया तो फोन पे खोलने के लिए बोला और बोलने लगा कि तुमहारा फोन पे में कुछ फैसलेटि बंद है हम जैसे-जैसे बताते है वैसे-वैसे करो उसके बाद तुमहार फोन पे नं में सुखाड का पैसा चला जाएगा । और हम बदरूदीन का बात मान कर उसके हिसाब से फोन पे खोल कर उसके हिसाब से करने लगें लेकिन एक से दो मिन्ट के अन्दर मेरे खाता से 69012.00 रू० और 9999.00 रू० कुल 79011.00 रू0 से कट गया और मैसेज आने लगा। उसके बाद मैं उसे कॉल करने लगा तो उसका मोबाईल स्वीच ऑफ बताने लगा। उन्होंने पूरे मामले को जाँच कर कर्रवाई करने की मांग किये है।

# जागरूकता रथ आमजनों के बीच जाकर सड़क सुरक्षा के यातायात नियमों के पालन को लेकर करेगा जागरूक

## हिट एंड रन के मामले में 2 मृतक के आश्रितों को 2 लाख रुपये का मुआवजा राशि दिया गया

**विधायक महेशपुर प्रोफेसर स्टीफन मरांडी, उपायुक्त मनीष कुमार, पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार, डॉ भारती कश्यप एवं जिला परिषद अध्यक्ष, उप विकास आयुक्त महेश कुमार संथालिया, जिला परिवहन पदाधिकारी संजय पीएम कुजूर ने पुराना सदर अस्पताल परिसर से सड़क सुरक्षा जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना**

**यासिर अराफात @झारखंड उजाला ब्यूरो**





**पाकुड़ :** जिला में 01 जनवरी से 31 जनवरी तक सड़क सुरक्षा माह मनाया जा रहा है। इसी क्रम में सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता लाने के उद्देश्य से विधायक महेशपुर प्रोफेसर स्टीफन मरांडी, उपायुक्त मनीष कुमार, पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार एवं उप विकास आयुक्त महेश कुमार संथालिया, जिला परिवहन पदाधिकारी संजय पीएम कुजूर के द्वारा पुराना सदर अस्पताल परिसर से जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस जागरूकता रथ के माध्यम से आमजनों के बीच सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता एवं यातायात नियमों के पालन की जानकारी दी जाएगी जिससे वाहन चालकों की लापरवाही से सड़क पर होने वाले हादसों को कम किया जा सके। उपायुक्त मनीष कुमार ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सभी लोगों को यातायात नियमों के पालन की आवश्यकता है। इस अभियान के माध्यम से आमजनों को यातायात नियमों के पालन की महत्ता समझाई जाएगी और उन्हें सुरक्षित ड्राइविंग के लिए प्रेरित किया जाएगा। जागरूकता रथ जिले के विभिन्न क्षेत्रों में घूमेगा और स्थानीय लोगों को सड़क सुरक्षा संबंधी जानकारी प्रदान करेगा। दो पहिया वाहन चालकों को हेलमेट का उपयोग, चार पहिया या भारी वाहन चालकों के बीच सीट बेल्ट लगाने, शराब पीकर वाहन नहीं चलाने, तेज रफ्तार में वाहन नहीं चलाने और 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को वाहन चलाने में हतोत्साहित करने पर बल दिया जाएगा ।

## हाईवा ने मोटरसाइकिल सवार महिला को मारी टक्कर घटनास्थल पर ही मौत



**महिला पेसे से सहायक अध्यापक पद पर थी कार्यरत**

**जागेशवर कुमार @ झारखंड उजाला ब्यूरो।**

**बड़कागांव।** बड़कागांव के बड़कागांव टंडवा मुख्य पथ पर करणपुरा कॉलेज के सामने शनिवार की शाम लगभग 06:50 बजे एक मोटरसाइकिल सवार को सड़क निर्माण कार्य के लिए पिच लेकर जा रहे हैं हाईवा ने जबरदस्त टक्कर मारी, जिससे मोटरसाइकिल सवार महिला शांति देवी पति चेतलाल महतो उम्र लगभग 35 वर्ष की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्षियों के अनुसार बताया गया कि हाईवा बड़कागांव की ओर से टंडवा की तरफ जा रही थी जबकि मोटरसाइकिल सवार भी बड़कागांव की तरफ से अपने घर सिकरी की ओर जा रहा था। इसी बीच पीछे से हाईवा ने इतनी जबरदस्त टक्कर मारी की महिला की मौके पर ही मौत हो गई। महिला बड़कागांव के सिकरी स्थित नव प्राथमिक विद्यालय ऊपर मोहडर में सहायक अध्यापिका के पद पर कार्यरत थी।

## सड़क सुरक्षा को लेकर चलाया गया जागरूकता अभियान, नियम का उल्लंघन करने वालों को गुलाब दिया गया

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता।**



**चतरा:** नए वर्ष के अवसर पर चतरा जिला प्रशासन और पुलिस विभाग ने सड़क सुरक्षा महीने के तहत एक अनूठी पहल शुरू की है। जतराहिबाग के पास परिवहन पदाधिकारी इंदर कुमार एंव सदर थाना प्रभारी बिपीन कुमार के नेतृत्व में संयुक्त जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान के दौरान, यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों को गुलाब का फूल देकर नियमों का पालन करने की अपील की गई। अधिकारियों ने उन्हें यह संदेश दिया कि यातायात नियमों की अनदेखी जानलेवा हो सकती है और यह उनके परिवार एवं समाज के लिए भी हानिकारक है। परिवहन पदाधिकारी इंदर कुमार ने लोगों को समझाते हुए कहा कि यातायात नियमों का पालन करना हर व्यक्ति की जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि दोपहिया वाहन चालकों को हमेशा हेलमेट पहनना चाहिए और चार पहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट का उपयोग करना अनिवार्य है। वहीं सदर थाना प्रभारी बिपीन कुमार ने इस मौके पर कहा, ह्लट्रैफिक नियम का पालन न करना आपके जीवन को खतरे में डाल सकता है। जीवन अनमोल है, इसलिए नियमों का पालन करें।ह्व उन्होंने यह भी कहा कि सड़क सुरक्षा अभियान का उद्देश्य लोगों को जागरूक करना है, ताकि सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सके।

**नया साल, नया संकल्प**

चतरा प्रशासन ने इस अभियान को नए साल में लोगों को ट्रैफिक नियमों के प्रति सतर्क और जिम्मेदार बनाने का एक माध्यम बताया। नए कलेवर और फ्लेवर में यह अभियान सड़क सुरक्षा को लेकर आम जनता को प्रेरित करने की कोशिश है। सड़क सुरक्षा के इस पहल से यह संदेश दिया जा रहा है कि यातायात नियमों का पालन न केवल कानूनी जिम्मेदारी है, बल्कि यह स्वयं के जीवन और परिवार की सुरक्षा के लिए भी बेहद जरूरी है।

## ब्राह्मण समाज 7 जनवरी को देगा धरना



**झारखण्ड उजाला, संवाददाता।**

**चतरा:** लावालौंग प्रखंड मे कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज की बैठक की गई जिसमें 7 जनवरी को प्रखंड स्तरीय धरना प्रदर्शन और प्रखंड विकास पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपने को लेकर चर्चा किया गया एवम् धरना प्रदर्शन को सफल बनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित प्रखंड अध्यक्ष संतोष पाण्डेय ,प्रखंड सचिव बसंत पाण्डेय ,उपाध्यक्ष किशोरी पाण्डेय, कोषाध्यक्ष शशिभूषण पाण्डेय ,जिला कार्यकारणी सदस्य सुरेश पाण्डेय, पंकज पाण्डेय ,सुदामा पाण्डेय एवम अन्य विप्र गण उपस्थित हुए।

## इसाकपुर पंचायत में विकास कार्य के नाम पर गड़बड़ झाला? क्या होगी उच्च स्तरीय जांच?

**यासिर अराफात @झारखंड उजाला ब्यूरो**




**पाकुड़ :** सदर प्रखंड के इसाकपुर पंचायत में सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार 15 वे वित्त एवं मनरेगा योजनाओं में पारदर्शिता बिलकुल नहीं है. सूत्रों की जानकारी के अनुसार अब तक मनरेगा एवं 15वें वित्त के तहत जितने भी विकास कार्य हुए हैं सभी कार्यों की अगर उच्च स्तरीय जांच की जाए तो बहुत कुछ उजागर हो सकता है. सूत्रों की माने तो हर एक योजना के एवज में मोटी रकम का बंदर बांट पंचायत के प्रतिनिधि, पंचायत के कर्मी, एवं अन्य लोगों के बीच होता है. सूत्रों का यह भी कहना है कि बहुत सारी ऐसी योजनाएं हैं जो धरातल पर है ही नहीं और जिसकी फर्जी निकासी कर ली गई है. जिसमें से कई दीदी बाड़ी योजना के नाम से कई अलग-अलग लाभुकों का नाम देकर फर्जी तरीके से निकासी की गई है. वही सूत्रों का आरोप है कि 15वें वित्त के तहत एक ऐसा पीसीसी सड़क का निर्माण भी हुआ है जो इसाकपुर पंचायत में पड़ता ही नहीं है. सूत्र का कहना है कि जो पीसीसी सड़क 15 वे वित्त से की गई है वह किसी दूसरे पंचायत का क्षेत्र है. अब सवाल यहां पर यह आता है कि अपना पंचायत छोड़कर किसी दूसरे पंचायत मैं कार्य करने का क्या मतलब. बहरहाल इन सभी विषयों पर गांव में चर्चा का विषय बना हुआ है. इन कथित आरोपों एवं सूत्रों की जानकारी की उच्च स्तरीय जांच करने की आवश्यकता है. वहीं अगर सूत्रों की माने तो पंचायत में हुए विकास कार्यों के नाम पर सरकारी राशि का बंदर बांट हुआ है जो जांच का विषय है.

### जानकारी

## ये आसान सा नुस्खा आपके काले होंठों को बना देगा गुलाबी

मौजूदा वक्त में होंठों को गुलाबी बनाने के लिए बाजार में कई तरह के उत्पाद हैं और इनपर काफी चर्चा भी होती है। बीच-बीच में इन उत्पादों की विश्वसनीयता पर भी सवाल उठते हैं। और इसमें कोई आश्चर्य की बात भी नहीं है कि वर्षों से हमारी बॉलीवुड इंडस्ट्री की अभिनेत्रियां कई लिपस्टिक, लिप बाम और स्क्रब के शेड्स मार्केट में रखती आ रही हैं। भले ही वह एक विज्ञापन कर रही हों लेकिन लोगों में गुलाबी होंठों की चाहत कहीं न कहीं बढ़ ही जाती हैं। एक स्किनकेयर गुरु के रूप में हमेशा मुझसे ये सवाल पूछा जाता है कि मेरे होंठ इतने गुलाबी कैसे हैं। मैं इसके पीछे सबसे बड़ा कारण मानता हूं कि मैं धूम्रपान नहीं करता और न मैंने कभी किया है। मैं अपने गुलाबी होंठों के लिए श्रेय देना चाहूंगा जिसे मैं आज आपके साथ साझा करने जा रहा हूं।

महिलाएं अगर गुलाबी होंठों के बारे में पूछें तो कोई हैरानी की बात नहीं है लेकिन जब यह सवाल लड़कों द्वारा पूछा जाता है तो यह सवाल थोड़ा दिलचस्प हो जाता है। विशेष रूप से धूम्रपान करने वाले युवक, जो सिगरेट की वजह से होंठों को हुए नुकसान को अब कम करना चाहते हैं।

### होंठों के लिए चुकंदर

होंठों को गुलाबी बनाने के लिए मेरा पसंदीदा तरीका है चुकंदर। यह प्राकृतिक रूप से गुलाबी होता है। इसका डाई के रूप में प्रयोग बरसों से होता आ रहा है। अगर आप इसके बारे में नहीं जानते हैं तो मैं आपको बता दूं कि पहले इस रंग के रेड वेलवेट फ्लेवर्ड केक बना करते थे लेकिन अब इनका केवल रंग रह गया है। चुकंदर होंठों को गुलाबी बनाने का एक आसान और प्राकृतिक तरीका है। अगर आप घर पर अपने होंठों के लिए स्क्रब तैयार करते हैं तो इसका प्रभाव लंबे अरसे तक रहता है। इसका प्रयोग सप्ताह में दो से तीन बार तक किया जा सकता है।



### गुलाबी होंठों के लिए

***एक चम्मच उबला हुआ चुकंदर, दो चम्मच दानेदार चीनी, एक चम्मच शहद, 4-5 कुटी हुई पुदीने की पत्तियां।***

मैं यह नुस्खा आपके लिए इसलिए साझा कर रहा हूं क्योंकि यह बनाने में बहुत आसान है। इसके साथ ही यह नुस्खा बहुत प्रभावी भी है। इसके लिए बस आपको तीनों सामग्री का मिश्रण बनाने की जरूरत है, जो आसानी से आपके होंठों पर लग जाए। पुदिने की पत्तियां आपके हाथों में बमुश्किल ही आएंगी लेकिन आप इनका प्रयोग वास्तव में स्क्रब के रूप में कर सकते हैं।

### डाई के रूप में काम करता है चुकंदर

चुकंदर प्राकृतिक डाई की तरह काम करता है। अगर आप गुलाबी होंठ चाहते हैं, तो आपको इसके परिणाम दो -तीन उपयोग में ही दिखाई दे जाएंगे। अगर धूम्रपान के कारण आपके होंठ काले हो गए हैं, तो आपको इसका प्रयोग से स्पष्ट अंतर दिखाई देगा। शुगर एक स्क्रब और एक्सफ़ोलीएटर की तरह काम करता है ताकि आपके होंठों पर चढ़ी गहरे रंग की परत को हटाकर उन्हें फिर से गुलाबी रंग दिया जा सके। शहद न केवल नमी बनाए रखता है बल्कि यह जीवाणुरोधी भी है, जो आपके होंठ स्वस्थ बनाए रखता है। मिंट मेन्थॉल के रूप में होता है, जो हल्की सी सनसनाहट छोड़ता। इससे आपका रक्त प्रवाह तेज हो जाता है, जिससे आपके होंठ अधिक गुलाबी हो जाते हैं। मैं आमतौर पर इसे बनाता हूं और लगभग एक सप्ताह के लिए रेफ्रिजरेटर में रखता हूं। इसे करीब 3 से 4 मिनट के लिए अपने होंठों पर स्क्रब करें और इसे धोने में भी परेशान नहीं होती। इसके परिणाम बहुत आश्चर्यजनक हैं। और तो और यह स्वादिष्ट भी लगता है।



## महिलाओं में क्यों बढ़ रहा हार्ट अटैक का खतरा?

### महिलाओं में हृदय रोगों के कारण और रोकथाम के उपाय

हाल ही में सामने आए आंकड़े बताते हैं कि महिलाओं की प्रत्येक तीन में से एक मृत्यु का कारण हृदय रोग है। अक्सर हृदय रोगों (Cardiovascular Disease) को पुरुष से जुड़ी बीमारी के तौर पर देखा जाता है। इस वजह से हृदय रोगों के लक्षणों को आमतौर पर महिलाओं द्वारा नजरअंदाज कर दिया जाता है। जबकि महिलाओं में भी इसकी जटिलताओं का विकास हो सकता है। इसलिए महिलाओं को भी अपने हृदय स्वास्थ्य (Heart Health) पर ध्यान केन्द्रित करने की आवश्यकता है।

एक प्रचलित मिथ है कि पूर्व-रजोनिवृत्त (Premenopausal) महिलाओं में एस्ट्रोजेन से सुरक्षा के कारण दिल के दौरे के विकास की संभावना कम होती है। हालांकि, क्लीनिकल अनुभव और रिसर्च बताते हैं कि हृदय रोग पुरुषों के समान ही महिलाओं को भी चपेट में लेते हैं। हार्ट अटैक की स्थिति में महिलाओं में गंभीर स्थिति बन जाती है और सर्वाइवल की संभावनाएं भी कम हो जाती हैं।

इस बारे में जानकारी देते हुए डॉक्टर समीर मेहरोत्रा ने बताया कि महिलाओं में हृदय रोग के लक्षण उनके, उनके परिवार या केयर करने वालों की ओर से या तो नजरअंदाज कर दिए जाते हैं या उनके द्वारा छोड़ दिए जाते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि जब महिलाओं के स्वास्थ्य का सवाल आता है तो ज्यादा ध्यान कैंसर, प्रजनन से जुड़ी समस्याओं और कमियों पर रहती है। महिलाओं में हृदय रोग के लक्षण भी पुरुषों की तुलना में भिन्न होते हैं, उनमें आमतौर पर चेस्ट पेन, जबड़ों में दर्द आदि महसूस नहीं होता। इस वजह से महिलाओं को समय पर परीक्षण और उपचार नहीं मिल पाता। यह आवश्यक है कि जागरूक कार्यक्रमों के माध्यम से महिलाओं में हृदय रोगों को प्रकाश में लाया जाए। साथ ही उन्हें स्वस्थ जीवनशैली के साथ ही नियमित रूप से हार्ट का स्वास्थ्य परीक्षण भी करवाना चाहिए।

### हृदय रोगों के जोखिम कारक

डॉक्टर समीर के मुताबिक, महिलाओं में हृदय रोग के कुछ जोखिम कारक हैं- हाइपरटेंशन, डायबिटिज, मोटापा, असंयमित जीवनशैली, मेटाबॉलिक सिन्ड्रोम, हाई कोलेस्ट्रॉल, बीमारियों का पारिवारिक इतिहास और स्मोकिंग और अल्कोहल की लत आदि शामिल हैं। यह महत्वपूर्ण है कि बायीं ओर चेस्ट पेन या भारीपन, सांस लेने में परेशानी या थकान, पसीने के साथ बेचैनी एवं अचानक बने-घटने वाले ब्लड प्रेशर को नजरअंदाज नहीं किया जाए।

डॉक्टर समीर ने बताया ने बताया कि जरूरी संदेश यह है कि महिलाओं के हृदय स्वास्थ्य पर उतना ही ध्यान दिए जाने की आवश्यकता है, जितना पुरुषों के स्वास्थ्य पर। समय पर जीवनशैली में किए जाने वाले बदलाव और जरूरी कदम से जोखिम कारकों को टालते हुए समस्याओं से बचा जा सकता है। महिलाओं को हृदय रोगों के संकेतों और जोखिम के प्रति जागरूकता रखते हुए समय परीक्षण और नियमित चेकअप करवाते रहना चाहिए। इसमें संबंधित केस के आधार पर डॉक्टर के परामर्श से ईसीजी, स्ट्रेस इको, टीएमटी, ईको और सिटी एंजियो आदि शामिल है।

### महिलाएं क्या करें और क्या नहीं

- हार्ट की समस्याओं से बचने के लिए महिलाओं को निम्नलिखित बातों पर ध्यान रखना चाहिए।
- नियमित हार्ट चेकअप को नजरअंदाज नहीं करें।
- प्रतिदिन कम से कम 30 मिनट व्यायाम करें।
- स्मोकिंग ना करें, स्मोकिंग करने वाली महिलाओं में हृदय रोगों का खतरा युवा उम्र में ही ब जाता है। यहां तक कि पेसिव स्मोकिंग भी खतरनाक है और इसका एक्सपोजर भी अवाइड किया जाना चाहिए।
- प्रतिदिन 30 एमएल से अधिक शराब का सेवन नहीं करें।
- स्वास्थ्यकर भोजन की आदतों पर ध्यान दें।
- बाईं ओर छाती में दर्द या भारीपन होने, सांस लेने में परेशानी आने, थकान लगने, पसीने के साथ बैचेनी होने, घबराहट या अचानक ब्लड प्रेशर बने या घटने जैसी समस्याओं को नजरअंदाज नहीं करते हुए तुरंत डॉक्टर से परामर्श लें।

### कब पड़ती है एंजियोग्राफी की जरूरत

कुछ प्रकरणों में आवश्यक होने पर डॉक्टर एंजियोग्राफी का परामर्श भी देते हैं। यदि एंजियोग्राफी से दिल में कोई समस्या सामने आती है तो इसका उपचार और प्रबंधन स्टेनिंग के साथ एंजियोप्लास्टी आदि से किया जाता है। एंजियोप्लास्टी का उपयोग ब्लड फ्लो को सामान्य करने के लिए किया जाता है। इस प्रक्रिया में एक लंबी, पतली ट्यूब (कैथेटर) आर्टरी के सिकुड़े हुए हिस्से में डाली जाती है। एक पतले तार की जाली (स्टंट) को एक गुब्बारे पर रखकर कैथेटर से सिकुड़ी हुई आर्टरी में डालकर गुब्बारे को फुलाया जाता है, यह संकुचित आर्टरी की दिवारों पर स्टंट को संकुचित आर्टरी में छोड़ देता है। ड्रग मिले हुए स्टंट दवाई छोड़ते हैं और संकुचित आर्टरी को ठीक करने की प्रक्रिया में मदद करते हैं।


### सेहत

## आर्मपिट (कांख) के दर्द को न करें नजरअंदाज

दर्द चाहे आपके शरीर के किसी भी पार्ट में हो, इसे नजरअंदाज करने की गलती कभी न करें। अक्सर जब लोगों के कांख या बगल मे दर्द होता है तो उसे वो छोटा-मोटा दर्द समझकर इग्नोर कर देते हैं, जो आगे चलकर खतरनाक साबित हो सकता है। दरअसल आपके बगल या काख मे दर्द कई तरीके के स्वस्थ्य समस्याओं का संकेत हो सकता है। आपके बगल में दर्द हमेशा मांसपेशी को तनाव के कारण ही नहीं होता है इसके कई खतरनाक कारण भी होते हैं। यहां तक कि ये कोई इंफेक्शन और स्तन कैंसर जैसी गंभीर स्थितियों का भी संकेत हो सकता है। इसलिए कभी भी अपने बगल के दर्द को नजरअंदाज न करें। ऐसा क्यों ये हम आपको बताते हैं।

### स्किन इंफेक्शन हो सकता है

अगर आपके बगल में दर्द हो रहा है तो हो सकता है कि आपके कांख का कोई बाल टूट गया हो या फिर कोई घाव हो गया हो। इस तरह स्किन इंफेक्शन भी बगल के दर्द का कारण हो सकता है। अपनी बाहों के नीचे शेविंग या वैक्सिंग आपकी त्वचा में इंफेक्शन का कारण हो सकती है। कुछ डिओडोरेंट या कपड़े धोने वाले डिटर्जेंट एक एलर्जी प्रतिक्रिया को ट्रिगर कर सकते हैं, जिसके कारण भी आपके बगल में घाव हो सकता है। चकत्ते, घाव और अन्य त्वचा की समस्याएं भी अधिक गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का परिणाम हो सकती हैं। उदाहरण के लिए, हिडेनडाईनाइटिस सपुराटिवा आपकी बाहों के नीचे मुंहासों की तरह दिखता है, लेकिन वास्तव में बहुत अधिक गंभीर समस्या है जो आगे चलकर एक प्रकार के स्किन कैंसर का कारण बन सकती है। इसके अलावा इससे ब्लूडिंग भी हो सकती है।



### सूजन

ऐसे में आप ऐसी किसी भी गतिविधि से ब्रेक लें और मांसपेशियों को आराम देते हैं। आप दर्द और सूजन को कम करने के लिए बगल में बर्फ से सिकाई भी कर सकते हैं। अगर हफ्ते भर में ये दर्द ठीक न हों तो डॉक्टर से संपर्क करें। इस तरह आप बगल के किसी भी छोड़े-बड़े दर्द को अनदेखा न करें। साथ ही, जैसे ही आपको लगे कि शरीर में इसके साथ अन्य गड़बड़ियां भी महसूस हो रही हैं तो तुरंत डॉक्टर को दिखाएं।

### ब्रेस्ट कैंसर

महिलाओं में ब्रेस्ट कैंसर भी बगल के दर्द का एक कारण हो सकती है। इस तरह के दर्द को लोग शुरुआती ब्रेस्ट कैंसर के लक्षण के रूप में भी देखते हैं। स्तन कैंसर तब होता है जब आपके स्तन में कोशिकाएं अनियंत्रित रूप से बढ़ने लगती हैं। वे आमतौर पर एक ट्यूमर बनाते हैं। इसलिए इसके शुरुआती फेज में आपके बगल के आसपास दर्द और सूजन हो सकता है। इसके अलावा आपके लिम्फ नोड्स में स्तन कैंसर का प्रसार भी ब्रेस्ट कैंसर का कारण हो सकता है। इसलिए जैसे ही आपको अपने बगल में सूजन या दर्द महसूस हो डॉक्टर को जरूर दिखाएं।

### लिम्फ नोड्स में सूजन

आपका लिम्फेटिक सिस्टम पूरे शरीर में पाए जाने वाले नोड्स या ग्रंथियों का एक नेटवर्क है। लिम्फ एक तरल पदार्थ है जो संक्रमण से लड़ने में मदद करता है। शरीर के दोनों तरफ बगल के पास लिम्फ नोड्स की एकाग्रता होती है। अगर आप सर्दी या फ्लू है से पीड़ित है तो आपके लिम्फ नोड्स सूजन हो सकती है। इसके अलावा कई प्रकार की लिम्फेटिक सिस्टम से संबंधी स्थितियां भी, बगल में दर्द का कारण बन सकती हैं। उदाहरण के लिए, लिम्फेडेमा तब होता है जब लिम्फ नोड में रुकावट होती है और अंदर तरल पदार्थ का निर्माण होता है। तब आपके बगल में दर्दनाक सूजन हो सकती है। लिम्फेडेमा के इलाज में इन लिम्फ नोड्स को भी हटाना पड़ सकता है। एक अन्य स्थिति, लिम्फैडेनोपैथी भी लिम्फ नोड्स के विस्तार का कारण बनती है। यह लिम्फेटिक सिस्टम में एक इंफेक्शन के कारण होता है, जिसे लिम्फैडेनाइटिस कहा जाता है।

### मांसपेशियों में तनाव

आपकी कांख और आसपास की छाती और बांह का क्षेत्र ब्लड वेस्लस, नसों और मांसपेशियों से बना होता है। आपके शरीर की अन्य मांसपेशियों की तरह जब इस पर किसी भी प्रकार का जोड़ पड़ता है ये मांसपेशियों में तनाव पैदा हो जाता है। मांसपेशियों में खिंचाव के लक्षण इस बात पर निर्भर करते हैं कि तनाव कितना गंभीर है।

# सभी दलों में चुनाव दर चुनाव बढ़ती जा रही है बागियों की संख्या



गुंजन सिंह, स्वतंत्र पत्रकार

टिकट बंटवारे में आलाकमान बहुत बारीकी से निर्णय लेता है, महीनों तक भीतर-ही-भीतर योग्य उम्मीदवार की पात्रता के संबंध में पार्टी की चलने वाली गंभीर विश्लेषण-जांच एवं अनुसंधान की गहरी भूमिका होती है, अब कोई धमक, सेवा एवं पैसा काम नहीं आता। पांच राज्यों के विधानसभा से पहले अनेक राजनीतिक दलों एवं उनके नेताओं के बीच बड़ी उठापटक, खींचतान एवं चरित्रगत बदलाव देखने को मिल रहे हैं। राजस्थान एवं मध्य प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी एवं कांग्रेस ही आमने-सामने की स्थिति में हैं, लेकिन टिकट बंटवारे को लेकर इन दोनों ही दलों में दोनों ही राज्यों में व्यापक बदलाव देखने को मिल रहा है। दोनों ही दलों में अपने आपको पार्टी का सर्वेसर्वा मानने वाले नेताओं की इस बार टिकट बंटवारे में दाल नहीं गली और वे अपने चेहतों को टिकट देने में नाकाम साबित हुए, जिससे दोनों ही दलों में भारी असंतोष एवं विद्रोह देखने को मिल रहा है। प्रदेश के शीर्ष नेताओं को भी टिकट न मिलने से बागी एवं बगावती स्वर उभर रहे हैं। सबसे बड़ा सवाल तो यह है कि क्या अब चुनाव का टिकट पाना या उसका कटना ही नेताओं के जीवन-मरण का प्रश्न बन गया है? क्या पार्टी के प्रति बफादारी का गुब्बारा एक टिकट न मिलने की सूई से ही हवा शून्य हो गया है? एक प्रश्न और है कि टिकट क्या किन्हीं नेताओं की बपौती है, फिर बाकी कार्यकताओं का क्या वजूद है जो सालों से पार्टी के लिये जी-जान लगाये होते हैं? क्या राजनीति अब सबसे ज्यादा लाभ और रौब का धंधा बन चुकी है? लोकतंत्र में जब मूल्य एवं सिद्धान्त कमजोर हो जाते हैं और सिर्फ निजी हैसियत को ऊंचा करना ही महत्वपूर्ण हो जाता है वह लोकतंत्र निश्चित रूप से कमजोर हो जाता है।

अफसोस, कि जिस जन की सेवा के लिए चुनाव टिकट रूपी एंट्री पास तैयार किया गया है, वह ह्यजनह्न पहले भी हतप्रभ था, आज भी है और शायद आगे भी रहेगा। क्योंकि आम मतदाता तो पहले भी ठगा जाता था, गुमराह किया जाता था। आज भी उसके साथ यही हो रहा है? टिकट की दौड़ के लिये सक्रिय होने एवं पांच साल में केवल चुनाव के समय नजर आने वाले उम्मीदवारों को दोनों पार्टियों ने टिकट न देकर एक नया उदाहरण प्रस्तुत किया है। राजनीति में ऐसे ही साहसिक एवं अभिनव प्रयोग की अपेक्षा है, ताकि राजनीति में प्रतिनिधित्व की पात्रता किन्हीं सीमित हाथों से बाहर आये एवं नये चेहरों को अपना हुनर दिखाने का अवसर मिले। राजस्थान विधानसभा चुनावों के लिए नामांकन के आखिरी दिन अनेक चेहरों को निराशा हाथ लगी है। भाजपा की आखिरी लिस्ट आ चुकी है, लेकिन इस लिस्ट में केंद्रीय नेतृत्व ने वसुंधरा राजे को किनारे कर दिया है। भाजपा ने इस बार वसुंधरा राजे के कई समर्थकों के टिकट काट दिए हैं। इनमें अशोक परनामी, अरुण चतुर्वेदी प्रमुख हैं और दोनों नेता ऐसे हैं जो पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष भी रह चुके हैं। इनके साथ ही पूर्व मंत्री एवं राजे के खास यूनुस खान का भी टिकट काट दिया गया है। राजपाल सिंह शेखावत और राव राजेन्द्र का टिकट भी पार्टी ने काट दिया है। कांग्रेस में भी ऐसे अनेक महत्वपूर्ण चेहरों को निराशा हाथ लगी है। टिकट न मिलने से पार्टी के इन वफादार सैनिकों के स्वरों में भी बगावत देखने को मिल रही है। निश्चित ही दोनों ही दलों में टिकट बंटवारे में आजमाये इन नये प्रयोगों का व्यापक असर देखने को मिलेगा। राजस्थान के अनेक राजनीतिक विश्लेषकों से चर्चा से यह तथ्य भी सामने आया है कि दलों में हो रहे इन बदलावों का नकारात्मक ही नहीं, सकारात्मक परिणाम भी सामने आयेगा।



चुनाव के समय राजनीतिक दलों में टिकट वितरण को लेकर असंतोष होना स्वाभाविक है। जो राजनीतिक कार्यकर्ता वर्षों मेहनत करे और टिकट वितरण के समय उसे दरकिनार कर दूसरे या किसी आयातित व्यक्ति को टिकट दे दिया जाए तो राजनीति में निष्ठा और समर्पण का पैमाना अपने आप ध्वस्त होने लगता है। वैसे भी हर पार्टी में एक सीट पर टिकट के एक से अधिक आकांक्षी होते हैं। दलों की संवैधानिक मयार्दा एवं सीमाएं हैं कि वे चुनाव में किसी एक को ही टिकट दे सकती हैं। ऐसे में बाकी को या तो पार्टी के अधिकृत उम्मीदवार का समर्थन करना होगा या फिर दूसरे किसी दल से टिकट लेकर अथवा निर्दलीय चुनाव में खड़ा होना होगा। टिकट न मिलने वालों को अपनी नाराजगी प्रकट करने का अधिकार है, वे चाहें तो पार्टी हाई कमान और टिकट वितरणकताओं के सामने खुलकर अपनी नाराजगी का प्रदर्शन कर मन को हल्का करें या अनैतिक विकल्प के तौर पर पार्टी में रहकर ही भितरघात कर पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी को हरवाकर अपनी उपेक्षा का बदला लें और अगले चुनाव में अपनी उम्मीदवारी का खाता खुला रखें। राजस्थान में ऐसे ही सीन बन रहे हैं, अब विरोध के प्राचीन तरीकों जैसे कि नारेबाजी, धरना प्रदर्शन से मीलों आगे जाकर शीर्ष नेताओं के घरों के सामने आत्मदाह करने, पार्टी दफ्तरों पर हमले, नेताओं के कपड़े फाड़ने, हाथापाई, सामूहिक इस्तीफे और टिकट कटने के बाद मातमी अंदाज में जार-जार आंसू बहाने की स्थितियां समाप्त हो गयी हैं। अब तो पार्टियों में विरोध प्रदर्शन का सबसे सशक्त हथियार निर्दलीय चुनाव लड़ना या भितरघात करना ही देखने को मिल रहा है। मानो सभी दलों में अनुशासनहीनता और अराजकता की एक अघोषित स्पर्धा चल रही हो, जिसमें हर असंतुष्ट अपने गिरोह के साथ दूसरे को पीछे छोड़ने की दबंगई में लगा है। ऐसा नहीं है कि आला नेताओं को कार्यकताओं के इस तरह उग्र अथवा बागी होने का अंदाजा न हो। लेकिन पार्टियां चुनाव का टिकट बांटती हैं तो टिकट देने और टिकट काटने के उसके अपने पैमाने होते हैं। उनकी अपनी सीमाएं भी होती हैं।

टिकट बंटवारे में आलाकमान बहुत बारीकी से निर्णय लेता है, महीनों तक भीतर-ही-भीतर योग्य उम्मीदवार की पात्रता के संबंध में पार्टी की चलने वाली गंभीर विश्लेषण-जांच एवं अनुसंधान की गहरी भूमिका होती है, अब कोई धमक, सेवा एवं पैसा काम नहीं आता। यहां तक बड़े नेताओं के निजी संबंध भी अब कारगर नहीं रहे। एक-एक पात्र उम्मीदवार पर हर कोण से गंभीर रिपोर्ट तैयार होती है और वही टिकट बंटवारे का माध्यम बनती है। इसलिये अब बगावत एवं विद्रोह के उतने नुकसान भी नहीं देखने को मिलते, जितने पहले हुआ करते थे। पार्टी हित में शीर्ष नेतृत्व ऐसे बगावती स्वरों को शांत करने की पूरी कोशिश करता है। राजस्थान में अनेक टिकट वंचित उम्मीदवार छोटे दलों के टिकट पर या निर्दलयी चुनाव मैदान में उतरने का एलान कर चुके हैं। हालांकि, नाराजों को बिठाने और चुप कराने के लिए दोनों दलों में बड़े नेता साम-दाम-दंड-भेद सभी तरीके अपनाने में लगे हैं। लेकिन राजनीतिक कार्यकर्ता यह बखूबी जानता है कि बड़े नेताओं द्वारा उससे किए वादे भी ज्यादातर चुनावी वादों की तरह खोखले अथवा आधे-अधूरे होते हैं। साथ में यह भी सच है कि बड़े दलों में अब वो ऋषि एवं कद्दावर राजनेताओं का अभाव है, जिनके इशारों पर आक्रोश एवं विद्रोह शांत हो जाते थे। ऐसे दिग्गज नेताओं का नैतिक प्रभाव खत्म होने के बाद आजकल कार्यकताओं को मनाने का फामूर्ला मोटे तौर पर अगले चुनाव में टिकट के वादे, सत्ता में आने पर किसी पद की रेवड़ी, या फिर बात-बेबात उसकी पीठ थपथपाने, मंच से तारीफ के दो शब्द कहकर भावनात्मक शोषण करने या फिर धन के रूप में ही देखने को मिल रहा है।

## आज का राशिफल



स्वामी रत्नेश जी
भारत ज्योतिष शिरोमणि,
नई दिल्ली ।

**मेष राशि :-** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कठिन परिश्रम से कार्यों में सफलता मिलेगी, जिससे मन में उत्साह रहेगा, लेकिन कार्यक्षेत्र में थोड़ा सरल व समझौतावादी बने रहने का प्रयास करें। सोच समझकर कोई निर्णय लें, तो ही बेहतर होगा। जल्दबाजी में उठाए गए कदम नुकसान पहुंचा सकते हैं। कोई भी नया काम शुरू न करें। परिवार के साथ धर्म ध्यान में समय बिताएं। मित्रों से मुलाकात अच्छी रहेगी।

**वृषभ राशि :-** आज का दिन सामान्य रहेगा। कार्यक्षेत्र में कठिन परिश्रम के बावजूद सफलता कम मिलेगी। क्रोध पर नियंत्रण एवं वाणी पर संयम रखें, अन्यथा किसी विवाद में फंस सकते हैं। परिवारिक समस्याएं परेशान करेंगी। ऐसी स्थिति में पूर्ण विवेक से काम लेना होगा। परिजनों का पूरा सहयोग मिलेगा, लेकिन किसी बात को लेकर बहस होने के आसार रहेंगे, जिससे मानकि परेशानी बढ़ेगी। सेहत अच्छी रहेगी।

**मिथुन राशि :-** आज का दिन अच्छा रहेगा। कार्यक्षेत्र में आर्थिक लाभ के योग रहेंगे। किसी महत्वपूर्ण कार्य की सार्थकता के लिए प्रयत्नशील होगा। कठिन परिश्म से रचनात्मक योजनाओं को सार्थक करने में सफल रहेंगे। कोई नया काम शुरू करने के लिए दिन अच्छा है। पुराना अटका धन भी मिल सकता है। परिवार के साथ समय बिताएं, मानसिक सुख और शांति मिलेगी। खान-पान का ध्यान रखना होगा।

**कर्क राशि :-** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कारोबार में अड़चनें आएंगी और कार्यों में सफलता कम मिलेगी। संतान संबंधी दायित्वों के प्रति मन चिंतित होगा। भविष्य के प्रति नकारात्मक विचार उत्साह में कमी ला सकते हैं। कोई नया काम शुरू करना चाहते हैं या निवेश की योजना बना रहे हैं, तो उसे टालें, अन्यथा नुकसान हो सकता है। धर्म ध्यान और परिवार के साथ समय बिताएं, सेहत का ख्याल रखें।

**सिंह राशि :-** आज का दिन सामान्य रहेगा। किसी कार्य को सिद्ध करने के लिए आज ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी। कारोबार में आर्थिक लाभ तो रहेगा, लेकिन अनावश्यक खर्च अधिक होने से आर्थिक स्थिति सामान्य रहेगी। मन में किसी प्रकार की शंका न पालें, गलतियों को स्वीकार कर सगे-संबंधियों के बीच अपने रिश्तों को सुधारें। किसी पुराने मित्र या रिश्तेदार से मुलाकात होने पर खुशी मिलेगी।

**कन्या राशि :-** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कारोबार सामान्य रहेगा। अनावश्यक खर्च बढने. से आर्थिक स्थिति कमजोर हो सकती है। नकारात्मक विचारों को त्याग अपनी क्षमताओं का पूरा उपयोग करें। भविष्य को लेकर योजनाएं बना सकते हैं। नये काम की शुरूआत कर रहे हैं, तो दूसरी को सलाह न लें। अपनों से धोखा मिल सकता है। रोजगार और शिक्षा के क्षेत्र में कोई शुभ समाचार मिल सकता है।

**तुला राशि :-** आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा। कार्यक्षेत्र में आर्थिक लाभ मिलने के योग रहेंगे। परिश्रम से सभी कार्यों में सफलता मिलेगी और सृजनात्मक विचारों का भरपूर लाभ उठाएंगे। स्वाभिमानी स्वभाव लोकप्रियता दिलाने में सहायक होगा। बेरोजगार को रोजगार के अवसर और नौकरी में तरक्की मिलने के आसार रहेंगे। शारीरिक और मानसिक रूप से थकान का अनुभव करेंगे। सेहत का ख्याल रखें।

**वृश्चिक राशि :-** आज का दिन शुभ रहेगा। कारोबार विस्तार की योजना बना सकते हैं। कार्यक्षेत्र में कठिन परिश्रम से अपने काम को नई पहचान दिलाएंगे। व्यवसाय में नये निवेश का अवसर मिलेगा। करीबियों से पुराने गिले-शिकवे दूर होंगे। पुरानी बातें भूलकर वर्तमान के साथ समझौता करें, छोटी-छोटी बातों को लेकर परिवार में तनाव की स्थिति पैदा न होने दें। परिवार के साथ समय बिताएंगे। सेहत का ख्याल रखें।

**धनु राशि :-** आज का दिन अच्छा रहेगा। कारोबार में आकस्मिक लाभ और नौकरी में तरक्की के योग रहेंगे। हालांकि, कुछ अड़चनें आ सकती हैं, लेकिन कठिन परिश्रम से कार्यों में सफलता मिलेगी। परिस्थितियों के हिसाब से अपने आप को ढालने की कोशिश करें। परिवार के साथ समय बिताएंगे तो संबंध भी मधुर होंगे। पुराने मित्रों से मुलाकात हो सकती है। यात्रा को टालें। सेहत अच्छी रहेगी।

**मकर राशि :-** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। व्यापार-धंधा अच्छा चलेगा। कार्यक्षेत्र में कुछ नई योजनाओं को सार्थक करेंगे। व्यक्तिगत संबंध परिवार में विवाद का कारण बन सकते हैं। कोर्ट में कोई पुराना लंबित मामला चल रहा है तो वह सुलझ सकता है। अनावश्यक खर्च पर नियंत्रण रखना होगा। परिवार में कलह हो सकती है। खान-पान का ध्यान रखें और क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**कुम्भ राशि :-** आज का दिन सामान्य रहेगा। शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में कोई अच्छी खबर मिल सकती है। बेरोजगारों को रोजगार के अवसर मिलने के आसार हैं। विद्यार्थियों के लिए समय अच्छा रहेगा और उन्हें परिश्रम के सकारात्मक परिणाम मिलेंगे। धार्मिक कार्यों में भाग ले सकते हैं। कारोबार मध्यम रहेगा। परिवार का पूरा सहयोग मिलेगा और घर में माहौल अच्छा रहेगा। सेहत को लेकर सतर्क रहें।

**मीन राशि :-** आज का दिन अच्छा रहेगा। कार्यक्षेत्र में कुछ परेशानियां आ सकती हैं, लेकिन अपनी बुद्धिमत्ता से समस्याओं का समाधान करने में सक्षम होंगे और उत्साह पूर्वक नई योजनाओं को क्रियान्वित कर सकेंगे। रोजगार और व्यवसाय के क्षेत्र में लाभ मिलेगा। कारोबार में नए निवेश के अवसर खुलेंगे। नौकरी में स्थान परिवर्तन हो सकता है। दाम्पत्य जीवन खुशहाल रहेगा। सेहत का ध्यान रखें।

# पर्सनल लॉ की वकालत करने वाले क्या इससे होने वाली परेशानियों को जानते हैं?



आर्टिकल 37 में स्पष्ट रूप से लिखा है कि नीति निर्देशक सिद्धांतों को लागू करना सरकार की फंडामेंटल ड्यूटी है। जिस प्रकार संविधान का पालन करना सभी नागरिकों की फंडामेंटल ड्यूटी है उसी प्रकार संविधान को शत प्रतिशत लागू करना सरकार की फंडामेंटल ड्यूटी है। आर्टिकल 14 के अनुसार देश के सभी नागरिक एक समान हैं, आर्टिकल 15 जाति, धर्म, भाषा, क्षेत्र और जन्म स्थान के आधार पर भेदभाव का निषेध करता है, आर्टिकल 16 सबको समान अवसर उपलब्ध कराता है, आर्टिकल 19 देश में कहीं पर भी जाकर पढ़ने, रहने, बसने, रोजगार करने का अधिकार देता है और आर्टिकल 21 सबको सम्मान पूर्वक जीवन जीने का अधिकार देता है। आर्टिकल 25 धर्म पालन का अधिकार देता है लेकिन अधर्म पालन का नहीं, रीतियों को पालन करने का अधिकार देता है लेकिन कुरीतियों को नहीं, प्रथा को पालन करने का अधिकार देता है लेकिन कुप्रथा को नहीं। देश के सभी नागरिकों के लिए एक समग्र समावेशी और एकीकृत भारतीय नागरिक संहिता लागू होने से आर्टिकल 25 के अंतर्गत प्राप्त मूलभूत धार्मिक अधिकार जैसे पूजा, नमाज या प्रार्थना करने, व्रत या रोजा रखने तथा मंदिर, मस्जिद, चर्च, गुरुद्वारा का प्रबंधन करने या धार्मिक स्कूल खोलने, धार्मिक शिक्षा का प्रचार प्रसार करने या विवाह-निकाह की कोई भी पद्धति अपनाने या मृत्यु पश्चात अंतिम संस्कार के लिए कोई भी तरीका अपनाने में किसी भी तरह का हस्तक्षेप नहीं होगा।

विवाह की न्यूनतम उम्र, विवाह विच्छेद (तलाक) का आधार, गुजारा भत्ता, गोद लेने का नियम, विरासत और वसीयत का नियम तथा संपत्ति का अधिकार सहित उपरोक्त सभी विषय सिविल राइट, ह्यूमन राइट, जेंडर जस्टिस, जेंडर इक्वालिटी और राइट टू लाइफ से सम्बन्धित हैं जिनका न तो मजहब से किसी तरह का संबंध है और न तो इन्हें धार्मिक या मजहबी व्यवहार कहा जा सकता है लेकिन आजादी के 75 साल बाद भी धर्म या मजहब के नाम पर महिला-पुरुष में भेदभाव जारी है। हमारे संविधान निर्माताओं ने अनुच्छेद 44 के माध्यम से 'समान नागरिक संहिता' की कल्पना की थी ताकि सबको समान अधिकार और समान अवसर मिलें और देश की एकता अखंडता मजबूत हो लेकिन वोट बैंक राजनीति के कारण आजतक 'समान नागरिक संहिता या भारतीय नागरिक संहिता' का एक ड्राफ्ट भी नहीं बनाया गया। जिस दिन 'भारतीय नागरिक संहिता' का एक ड्राफ्ट बनाकर सार्वजनिक कर दिया जाएगा और आम जनता विशेषकर बहन-बेटियों को इसके लाभ के बारे में पता चल जाएगा, उस दिन कोई भी इसका विरोध नहीं करेगा। सच तो यह है कि जो लोग समान नागरिक संहिता के बारे में कुछ नहीं जानते हैं वे ही इसका विरोध कर रहे हैं।

आर्टिकल 37 में स्पष्ट रूप से लिखा है कि नीति निर्देशक सिद्धांतों को लागू करना सरकार की फंडामेंटल ड्यूटी है। जिस प्रकार संविधान का पालन करना सभी नागरिकों की फंडामेंटल ड्यूटी है उसी प्रकार संविधान को शत प्रतिशत लागू करना सरकार की फंडामेंटल ड्यूटी है। किसी भी सेक्युलर देश में धार्मिक आधार पर अलग-अलग कानून नहीं होता है लेकिन हमारे यहाँ आज भी हिंदू मैरिज एक्ट, पारसी मैरिज एक्ट और ईसाई मैरिज एक्ट लागू है, जब तक भारतीय नागरिक संहिता लागू नहीं होगी तब तक भारत को सेक्युलर कहना सेक्युलर शब्द को गाली देना है। यदि गोवा के सभी नागरिकों के लिए एक 'समान नागरिक संहिता' लागू हो सकती है तो देश के सभी नागरिकों के लिए एक 'भारतीय नागरिक संहिता' क्यों नहीं लागू हो सकती है? जाति धर्म भाषा क्षेत्र और लिंग आधारित अलग-अलग कानून 1947 के विभाजन की बुझ चुकी आग में सुलगते हुए धुएं की तरह हैं जो विस्फोटक होकर देश की एकता को कभी भी खण्डित कर सकते हैं इसलिए इन्हें समाप्त कर एक 'भारतीय नागरिक संहिता' लागू करना न केवल धर्मनिरपेक्षता को बनाए रखने के लिए बल्कि देश की एकता-अखंडता को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए भी अति आवश्यक है। दुर्भाग्य से 'भारतीय नागरिक संहिता' को हमेशा तुष्टीकरण के चश्मे से देखा जाता रहा है। जब तक भारतीय नागरिक संहिता का ड्राफ्ट प्रकाशित नहीं होगा तब तक केवल हवा में ही चर्चा होगी और समान नागरिक संहिता के बारे में सब लोग अपने अपने तरीके से व्याख्या करेंगे और भ्रम फैलाएंगे इसलिए विकसित देशों में लागू समान नागरिक संहिता और गोवा में लागू गोवा नागरिक संहिता का अध्ययन करने और भारतीय नागरिक संहिता का ड्राफ्ट बनाने के लिए तत्काल एक ज्यूडिशियल कमीशन या एक्सपर्ट कमेटी बनाना नितांत आवश्यक है। मुस्लिम पर्सनल लॉ में बहु-विवाह करने की छूट है लेकिन अन्य धर्मों में 'एक पति-एक पत्नी' का नियम बहुत कड़ाई से लागू है। बांझपन या नपुंसकता जैसा उचित और व्यावहारिक कारण होने पर भी हिंदू, ईसाई, पारसी के लिए दूसरा विवाह करना एक गंभीर अपराध है और भारतीय दंड संहिता की धारा 494 में बहुविवाह के लिए 7 वर्ष की सजा का प्रावधान है इसीलिए कई लोग दूसरा विवाह करने के लिए मुस्लिम धर्म अपना लेते हैं। भारत जैसे सेक्युलर देश में मौज मस्ती के लिए भी चार निकाह जायज हैं जबकि इस्लामिक देश पाकिस्तान में पहली बीवी की इजाजत के बिना शौहर दूसरा निकाह नहीं कर सकता है। मानव इतिहास में 'एक पति- एक पत्नी' का नियम सर्वप्रथम भगवान श्रीराम ने लागू किया था और यह किसी भी प्रकार से धार्मिक या मजहबी विषय नहीं बल्कि ₹सिविल राइट, ह्यूमन राइट, जेंडर जस्टिस, जेंडर इक्वालिटी और राइट टू डिग्निटी₹ का मामला है इसलिए यह जेंडर न्यूट्रल और रिलिजन न्यूट्रल होना चाहिए।

# इंटरनेट की दुनिया में बढ़ते जोखिम

भारत ने एक बार फिर इंटरनेट की दुनिया में बढ़ते जोखिम के मद्देनजर बड़ी कार्रवाई करते हुए यह सख्त संदेश दिया है कि अगर आधुनिक तकनीकी के नाम पर धोखाधड़ी या ठगी जैसी अवांछित गतिविधियां चलाई जाएंगी तो उसे निर्बाध नहीं छोड़ा जा सकता। यह कोई छिपा तथ्य नहीं है कि स्मार्टफोन या टैब के जरिए कुछ सुविधाओं के लिए लोग अलग-अलग ऐप के इस्तेमाल पर निर्भर होते जा रहे हैं। मगर सुविधा के साथ-साथ कई ऐप आज ठगी और धोखाधड़ी का भी हथियार बन रहे हैं। इस तरह के मामलों में तेजी से बढ़ोतरी के मद्देनजर इनसे सावधान रहने और बचने की सलाह तो दी जा रही थी, मगर जागरूकता की कमी की वजह से कई लोग इसके शिकार हो जाते थे। ऐसे ज्यादातर ऐप चीन में बनाए गए और वहीं से संचालित भी होते हैं। इसी के मद्देनजर सरकार ने इस बार दो सौ बत्तीस चीनी ऐप पर प्रतिबंध लगाने का आदेश देकर यह बताने की कोशिश की है कि अगर तकनीकी को फजीर्वाड़े का हथियार बनाया जाएगा तो ऐसा करने के लिए उसे खुला नहीं छोड़ा जाएगा।


गौरतलब है कि इससे पहले भी सरकार कई चरणों में चीन आधारित ऐप पर पाबंदी लगा चुकी है, ताकि इनके जरिए अवांछित गतिविधियों पर रोक लगाई जा सके। लेकिन इंटरनेट की दुनिया इतनी विस्तृत है कि धोखाधड़ी करने वाले कोई नया चोर दरवाजा तलाश लेते हैं। अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि सरकार ने इस बार जिन दो सौ बत्तीस ऐप पर पाबंदी लगाने का आदेश जारी किया, उनमें एक सौ अड़तीस सट्टा लगाने वाले और चौरानबे ऋण देने के नाम पर अपना कारोबार चला रहे थे। ऋण देने वाले ऐप के जरिए लोगों को मामूली दर पर पैसा मुहैया कराया जाता है, मगर किसी ग्राहक के इस जाल में फंसने के बाद उनसे तीन हजार फीसदी तक ब्याज की रकम वसूली की जाती है। अगर कोई व्यक्ति ऐसा करने में सक्षम नहीं होता तो उसे कई तरह से परेशान किया जाता है। ऐसी अनेक खबरें आ चुकी हैं, जिनमें इन ऐप के जरिए कर्ज के जाल में फंसे कुछ व्यक्तियों ने आत्महत्या तक कर ली। इसके अलावा, कई ऐप का बेजा इस्तेमाल जासूसी और झूठा प्रचार के तौर पर भी किए जाने की आशंका खड़ी हो रही थी। इनसे भारतीय नागरिकों की निजी जानकारियों या डेटा की सुरक्षा पर जोखिम पैदा हो सकता था। जाहिर है, ये ऐप एक तरह से देश में अस्थिरता पैदा करने के लिहाज से भी खतरनाक साबित हो सकते थे। दरअसल, आधुनिक तकनीकी और विज्ञान ने मनुष्य के जीवन को आसान और बेहतर गुणवत्ता से लैस किया है। लेकिन यह भी हुआ है कि इसके इस्तेमाल के साथ कई तरह के जोखिम भी सामने आए हैं। खासतौर पर जिस तरह की तकनीकी ने अपने विस्तार के साथ आम लोगों तक पहुंच बनाई है, उसी अनुपात में उनके उपयोग को लेकर जागरूकता और प्रशिक्षण का स्तर अभी काफी कम है। उदाहरण के लिए स्मार्टफोन संवाद के अलावा कई तरह के काम की सुविधा और गुणवत्ता के लिए एक बेहतर तकनीक है। लेकिन इसमें अलग-अलग ऐप के रूप में रोज जुड़ रही नई सुविधाएं प्रथम दृष्टया बेहद उपयोगी लगती हैं, मगर उनका उपयोग जोखिम भी साथ लाता है। पिछले कुछ समय से इन ऐप का इस्तेमाल करने वाले बहुत सारे लोग विभिन्न रूपों में धोखाधड़ी का शिकार हो रहे हैं। इसलिए सरकार ने चीन में तैयार ऐप पर पाबंदी का आदेश दिया है तो इसे भारत में आम लोगों के हित में लिया गया फैसला कहा जा सकता है।

# नदियों की सेहत का रखें ख्याल

नदियों में बढ़ते प्रदूषण पर चिंता प्रकट करते समय आमतौर पर गंगा और यमुना जैसी बड़ी नदियों में गिरती गंदगी को रेखांकित किया जाता है। मगर सच्चाई यह है कि देश की तमाम नदियों का पानी उपयोग लायक नहीं रह गया है। यही नदियां गंगा और यमुना आदि मुख्य नदियों में जाकर मिलती हैं और उनका प्रदूषण और बढ़ा देती हैं। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने अपनी रिपोर्ट में बताया है कि देश की दो सौ उनासी नदियां तीन सौ ग्यारह जगहों पर पहुंच कर प्रदूषित हो जाती हैं। यह रपट संसद में पेश की गई। हालांकि सरकार का कहना है कि नमामि गंगे योजना और नदी संरक्षण योजना के अंतर्गत चलाई जा रही परियोजनाओं के चलते नदियों में प्रदूषण रोकने में काफी मदद मिली है। मगर हकीकत क्या है, यह देश की किसी भी नदी को साक्षात देखने से प्रकट हो जाती है। कई जगहों पर तो केंद्र और राज्य सरकारों के बीच इन नदियों को प्रदूषण मुक्त करने को लेकर सियासी रस्साकशी तक देखी जाती है। हालांकि यह रिपोर्ट कोई पहली बार नहीं आई है और न नदियों में बढ़ते प्रदूषण स्तर के कारण ही केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से छिपे हैं, मगर इस पर काबू पाना क्यों कठिन बना हुआ है, इसका सही उत्तर शायद कोई देना नहीं चाहता।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड हर बार अपने अध्ययन में यह तथ्य पेश करता है कि विभिन्न शहरों में लगी औद्योगिक इकाइयों और आवासीय परिसरों से निकलने वाले जल-मल को बिना शोधन के नदियों में गिराए जाने की वजह से यह प्रदूषण बढ़ता है। जल शोधन संयंत्र लगाने की जरूरत सालों से रेखांकित की जाती रही है, मगर न तो राज्य सरकारों ने इसे गंभीरता से लिया और न कल-कारखानों में इसे कड़ाई से लागू किया जा सका है। अलग-अलग जगहों पर औद्योगिक इकाइयों से निकलने वाले गंदे पानी की प्रकृति अलग-अलग होती है। जिन जगहों पर कपड़े की रंगाई आदि का काम होता या चमड़े का प्रसंस्करण किया जाता है, उन कारखानों से निकलने वाले पानी में जहरीले तत्त्वों का स्तर बहुत ऊंचा होता है। इसी तरह स्टील की सफाई आदि के कारखानों से निकलने वाले पानी में जहरीले तत्त्व घुले-मिले होते हैं।

जिन इलाकों में रासायनिक उत्पाद बनते हैं, वहां से निकलने वाले पानी को सीधे बहा देना किसी भी रूप में खतरे से खाली नहीं होता। यह बात केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड अच्छी तरह जानता है, पर कभी संजीदगी से इसे रोकने का प्रयास करता नहीं देखा जाता। कभी-कभार भारी दबाव बनने पर वह कुछ कारखानों के खिलाफ औपचारिक कार्रवाइयां जरूर कर देता है। कुछ दिनों पहले ही जलवायु परिवर्तन को लेकर हुए विश्व सम्मेलन में यूनेस्को ने स्वीकार किया कि भारत के पास नदियों की बड़ी संपदा है और उनके किनारे प्राकृतिक वातावरण तैयार कर कार्बन उत्सर्जन में काफी कमी लाई जा सकती है। इसके लिए वित्तीय मदद की भी पेशकश की गई। मगर यह तभी कारगर साबित हो पाएगा, जब कारखानों और शहरी बस्तियों से निकलने वाले गंदे पानी को नदियों में सीधे गिरने से रोका जाए।



# प्रगति यात्रा के दूसरे चरण में गोपालगंज पहुंचे मुख्यमंत्री

## 138 करोड़ से 72 योजनाओं का किया शिलान्यास





**गोपालगंज।** सूबे के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार प्रगति यात्रा के दूसरे फेज में गोपालगंज पहुंचे। इस दौरान उन्होंने विभिन्न प्रखंडों के विभिन्न विभागों की 138 करोड़ की लागत वाली 72 योजनाओं का जिले वासियों को सौगात दिया गया। सीएम ने सबसे पहले सिधवलिया प्रखंड के काशी टेंगराही स्थित आईटीआई भवन का उद्घाटन किया। इसके बाद करसघाट स्थित पुस्तकालय का उद्घाटन करते हुए विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल का निरीक्षण किया। साथ पोखरे मछली का जीरा और बतख डाल कर जलाजीवन हरियाली की आगे बढ़ाया। इसके बाद मीरगंज के लिए सड़क मार्ग से ही रवाना हुए जहां उन्होंने मीरगंज विजयीपुर बायपास का उद्घाटन करने के बाद जिला समाहरणायल सभागार में पहुंच कर समीक्षा बैठक करने के बाद वापस हैलीकॉप्टर से वापस पटना के लिए रवाना हो गए। सूबे के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का प्रगति यात्रा के दूसरा चरण की शुरूआत गोपालगंज से हुई। गोपालगंज आगमन को लेकर हेलिकॉप्टर से आने की योजना थी लेकिन अत्यधिक घने कोहरे के कारण सीएम का आगमन है। सड़क मार्ग से हुआ और उन्होंने अपने यात्रा को आगे बढ़ाते हुए काशी टेंगराही स्थित 21 करोड़ 60 लाख के लागत से बनकर तैयार IT। भवन का उद्घाटन कर छात्र छात्राओं को सौगात दिए। साथ ही उन्होंने कुल 61 योजनाओं का उद्घाटन किया। इसके अलावा 3 करोड़ 51 लाख की राशि से बनने वाले जिला उत्पाद कार्यालय, चनावे जेल में एक करोड़ 62 लाख की लागत से बन रहे एक पुरुष कक्षपाल बैरक और एक करोड़ 39 लाख की लागत से बन रहे। महिला कक्षपाल बैरक समेत अन्य निर्माण कार्य शामिल हैं। कई नवनिर्मित पंचायत सरकार भवन का भी उद्घाटन हुअ। जिले के अलग-अलग गांवों में तालाब, स्वास्थ्य केंद्र, स्कूल तथा अन्य भवनों के जीर्णोद्धार का उद्घाटन हुआ। 63 लाख की लागत से हुए 13 कार्यों का उद्घाटन किया वहीं सिधवलिया प्रखंड के करसघाट पकड़ी टोला में अलग-अलग योजनाओं के तहत 63 लाख की लागत से हुए 13 कार्यों का उद्घाटन हुआ।

इसमें पोखर, पशु शेड, बत्तख शेड, बकरी शेड, रनिंग ट्रैक, चिल्ड्रेन पार्क, पुस्तकालय, स्ट्रीट लाइट,
आंगनबाड़ी केंद्र आदि शामिल हैं।

## शताब्दी समारोह के अवसर पर 24 फरवरी को 100 स्टूडेंट्स को मिलेगा गोल्ड मेडल

**पटना।** राज्य का सबसे बड़ा मेडिकल कॉलेज अस्पताल पीएमसीएच 25 फरवरी को 100 वर्ष का हो जाएगा। इस बार स्थापना दिवस के मौके पर कॉलेज शताब्दी समारोह मनाने जा रहा है। 100 साल पूरा होने पर कॉलेज में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इसमें 100 छात्र-छात्राओं को गोल्ड मेडल दिया जाएगा। इसमें यूजी में 72 तो पीजी के 28 छात्र-छात्राओं को गोल्ड मेडल देकर सम्मानित किया जाएगा। यूजी में छात्रों से अधिक छात्राओं ने गोल्ड मेडल पर कब्जा जमाया है। छात्राओं को 39 गोल्ड तो छात्रों को 33 गोल्ड मेडल मिले हैं। इसकी जानकारी को लेकर शुक्रवार को पीएमसीएच एलुमनी एसोसिएशन की ओर से एक प्रेस कॉन्फ्रेंस किया गया। एसोसिएशन के कन्वेनर डॉ. सच्चिदानंद कुमार ने इसकी पुष्टि की। कॉन्फ्रेंस में एसोसिएशन के सचिव डॉ. नरेंद्र प्रताप सिंह और कर्नल डॉ. अंसारी भी मौजूद थे। 28 पोस्ट ग्रेजुएट के छात्रों को गोल्ड मेडल : 28 पोस्ट ग्रेजुएट के छात्रों को गोल्ड मेडल दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि स्थापना दिवस के पूर्व संध्या पर यानी 24 फरवरी को संबंधित छात्रों को गोल्ड मेडल देकर सम्मानित किया जाएगा।। इस कार्यक्रम में विदेशों में रह रहे करीब दो हजार से अधिक पूर्ववर्ती छात्रों को आमंत्रित किया गया है। साथ ही उन्होंने कहा कि कार्यक्रम ज्ञान भवन में होंगे।

## स्कूल में पढ़ाई छोड़ अलाव तापते नजर आए शिक्षक



**बक्सर।** में ठंड के मौसम में बच्चों के लिए स्कूल का समय बदल गया है। करहंसी उच्च स्कूल में शनिवार को शिक्षक कक्षाओं को छोड़कर अलाव जलाकर आग तापते नजर आए। बच्चे भी पढ़ाई छोड़ इधर उधर घूमते नजर आए है। जिसका वीडियो बना कर किसी ने सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। ग्रामीणों के मुताबिक, सुबह 11:30 बजे स्कूल परिसर में शिक्षक-शिक्षिकाएं अलाव के पास बैठे थे, जबकि बच्चे परिसर और उसके बाहर घूमते देखे गए। जब ग्रामीणों ने शिक्षकों से सवाल किया, तो उन्हें फटकार लगाकर भगा दिया गया। ग्रामीणों ने जताई नाराजग ग्रामीणों का कहना है कि बच्चों की पढ़ाई के प्रति इस तरह की लापरवाही अनुचित है। उन्होंने कहा, अगर ठंड के मौसम में स्कूल खोले गए हैं, तो शिक्षकों को पढ़ाई करानी चाहिए। लेकिन यहां बच्चे अनदेखा किए जा रहे हैं, और शिक्षक खुद को आराम देने में लगे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि जब उन्होंने शिक्षकों से बातचीत की कोशिश की, तो शिक्षकों ने नाराजगी जाहिर की और उन्हें धमकाकर वहां से भगा दिया। ?शिक्षकों के इस रवैये से हम हैरान हैं। उनके पास बच्चों की जिम्मेदारी है, लेकिन वे इसे गंभीरता से नहीं ले रहे। इस मामले में जिला शिक्षा पदाधिकारी अमरेंद्र पांडेय ने मीटिंग में होने का हवाला देते हुए फिलहाल कोई टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। ग्रामीणों और अभिभावकों को उम्मीद है कि जिला प्रशासन इस मामले में सख्त कदम उठाएगा। जिलाधिकारी अंशुल अग्रवाल और शिक्षा विभाग शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार के लिए लगातार प्रयासरत हैं। उम्मीद की जा रही है कि इस मामले में उचित जांच होगी और दोषी शिक्षकों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। ग्रामीणों ने प्रशासन से अपील की है कि स्कूलों में शैक्षणिक माहौल सुनिश्चित करने के लिए तुरंत कदम उठाया जाएं।

## फोटो जर्नलिस्ट नीलांबर यादव के घर पहुंचे सांसद पप्पू यादव

### 50 हजार की आर्थिक मदद दी: पत्नी को जॉब दिलाने की कही बात





**पूर्णिया।** सांसद पप्पू यादव शनिवार को मरहूम फोटो जर्नलिस्ट नीलांबर यादव के घर पहुंचे। उन्होंने पीड़ित परिवार, उनकी पत्नी और बच्चों से बातचीत की। हत्या की वजहों को करीब से जानकर न्याय का भरोसा दिया। साथ ही शोकाकुल परिजनों को 50 हजार की आर्थिक मदद दी। साथ ही नीलांबर यादव की पत्नी को जॉब दिलाने की भी बात कही। परिजनों से मुलाकात में सांसद ने कहा कि वे हर परिस्थिति में परिवार के साथ हैं। फोटो जर्नलिस्ट नीलांबर यादव उनके लिए छोटे भाई जैसे थे। वे जिंदादिल और मृदुभाषी थे। वे पत्रकार होने के साथ ही सामाजिक व्यक्ति भी थे। वे समाज हित में सदैव तत्पर रहे। 27 दिसंबर की रात फोटो जर्नलिस्ट नीलांबर यादव की घर बुलाकर हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने इस मामले में आरोपी निशु यादव के चाचा प्रमोद यादव को गिरफ्तार किया है। वारदात में शामिल अन्य आरोपी भी जल्द ही पकड़े जाएंगे। कहा कि उन्होंने इस संबंध में एसपी कार्तिकेय शर्मा से फोन पर बातचीत की है। एसपी ने भरोसा दिया है कि जल्द ही सभी आरोपी सलाखों के पीछे होंगे। आगे सांसद ने कहा कि जिस वक्त उन्हें फोटो जर्नलिस्ट की मौत की जानकारी मिली, वे बिहार से बाहर थे। उनकी हत्या की बात सुनकर बेहद दुख हुआ। इसके ठीक बाद ही एसपी से फोन पर बात कर जल्द से जल्द सभी आरोपियों की गिरफ्तारी की बात कही है। पूर्णिया लौटते ही वे शोकाकुल परिवार से मिलने पहुंचे और उनका ढाढस बढ़ाया। दिवगंत फोटो जर्नलिस्ट की पत्नी को 50 हजार की आर्थिक मदद दी गई है। हर परिस्थिति में वे परिवार के साथ हैं। आगे फोटो जर्नलिस्ट की बहन की शादी होनी है, वे बहन की शादी में भी आर्थिक सहयोग करेंगे। साथ ही निलांबर यादव की पत्नी को जॉब दिलवाने की भी बात कही है। बता दें कि 27 दिसंबर की रात फोटो जर्नलिस्ट नीलांबर यादव की घर से बाहर विवाद सुलझाने का बुलाकर हत्या कर दी गई थी। पड़ोस में रहने वाले बदमाश निशु यादव समेत 6 लोगों पर मर्डर का आरोप है। जिसने हत्या की उसके ऊपर पहले से ही कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। मुख्य आरोपी और उसके परिवार में शामिल 5 लोग वारदात की रात से फरार हैं। जिसकी गिरफ्तारी अब तक नहीं हो सकी है।

उनकी गिरफ्तारी न होने से पूरा परिवार असुरक्षित महसूस कर रहा है।

## समस्तीपुर में जिला परिषद अध्यक्ष पर लगा अविश्वास

### सदस्य बोले- विकास कार्यों में रुचि नहीं लेते 3 साल बाद भी योजनाओं के कार्यान्वयन में असफल



**समस्तीपुर।** के जिला परिषद अध्यक्ष खुशबू कुमारी पर सदस्यों ने अविश्वास लगाया है। 14 जिला परिषद सदस्यों द्वारा एक आवेदन जिला परिषद कार्यालय में शनिवार को जमा कराई गई है। सदस्यों ने जिला परिषद अध्यक्ष पर विकास कार्य में रुचि नहीं लेने का आरोप लगाया है। जिला परिषद सदस्य ममता कुमारी, अरुण कुमार, उर्मिला देवी, अनीता कुमारी, रिंकी कुमारी, मंजू देवी, किरण कुमारी, लक्ष्मी कुमारी आदि द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि लगभग तीन साल पूरा होने के बाद भी जिला परिषद समस्तीपुर के संकल्पना और योजनाओं के कार्यान्वयन में असफल रही। जिला परिषद सदस्यों के साथ मंत्रणा नहीं करती हैं। मनमाने ढंग से कार्य करने, अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में साल में केवल एक दो बार ही 26 जनवरी और 15 अगस्त पर आने का आरोप लगाया है। इसके अलावा लोगों ने यह भी आरोप लगाया है कि योजना संचालन में वह मनमानी करती हैं। आरोप यह भी है कि जिला परिषद समस्तीपुर के वित्तीय और प्रशासनिक मामलों पर नियंत्रण नहीं रख रही। अध्यक्ष के रूप में निष्ठा पूर्ण अपने कर्तव्य के निर्वहन में वह नहीं रहती है। इसके साथ ही सदस्यों ने यह भी आरोप लगाया है कि जिला परिषद में योजनाओं की राशि पड़ी हुई है, लेकिन विकास कार्य पर खर्च नहीं किया जा रहा है। जिला परिषद सदस्य को जानकारी भी नहीं होती है। उनके क्षेत्र की योजनाओं के नाम पर राशि का उठाव तक कर लिया गया है। सदस्यों द्वारा अविश्वास की कॉपी डीएम के अलावा डीडीसी और जिला परिषद अध्यक्ष को भी दी गई है। जिला परिषद अध्यक्ष खुशबू कुमारी ने आरोपी को निराधार बताया है। उन्होंने कहा है कि दबाव की राजनीति के तहत उन पर अविश्वास के लिए आवेदन दिया गया है।

## संक्षिप्त डायरी

### ईंट भट्ठी के मुंशी की गला रेतकर हत्या



**गया।** जिले के डोभी थाना क्षेत्र के ग्राम पिरासिन में शनिवार सुबह ईंट भट्ठे पर काम करने वाले मुंशी की हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान रामवृक्ष यादव (55) के रूप में की गई है। जिनकी हत्या धारदार हथियार से गला रेतकर की गई है। मृतक का शव कमरे के दरवाजे पर पड़ा मिला। लोगों ने बताया कि रामवृक्ष यादव अपने बहनोई के ईंट भट्ठे पर काम करते थे और भट्ठे में बने कमरे में ही रहते थे। शनिवार की सुबह जब लोग भट्ठे के पास से जा रहे थे तो कमरे के गेट पर शव देखा। जिसके बाद इसकी सूचना पुलिस को दी गई। मृतक का गला किसी धारदार हथियार से रेता गया है। घटना की सूचना मिलते डोभी थानाध्यक्ष मुकेश कुमार अपने दलबल के साथ मौके पर पहुंचे। जहां इलाके को घेरकर सुरक्षित किया। मामले की जांच के लिए घटनास्थल पर डॉग स्क्वाड, फॉरेंसिक टीम और तकनीकी विशेषज्ञों को बुलाया गया। प्रारंभिक जांच में कई सुराग मिले। जिसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए मगध मेडिकल हॉस्पिटल, गया भेजा गया है। गया के वरीय पुलिस अधीक्षक ने मामले की गंभीरता को देखते हुए नगर पुलिस अधीक्षक, गया और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, शेरघाटी-2 के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की है। पुलिस अधीक्षक रामानंद ने कहा कि टीम आसूचना संकलन और तकनीकी अनुसंधान में लगी हुई है। अपराधियों की पहचान जल्दी हो जाएगी और उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा। डोभी थाने में इस घटना के संबंध में केस दर्ज कर कार्रवाई जारी है। बता दें कि इस निर्मम हत्या से गांव और आसपास के इलाकों में भय और गुस्से का माहौल बन गया है। स्थानीय लोग इस घटना के बारे में कई तरह के कयास लगा रहे हैं और पुलिस से आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की उम्मीद कर रहे हैं।

### रिटायर्ड नर्स की गैंगरेप के बाद हत्या



**भागलपुर।** में 72 साल की रिटायर्ड नर्स की गैंगरेप के बाद हत्या कर दी गई। महिला के भांजे राजीव रंजन (65) ने अपने 4 दोस्तों के साथ पहले गैंगरेप किया फिर हत्या कर दी। पहचान छिपाने के लिए सभी ने सिर और धड़ को अलग कर दिया। दोनों को अलग-अलग जगहों पर फेंका था। पुलिस ने सिर और धड़ बरामद कर लिया है। पुलिस ने इस मामले में सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में भांजे ने बताया कि 'मामी के साथ मिलकर उसने कई लोगों से नौकरी के नाम पर पैसे लिए थे। 5 से 6 लाख रुपए को लेकर मामी से विवाद था, इसलिए वारदात को अंजाम दिया।' मामला सुल्तानगंज थाना इलाके का है। सिटी एसपी शुभांक मिश्रा ने बताया 'महिला के पति ने 30 दिसंबर को अपहरण का मामला दर्ज कराया था। इसमें कहा गया था कि महिला 27 दिसंबर को जमुई जाने के लिए निकली थी, लेकिन वापस नहीं लौटी। पुलिस ने तकनीकी जांच और मोबाइल लोकेशन के आधार पर अपराधियों को पकड़ा।''2 जनवरी को महिला का शव बांका के कुमरैल घाट से बरामद हुआ था। पुलिस ने आरोपियों से पूछताछ की। आरोपियों ने बताया कि हत्या 27 दिसंबर की रात को हुई थी।' महिला के अपहरण का आवेदन के बाद सीनियर एसपी ने इस मामले में सिटी एसपी की निगरानी में जांच टीम गठित की। इसके बाद तकनीकी टीम ने मोबाइल नेटवर्क और लोकेशन को खंगाला। मृतका का सिम राजीव के मोबाइल में ही लगा था। इसी आधार पर उसकी गिरफ्तारी की गई। फिर उसकी निशानदेही पर अन्य आरोपियों को पकड़ा गया। भांजे के फोन में लगा था मामी का सिम हत्या के मामले में पुलिस ने बांका के बेलहर थाना क्षेत्र के बिसनपुर से राजीव रंजन, दिलीप गिरी उर्फ कांकटा उर्फ बाबा, कुमरैल से श्रवण कुमार, अजय कुमार मांझी और रजौन थाना क्षेत्र के डुमरिया के संतोष यादव को गिरफ्तार किया है। आरोपी राजीव अपनी मामी का सिम कार्ड इस्तेमाल कर रहा था। उसके पास से पुलिस ने मृतका के कपड़े, साड़ी, स्कार्फ, स्वेटर समेत घटना में इस्तेमाल किया गया चाकू और अन्य सामान भी बरामद किया गया है।

### राज्य के किसी कोने से पटना साढ़े तीन घंटे में आ सकेंगे

**पटना।** राज्य के किसी कोने से साढ़े तीन घंटे में पटना पहुंचने का नया लक्ष्य सरकार ने तय किया है। उपमुख्यमंत्री सह पथ निर्माण मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने शुक्रवार को कहा कि अगले 3 साल में (वर्ष 2027 तक) यह लक्ष्य पूरा करेंगे। राज्य के किसी कोने से पटना 5 घंटे में पहुंचाने का मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा तय किया गया लक्ष्य इस साल पूरा हो जाएगा। इसके लए पथ निर्माण विभाग नेशनल हाईवे और स्टेट हाईवे की निमार्णाधीन योजनाओं को तेजी से पूरा करने में लगा है।

## कॉल रिसीव नहीं करने पर दोस्तों ने मारी गोली, दो किशोर पकड़े गए हथियार बरामद



**पटना।** दोस्तों ने ही राजा कुमार को पैर में गोली मार कर जख्मी कर दिया। घटना शुक्रवार को दिन में करीब साढ़े ग्यारह बजे खाजेकलां थाना क्षेत्र के फौजदारी कुआं मोहल्ला में हुई। पुलिस ने आरोपी दो नाबालिग लड़कों को गिरफ्तार कर हथियार बरामद कर लिया है। फौजदारी कुआं मोहल्ला जख्मी राजा ने बताया कि दोस्तों मोबाइल पर कॉल किया था। कॉल रिसीव नहीं किए जाने की वजह से दोस्त नाराज थे। कर रहे थे इंतजार दो दोस्त घर से कुछ दूरी पर उसके आने का इंतजार कर रहे थे। जैसे ही घर से बाहर निकला देखते ही दोस्तों ने गोली चला दी। गोली उसके पैर में लगी। डीएसपी डॉ गौरव कुमार ने बताया कि घटना की सूचना मिलने पर गठित टीम ने मात्र दो घंटे के अंदर घटना में शामिल दो किशोरों को पकड़ लिया। थानाध्यक्ष प्रभात रंजन सक्सेना ने बताया कि पकड़े गये किशोर की निशानदेही पर देसी कट्टा भी बरामद कर लिया गया है। पुलिस को छानबीन में पता चला कि एक किशोर के खिलाफ पूर्व में खाजेकलां थाना में दो कांड अंकित हैं। इधर, जख्मी का उपचार चल रहा है। वह खतरे से बाहर है।

# आरोपी को पकड़ने गई पुलिस टीम पर हमला

### ----दरभंगा में बच्चों को आगे कर भीड़ ने बरसाए पत्थर-----





**दरभंगा।** में शनिवार को 2 आरोपियों को पकड़ने गई लहेरियासराय थाने की पुलिस टीम पर भीड़ ने हमला कर दिया। पुलिस वालों पर लाठी-डंडे चलाए गए। पत्थर फेंके गए। हथियार छीनने की भी कोशिश की गई। पुलिस वालों ने भागकर अपनी जान बचाई। पुलिस पर ये हमला अभंडा गांव में हुआ है। पुलिस एक आरोपी जितेंद्र यादव को गिरफ्तार करने सैदनगर अभंडा गांव पहुंची थी। जितेंद्र दहेज उत्पीड़न मामले में फरार चल रहा था। पुलिस फैमिली कोर्ट से वारंट और कुर्की का आदेश लेकर गई थी। टीम जितेंद्र को गिरफ्तार कर के लौट रही थी। इसी दौरान ग्रामीणों ने पुलिस टीम को घेर लिया और जितेंद्र को छुड़ाकर ले गए। इसके बाद सड़क पर आगजनी कर नारेबाजी करने लगे। घटना की सूचना मिलने के बाद सदर एसडीपीओ अमित कुमार और लहेरियासराय थानाध्यक्ष मौके पर पहुंचे। इस दौरान भी लगभग 30 मिनट तक पुलिस और लोगों के बीच पथराव और झड़प हुई। कभी पुलिस लोगों को खदेड़ रही थी, तो कभी लोग पथराव करते हुए पुलिस को। हमले की सूचना पर लहेरियासराय थाने की पुलिस समेत बहादुरपुर थाना, विश्वविद्यालय थाना, बिशनपुर थाना और बेंता थाने की पुलिस मौके पर पहुंच गई। 5 थानों की पुलिस और दंगा नियंत्रण बल को तैनात कर पुलिस ने जितेंद्र यादव, उसके भाई और पिता को गिरफ्तार किया। पथराव मामले में भी नाबालिग समेत पांच को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है दरभंगा सदर SDPO अमित कुमार ने बताया कि 'लहरिया सराय थाने की पुलिस दो आरोपियों को गिरफ्तार करने आई थी। पुलिस के आने पर आरोपी और उनके परिजन की ओर से हमला किया गया। इसमें कुछ पुलिसकर्मी घायल हो गए, जिन्हें तत्काल इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। इसके बाद पुलिस की टीम दोबारा गिरफ्तार करने और हमला करने वाले लोगों को पकड़ने के लिए आई, लेकिन एक बार फिर से पुलिस पर हमला कर दिया गया। अमित कुमार ने बताया कि 'आरोपियों, उनके परिजन और स्थानीय लोगों की ओर से सड़क पर टायर जलाकर सड़क जाम किया गया। इसके बाद पुलिस पर पथराव किया गया, लेकिन फिलहाल, स्थिति पूरी तरह से हमारे नियंत्रण में है।

## खबर संक्षेप

### हीरो मोटोकॉर्प की 2024 में बिक्री 7.5 प्रतिशत बढ़ी

**नई दिल्ली।** देश की दोपहिया वाहन विनिर्माता हीरो मोटोकॉर्प ने कहा कि 2024 में कुल बिक्री सालाना आधार पर 7.5 % बढ़कर 59,11,065 इकाई रही। 2023 में कंपनी ने कुल 54,99,524 वाहन बेचे थे। हीरो मोटोकॉर्प ने 2024 में बिक्री 49 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की और वैश्विक स्तर पर आठ नए मॉडल पेश किए।

### परिवहन समाधान के लिए टाटा एलेक्सी करेगी करार

**मुंबई।** डिजाइन आधारित प्रौद्योगिकी सेवाएं मुहैया कराने वाली कंपनी टाटा एलेक्सी ने शुक्रवार को कहा कि वह क्वालकॉम टेक्नोलॉजीज के साथ काम करने की योजना बना रही है। क्वालकॉम के स्नैपड्रैगन ऑटोमोटिव मंच का लाभ उठाते हुए अगली पीढ़ी के परिवहन के लिए सॉफ्टवेयर-डिफाइंड व्हीकल को अपनाने में तेजी लायी जाएगी।

### अल्टेयर ने सीएआर के साथ किया समझौता




**मुंबई।** अमेरिकी शेयर बाजार नैस्डैक में सूचीबद्ध वैश्विक प्रौद्योगिकी कंपनी अल्टेयर ने मोटर वाहन क्षेत्र में समाधान विकसित करने के लिए आईआईटी-मद्रास में उन्नत मोटर वाहन अनुसंधान उत्कृष्टता केंद्र के साथ एक प्रारंभिक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। परिवहन, स्वायत्त प्रणालियों केंद्रित समाधान विकसित करने पर जोर दिया जाएगा।

### रिलायंस नैवल का नाम अब होगा स्वान डिफेंस



**नई दिल्ली।** रिलायंस नैवल एंड इंजीनियरिंग लि. का नाम बदलकर स्वान डिफेंस एंड हेवी इंडस्ट्रीज लि. कर दिया गया है। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा, ''कंपनी का नाम दो जनवरी, 2025 से 'रिलायंस नैवल एंड इंजीनियरिंग लि.'' से बदलकर 'स्वान डिफेंस एंड हेवी इंडस्ट्रीज लि.'' कर दिया गया है।'

### वेस्टर्न कैरियर्स को वेदांता से मिला 139 करोड़ का ऑर्डर




**कोलकाता।** लॉजिस्टिक कंपनी वेस्टर्न कैरियर्स इंडिया लिमिटेड (डब्ल्यूसीआईएल) को वेदांता लिमिटेड से 139 करोड़ रुपये का ऑर्डर मिला है। यह ऑर्डर समान के रखरखाव के लिए है। इस ऑर्डर में चार साल की अवधि के लिए वेदांता के झारसुगुड़ा संयंत्र में आयात, तैयार माल घरेलू और निर्यात 'मैटेरियल हैंडलिंग' अनुबंध शामिल है।

### एवेन्यू सुपरमार्ट्स के शेयर में आई 11फीसदी की तेजी

**नई दिल्ली।** डीमार्ट का संचालन करने वाली एवेन्यू सुपरमार्ट्स लिमिटेड के शेयर में शुक्रवार को 11 प्रतिशत से अधिक की तेजी रही। एवेन्यू सुपरमार्ट्स लिमिटेड के 31 दिसंबर 2024 को समाप्त तीसरी तिमाही में एकल परिचालन राजस्व 17.5 प्रतिशत बढ़कर 15,565.23 करोड़ रुपये होने की जानकारी देने के एक दिन बाद उसके शेयर में तेजी आई। बीएसई पर शेयर 11.21 प्रतिशत चढ़कर 4,023.25 रुपये पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 15.12 प्रतिशत की बढ़त के साथ 4,165 रुपये पर पहुंच गया था।

# चीन की इलेक्ट्रिक गाड़ियों ने उड़ाई दुनिया की नींद, मस्क की कंपनी टेस्ला की बढ़ी चिंता

नई दिल्ली

चीन की ऑटो कंपनी बीवाईडी ने ग्लोबल ऑटोमोबाइल मार्केट में तहलका मचा दिया है। पिछले साल कंपनी की बिक्री में 41 प्रतिशत तेजी आई। इस दौरान कंपनी ने कुल 42 लाख से अधिक गाड़ियां बेची। यह कंपनी इलेक्ट्रिक और हाइब्रिड गाड़ियां बनाती है। पिछले साल कंपनी ने 17.6 लाख ईवी बेची और वह एलन मस्क की टेस्ला को पछाड़ने के काफी करीब पहुंच गई।

टेस्ला की बिक्री में 10 साल से अधिक समय में पहली बार गिरावट आई है। कंपनी ने इस दौरान 17.9 लाख गाड़ियां बेची जबकि 2023 में उसने 18 लाख गाड़ियां बेची थी। हाल में जापान की तीन बड़ी कंपनियों ने मर्जर का ऐलान किया है।

## टेस्ला की बिक्री में 10 साल से अधिक समय में पहली बार गिरावट आई

### चीन की ईवी पर अमेरिका व यूरोप ने लगाया टैरिफ

अक्टूबर में यूरोपियन यूनियन ने चीन से ईवी के आयात पर 45.3 प्रतिशत टैरिफ लगा दिया था। अमेरिका ने भी चीन की ईवी पर 100 प्रतिशत ड्यूटी लगा रखी है और डोनाल्ड ट्रंप ने इसे और बढ़ाने की धमकी दी है। कंपनी ब्राजील, हंगरी, थाईलैंड और उजबेकिस्तान में असेंबली लाइन बना रही है। साथ ही उसकी इंडोनेशिया और मेक्सिको में भी असेंबली लाइन खोलने की योजना है। पिछले साल मस्क ने कहा था कि चीन की कंपनियां दुनिया की ज्यादातर कंपनियों को तबाह करने की क्षमता रखती हैं।



- बीवाईडी एलन मस्क की टेस्ला को पछाड़ने के करीब पहुंची
- पिछले साल चीनी कंपनी बीवाईडी ने 42 लाख से अधिक गाड़ियां बेची

### बीवाईडी शुरू में बैटरी बनाती थी

बीवाईडी की स्थापना 1995 में वांग चुआनफू ने की थी। शुरुआत में यह कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनियों के लिए बैटरी बनाती थी। साल 2003 में कंपनी ने कार बनाने वाली एक फैक्ट्री खरीदी। शुरुआत में उसे काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। साल 2007 की बात है। बैटरी बनाने वाली चीन की कंपनी बीवाईडी कार बनाने में हाथ आजमा रही थी। उसने अपना सबसे नया मॉडल ग्वांगझू ऑटो शो में प्रदर्शनी के लिए रखा था। तब अमेरिकी अधिकारियों ने इसका काफी मजाक उड़ाया था। इसकी वजह यह थी कि उस कार पर पेंट भी ठीक ढंग से नहीं हुआ था और उसका दरवाजा भी फिट नहीं बैठ रहा था।

*बीवाईडी 90 फीसदी कार चीन में ही बेचती है*

*बीवाईडी अपनी 90 प्रतिशत कार चीन में बेचती है जो टेस्ला के साथ-साथ फॉक्सवैगन और टोयोटा के लिए भी अहम बाजार है। चीन में कड़ी स्पर्द्धा और सरकारी सब्सिडी के कारण ईवी की डिमांड बढ़ी है। लेकिन दुनिया के दूसरे देशों खासकर अमेरिका और यूरोप में मांग में कमी आई है। फॉक्सवैगन, फोर्ड और जनरल मोटर्स ने सेल्स टारगेट में कमी की है। हाल ही में जापान की ऑटो कंपनियों होंडा और निसान ने मर्जर के लिए बातचीत शुरू की है।*

*कैसे मिली लोकप्रियता : 2008 में कंपनी की बिक्री में तेजी आई। साल 2012 तक डिमांड बढ़ने से प्रॉडक्शन बढ़ने लगा। कंपनी के पास सीमित मॉडल थे जबकि विदेशी कंपनियों के पास कई आकर्षक मॉडल थे। इससे कंपनी की बिक्री और शेयरों की कीमत प्रभावित हुई। साल 2016 में कंपनी ने ऑडी के जाने माने डिजाइनर वूल्फगैंग ईगर को अपने साथ मिलाया।*

## कमजोर वैश्विक संकट के कारण भी शेयर बाजार में रही गिरावट

# बैंक और आईटी शेयरों में बिकवाली से बाजार गिरा, सेंसेक्स 720 अंक लुढ़का

मुंबई

कमजोर वैश्विक संकेतों और रुपये में गिरावट जारी रहने के बीच शुक्रवार को बैंकों एवं आईटी शेयरों में बिकवाली होने से शेयर बाजारों में गिरावट रही। सेंसेक्स में 720 अंक की गिरावट आई जबकि निफ्टी 184 अंक फिसल गया। विश्लेषकों ने कहा कि निवेशकों ने अगले हफ्ते तिमाही नतीजे आने का सिलसिला शुरू होने के पहले अपने जोखिम को कम किया।

इसके अलावा अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये में लगातार आ रही कमजोरी ने भी धारणा को प्रभावित किया। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स सकारात्मक शुरुआत के बावजूद 720.60 अंक यानी 0.90 प्रतिशत गिरकर 79,223.11 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 833.98 अंक गिरकर 79,109.73 पर आ गया था।



- कंपनियों के परिणाम आने के पूर्व निवेशकों ने जोखिम कम किया
- अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपए लगातार कमजोर बना
- बाजार के उच्च मूल्यांकन के कारण निवेशक बिकवाल बने

### निवेशकों का तीसरी तिमाही पर ध्यान केंद्रित

नायर ने कहा कि आने वाले समय में भारतीय बाजार तीसरी तिमाही के नतीजों पर ध्यान केंद्रित करेगा। उम्मीद है कि दूसरी तिमाही की तुलना में आंकड़े बेहतर होंगे। मझोली कंपनियों के बीएसई मिडकैप सूचकांक में 0.33 प्रतिशत गिरावट आई जबकि छोटी कंपनियों के बीएसई स्मालकैप सूचकांक में 0.02 प्रतिशत की सुस्ती रही।

**एशियाई बाजार में गिरावटः** एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया के कॉस्पी और हांगकांग के हैंगसेंग में तेजी रही जबकि चीन का शंघाई कंपोजिट गिरावट के साथ बंद हुआ। जापानी बाजार नए साल की छुट्टी के कारण बंद रहे। यूरोप के अधिकांश बाजार गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे। बृहस्पतिवार को अमेरिकी शेयर नुकसान के साथ बंद हुए थे।

**एफआईआई ने गुरुवार को की खरीदारी :** हालांकि विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने कई दिनों तक शुद्ध विक्रेता बने रहने के बाद बृहस्पतिवार को भारतीय बाजार में खरीदारी की। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, एफआईआई ने 1,506.75 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर खरीदे। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये में गिरावट का सिलसिला जारी रह

### निफ्टी 183 अंक टूटा

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी भी 183.90 अंक यानी 0.76 प्रतिशत गिरकर 24,004.75 पर बंद हुआ। इसके साथ ही कारोबारी सप्ताह का समापन गिरावट के साथ हुआ। उतार-चढ़ाव से भरे इस सप्ताह में सेंसेक्स में कुल 524.04 अंक यानी 0.66 प्रतिशत बढ़ोतरी दर्ज की गई जबकि निफ्टी 191.35 अंक यानी 0.80 प्रतिशत चढ़ा।

### इन शेयरों में लाभ-हानि

सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से जोमैटो, एचडीएफसी बैंक, टेक महिंद्रा, अदाणी पोर्ट्स, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, आईसीआईसीआई बैंक, सन फार्मा, लार्सन एंड टूब्रो, एचसीएल टेक और आईटीसी में गिरावट रही। दूसरी तरफ, टाटा मोटर्स, नेस्ले, टाइटन, हिंदुस्तान यूनिलीवर और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए।

### ऊंचे स्तर पर बिकवाली का जोर

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, /''डॉलर में मजबूती, बाजार के उच्च मूल्यांकन और एक साथ कई संपत्ति श्रेणियों में निवेश के प्रति बढ़ते रुझान से बाजार में ऊंचे स्तर पर बिकवाली का रुख देखा जा रहा है। ब्याज दर में कटौती को लेकर जल्दबाजी दिखाता हुआ नहीं नजर आ रहा है।/''

# ब्लिंकिट की 10 मिनट की एम्बुलेंस सेवा शुरू

नई दिल्ली




- गोयल ने कंपनी से कानून का पालन करने कहा

वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि 10 मिनट की एम्बुलेंस सेवा शुरू करने वाली ब्लिंकिट जैसी 'क्विक-कॉमर्स' यानी कुछ ही मिनट में सामान पहुंचाने वाली कंपनियों को देश के कानून का पालन करना चाहिए।

ब्लिंकिट ने बृहस्पतिवार को पायलट आधार पर गुरुग्राम के चुनिंदा इलाकों में 10 मिनट की एम्बुलेंस सेवा शुरू की थी। कंपनी के बयान के मुताबिक, उपयोगकर्ता ब्लिंकिट ऐप पर एम्बुलेंस बुलाने का विकल्प देख पाएंगे। कंपनी के फैसले के बारे में पूछने पर गोयल ने कहा, ''ब्लिंकिट द्वारा एम्बुलेंस सेवाएं देने या दवाएं पहुंचाने के बारे में मेरा एकमात्र सुझाव यह होगा कि उन्हें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वे देश के कानून का पालन करें और जो भी कानूनी आवश्यकताएं हैं, उनका ठीक से ध्यान रखें। देश के किसी भी कानून को नहीं तोड़ा जाना चाहिए।'' छोटे खुदरा विक्रेताओं ने 'क्विक-कॉमर्स' या 'ई-कॉमर्स' कंपनियों के बारे में जो मुद्दे उठाए हैं, उनके बारे में पूछने पर उन्होंने कहा कि सरकार इस पर नजर रख रही है। गोयल ने कहा कि सीसीसाई (भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग) ने पहले ही कुछ मामलों में कार्रवाई की है।

### हमने नहीं किया हस्तक्षेप

गोयल ने कहा, ''हमने न तो तब हस्तक्षेप किया, जब जेप्टो तीन साल से कम समय में यूनिकॉर्न बन गयी और न ही हमने तब हस्तक्षेप किया जब किसी का मूल्य गिर गया... यह कुप्रबंधन या वित्तीय विवेक की कमी के कारण हो सकता है।'

### कानून का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई

गोयल ने कहा, ''जहां तक मुझे पता है, जिन कंपनियों ने कानूनों का उल्लंघन किया है और उनका दुरुपयोग किया है, उन पर कार्रवाई भी की गई है।'' कुछ यूनिकॉर्न स्टार्टअप के मूल्यांकन में भारी गिरावट के बारे में पूछने पर गोयल ने कहा कि ऐसे बहुत कम मामले हैं। उन्होंने कहा कि बाजार की ताकतें मूल्यांकन निर्धारित करती हैं और सरकार उसमें हस्तक्षेप नहीं करती है।

# संपत्तियों की ई-नीलामी के लिए नया पोर्टल 'बैंकनेट' पेश

नई दिल्ली

वित्तीय सेवा सचिव एम नागराजू ने शुक्रवार को वाणिज्यिक संपत्तियों, औद्योगिक भूमि, दुकानों, वाहनों और कृषि एवं गैर-कृषि भूमि की ई-नीलामी के लिए नया पोर्टल पेश किया। वित्त मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि 'बैंकनेट' नाम का यह पोर्टल ई-नीलामी वाली संपत्तियों के बारे में सार्वजनिक क्षेत्र के सभी बैंकों से जानकारी को इकट्ठा करता है और खरीदारों एवं निवेशकों को संपत्तियों की एक विस्तृत श्रृंखला तलाशने का एक मंच मुहैया कराता है।

बयान के मुताबिक, बैंकनेट पर सूचीबद्ध होने वाली संपत्तियों में फ्लैट, स्वतंत्र घर और खुले भूखंड, वाणिज्यिक संपत्तियां, औद्योगिक भूमि एवं भवन, दुकानें, वाहन, संयंत्र एवं मशीनरी और कृषि एवं गैर-कृषि भूमि शामिल हैं। इन सभी संपत्तियों के विवरणों को एक ही स्थान पर एकत्र कर यह पोर्टल संपत्तियों की ई-नीलामी के बारे में जानकारी जुटाने और उसमें भाग लेने की प्रक्रिया को आसान बनाता है। इससे खरीदारों और निवेशकों के लिए मूल्यवान अवसरों की पहचान करना आसान होगा।



- एक ही जगह मिलेगी सारी सूचना
- पोर्टल सभी बैंकों से जानकारी इकट्ठा करता है

### बैंकों का सहयोग मंच को बनाएगा सफल

नागराजू ने इस पहल में सार्वजनिक बैंकों, भारतीय दिवाला एवं ऋण शोधन अक्षमता बोर्ड (आईबीबीआई) और ऋण वसूली न्यायाधिकरणों (डीआरटी) द्वारा निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि उनका सहयोग ही इस मंच की सफलता की कुंजी है।

इस अवसर पर नागराजू ने कहा कि इस मंच की शुरूआत से सार्वजनिक बैंकों की बकाया वसूली प्रक्रिया में काफी मदद मिलेगी, जिससे बैंकों के बहीखाते में भी सुधार होगा और कारोबारियों एवं व्यक्तियों के लिए ऋण उपलब्धता बढ़ेगी।

# देश का निर्यात 800 अरब डॉलर को पार कर जाएगा

नई दिल्ली




- चालू वित्त वर्ष में वस्तुओ व सेवाओं का निर्यात बढ़ा
- पिछले वित्त वर्ष में निर्यात 778 अरब डॉलर रहा

वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के बावजूद, चालू वित्त वर्ष में भारत का वस्तुओं और सेवाओं का निर्यात 800 अरब डॉलर को पार कर जाने की उम्मीद है, जो एक रिकॉर्ड होगा। पिछले वित्त वर्ष में निर्यात 778 अरब डॉलर था। गोयल ने कहा कि हालांकि वैश्विक स्तर पर तनाव होगा, लेकिन भारत के निर्यात का दायरा बड़ा है। मंत्री ने यहां कहा, ''मेरा अनुमान है कि हम निर्यात में 800 अरब अमेरिकी डॉलर को पार कर जाएंगे, जो वैश्विक स्थिति को देखते हुए एक और रिकॉर्ड है। उन्होंने कहा कि सेवाओं के निर्यात में हिस्सेदारी भी तेज गति से बढ़ रही है। विकासशील और अल्प विकसित देशों (एलडीसी) को निर्यात के बारे में उन्होंने कहा कि वे देश कोविड-19 महामारी के बाद विदेशी मुद्रा संकट के कारण तनाव में हैं। उन्होंने कहा कि लाल सागर संकट ने भी समुद्री परिवहन को प्रभावित किया है। इन सभी चुनौतियों और कई वस्तुओं पर सरकार के प्रतिबंधों के बावजूद, वस्तुओं और सेवाओं के निर्यात में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। गोयल ने कहा, ''आयात भी अधिक है, लेकिन यह एक तरह से बढ़ती अर्थव्यवस्था का संकेत है। यह दर्शाता है कि देश में बड़े पैमाने पर उपकरण, मशीनरी, कच्चे माल और मध्यवर्ती उत्पादों की मांग है।''

*ट्रंप के साथ मिलकर काम करने उत्सुक : मंत्री ने नए अमेरिकी प्रशासन के बारे में कहा, ''हम नए अमेरिकी प्रशासन के साथ और मजबूत तथा ठोस जुड़ाव की उम्मीद कर रहे हैं... हम (डोनाल्ड) ट्रंप प्रशासन के साथ फिर से काम करने के लिए उत्सुक हैं।''*

### सनशाइन पिक्चर्स ने आईपीओ लाने किए दस्तावेज जमा

**नई दिल्ली।** फिल्म एवं टेलीविजन निर्माता-निर्देशक विपुल शाह समर्थित सनशाइन पिक्चर्स लिमिटेड ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिये धन जुटाने के लिए बाजार नियामक सेबी के समक्ष दस्तावेज दाखिल किए हैं। सेबी के समक्ष दाखिल दस्तावेज के अनुसार, 83.75 लाख शेयरों का प्रस्तावित आईपीओ 50 लाख नए शेयर और 33.75 लाख शेयर की बिक्री पेशकश (ओएफएस) का संयोजन है। प्रवर्तक विपुल अमृतलाल शाह की 23.69 लाख शेयर, जबकि शेफाली विपुल शाह 10.05 लाख शेयर बेचने की योजना है। कंपनी ने आईपीओ से हासिल राशि का इस्तेमाल अपनी दीर्घकालिक कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए करने की योजना बनाई है।

## देश का विदेशी मुद्रा भंडार 4.11 अरब डॉलर घटा

मुंबई



- समाप्त सप्ताह में घटकर 640 .28 अरब डॉलर रहा

देश का विदेशी मुद्रा भंडार 27 दिसंबर को समाप्त सप्ताह में 4.11 अरब डॉलर घटकर 640.28 अरब डॉलर रहा। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इससे पिछले सप्ताह में, देश का विदेशी मुद्रा भंडार 8.48 अरब डॉलर घटकर 644.39 अरब डॉलर पर आ गया था। विदेशी मुद्रा भंडार में पिछले कुछ हफ्तों से गिरावट आ रही है। इस गिरावट का कारण रुपये में उतार-चढ़ाव को कम करने के लिए आरबीआई का विदेशी मुद्रा बाजार में हस्तक्षेप के साथ-साथ मूल्यांकन को माना जा रहा है। सितंबर के अंत में विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 704.88 अरब अमेरिकी डॉलर के अबतक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया था।

27 दिसंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का प्रमुख हिस्सा विदेशी मुद्रा आस्तियां 4.64 अरब डॉलर घटकर 551.92 अरब डॉलर रह गईं। डॉलर के संदर्भ में उल्लेखित विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है।

## रिमोट पायलट प्रशिक्षण देने गरुड़ का करार



**चेन्नई।** ड्रोन विनिर्माता गरुड़ एयरोस्पेस ने जयपुर में रिमोट पायलट प्रशिक्षण संगठन स्थापित करने के लिए राजस्थान इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इंस्ट्रूमेंट्स लिमिटेड (आरईआईएल) के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। गरुण एयरोस्पेस ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि इस प्रशिक्षण सुविधा का उद्देश्य व्यापक, नागर विमान महानिदेशालय (डीजीसीए) मानकों के अनुरूप प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रदान कर विभिन्न क्षेत्रों में कुशल ड्रोन संचालकों की बढ़ती मांग को पूरा करना है। गरुड़ एयरोस्पेस ने बयान में कहा कि यह समझौता ड्रोन प्रौद्योगिकी और प्रशिक्षण में गरुड़ एयरोस्पेस की विशेषज्ञता और राजस्थान में आरईआईएल के बुनियादी ढांचे और पहुंच के बीच रणनीतिक सहयोग को दर्शाता है।

## शहरी गैस वितरकों को आपूर्ति बढ़ाई गई

# सरकार ने एलपीजी के लिए गैस आवंटन में की कटौती

नई दिल्ली

सरकार ने एलपीजी उत्पादन में इस्तेमाल होने वाली प्राकृतिक गैस के आवंटन में कटौती करने के साथ कम कीमत वाले ईंधन को इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड (आईजीएल) एवं अदाणी-टोटल गैस लिमिटेड जैसी शहरी गैस खुदरा विक्रेताओं को दे दिया है। सरकार ने सीमित उत्पादन के चलते पिछले साल अक्टूबर और नवंबर में भी मुंबई हाई और बंगाल की खाड़ी में बेसिन क्षेत्रों जैसे पुराने क्षेत्रों से आने वाली कम कीमत वाली प्राकृतिक गैस की आपूर्ति में 40 प्रतिशत तक की कटौती की थी।

### सीएनजीसी का आकर्षण हुआ कम

इस कटौती के कारण शहरी गैस खुदरा विक्रेताओं ने सीएनजी की कीमतों में दो-तीन रुपये प्रति किलोग्राम की बढ़ोतरी करने के साथ आगे और मूल्य-वृद्धि की बात कही थी। मूल्य वृद्धि ने डीजल जैसे वैकल्पिक ईंधन की तुलना में सीएनजी का आकर्षण कम कर दिया है।

### प्रतिदिन कुल 25.5 लाख घन मीटर गैस होती है उपयोग

इस आदेश के अध्ययन में यह पाया कि एलपीजी उत्पादन में इस्तेमाल होने वाली प्रतिदिन कुल 25.5 लाख मानक घन मीटर गैस में से 12.7 लाख मानक घन मीटर (गेल और ओएनजीसी दोनों को 6.37-6.37 लाख मानक घन मीटर) गैस को जनवरी-मार्च तिमाही में सीएनजी/पाइप-युक्त रसोई गैस खंड में खपत के लिए देने को कहा गया है।



- सरकार ने पिछले साल भी कम उत्पादन के कारण की थी कटौती

### सरकार रसोई गैस पर देती है सब्सिडी

सरकार घरेलू रसोई गैस एलपीजी पर सब्सिडी देती है, इसलिए उत्पादन की उच्च लागत का बोझ सरकार को उठाना पड़ सकता है। मंत्रालय ने नए कुओं से गैस के आनुपातिक आवंटन का भी आदेश दिया है और ओएनजीसी के रामनद क्षेत्र को शहरी गैस क्षेत्र के लिए निर्धारित किया है, जो आदेश के अनुरूप शहरी गैस खुदरा विक्रेताओं को लगभग 17-20 लाख मानक घन मीटर गैस उपलब्ध कराएगा।

### गेल और ओएनजीसी को गैस आपूर्ति घटाई

इस स्थिति में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने 31 दिसंबर के आदेश में जमीन के नीचे और समुद्र के नीचे से उत्पादित गैस के कुछ आवंटन में फेरबदल कर दिया। मंत्रालय ने एलपीजी के उत्पादन के लिए सार्वजनिक क्षेत्र की गेल और ओएनजीसी को आपूर्ति की जाने वाली गैस में कटौती करने और उस मात्रा को शहरी गैस आपूर्तिकर्ताओं को देने का आदेश दिया।

### गेल व ओएनजीसी आईओसी को करती है आपूर्ति

गेल और ओएनजीसी को आपूर्ति में इस कटौती की भरपाई के लिए या तो नए क्षेत्रों से उत्पादित अधिक कीमत वाली गैस का उपयोग करना होगा या फिर उन्हें आयातित तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) पर निर्भर रहना होगा। उनके द्वारा उत्पादित एलपीजी की आपूर्ति इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) जैसी खुदरा ईंधन विक्रेताओं को की जाती है।

### क्वाड्रेंट फ्यूचर का आईपीओ के लिए मूल्य दायरा तय

**नई दिल्ली।** क्वाड्रेंट फ्यूचर टेक लिमिटेड ने अपने 290 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए 275-290 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया है। कंपनी ने शुक्रवार को बयान में कहा कि आईपीओ सात जनवरी को खुलेगा और नौ जनवरी को बंद होगा। बड़े (एंकर) निवेशक छह जनवरी को बोली लगा पाएंगे। आईपीओ दस्तावेज के अनुसार, यह सार्वजनिक निर्गम पूर्णतः 290 करोड़ रुपये तक के नए शेयर का निर्गम है, जिसमें कोई बिक्री पेशकश (ओएफएस) नहीं है।

# सिडनी टेस्ट में भारत को 145 रनों की लीड, पंत की धमाकेदार पारी ने दिल जीत लिया

**सिडनी (एजेंसी)।** सिडनी टेस्ट के दूसरे दिन शनिवार को भारत ने पलटवार कर आस्ट्रेलिया की पहली पारी को 181 रनों पर आलआउट कर 4 रन की लीड के साथ अपनी दूसरी पारी में छह विकेट खोकर 141 रन बनाए। भारत की कुल लीड अब 145 रन की हुई है। दिन का खेल खत्म होने के समय जडेजा 8 और वशिंगटन सुंदर 6 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे। भारत ने पहली पारी में 185 रन बनाए थे। खेल के अंतिम सत्र में बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की दूसरी पारी का आकर्षण विकेटकीपर और बल्लेबाज रिषभ पंत (61) की धमाकेदार बल्लेबाजी रही। पंत ने ये रन मात्र 33 गेंदों पर छह चौके और चार छक्कों की मदद से बनाये। उन्होने अपना अर्धशतक मात्र 29 गेंदों में पूरा किया। वे पैट कमिंस की गेंद पर विकेटकीपर के हाथों लपके गये। वहीं विराट कोहली का बल्ला आज भी नहीं चला और वे सिर्फ 6 रन का योगदान दे सके। यशस्वी जायसवाल (22) ने भारत को तेज शुरुआत देने की कोशिश की मगर वह भी जल्द ही चलते बने। सीरीज में पहली बार खेल रहे प्रसिद्ध कृष्णा ने 42 रन देकर तीन विकेट चटकाए, जबकि मो सिराज ने 51 रन देकर 3 विकेट झटके। बुमराह और नीतीश कुमार रेड्डी ने दो दो विकेट हासिल किए। 4 रन की लीड मिलने के बावजूद बुमराह की फिटनेस ने भारत को चिंता में डाल दिया है। शनिवार को के सत्र की शुरुआत में सिर्फ 1 ओवर फेंकने के बाद बुमराह मैदान से बाहर गए और बाद में उन्हें स्कैन के लिए अस्पताल जाते देखा गया, जिससे बाकी मैच के लिए उनकी उपलब्धता संदेह में पड़ गई है। वहीं बुमराह की गैर मौजूदगी में सिराज ने शानदार गेंदबाजी की। पारी के 51वें ओवर में आखिरी खिलाड़ी स्कॉट बोलैंड को आउट करने में उनकी रफ्तार काबिल ए तारीफ थी। प्रसिद्ध कृष्णा और रेड्डी ने भी अपनी धारदार गेंदबाजी से सभी को आकर्षित किया। रेड्डी ने मिचेल स्टाकर को 1 रन पर और पैट कमिंस को 10 रन पर आउट किया। दोनों स्लिप में कैच आउट हुए। विकेटों की झड़ी के बावजूद, नवोदित ब्यू वेबस्टर (57) और एलेक्स कैरी (21) ने मजबूत इरादों के साथ महत्वपूर्ण साझेदारी की। वेबस्टर ने अद्भुत संयम दिखाया और 105 गेंदों में पांच चौकों सहित 57 रन बनाए। उन्होने रेड्डी की गेंद पर शॉट लगा कर पहले ही टेस्ट मैच में पचास रन पूरे किये। दूसरी छोर पर कैरी ने कई आत्मविश्वास भरे स्ट्रोक खेले और दो बार ऑफ साइड से बाउंड्री लगाई। इससे पहले, भारत ने खेल पर मजबूत पकड़ के साथ शुरुआत की थी।



## जसप्रीत बुमराह का मेडिकल बुलेटिन आया बाहर, प्रसिद्ध कृष्णा ने दी अपडेट



**सिडनी (एजेंसी)।** तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा शनिवार को कहा कि कप्तान जसप्रीत बुमराह की पीठ में ऐंठन है और भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांचवें टेस्ट में लक्ष्य का बचाव करते समय मेडिकल स्टाफ से इस स्टार तेज गेंदबाज की उपलब्धता को लेकर जानकारी का इंतजार कर रही है। बुमराह चोट के कारण एहतियाती स्कैन (जांच) कराने के बाद ड्रेसिंग रूम में लौट आए। उन्हें यहां लंच के बाद केवल एक ओवर गेंदबाजी करने के बाद मैदान से बाहर जाना पड़ा था। इस टेस्ट में बुमराह की गेंदबाजी भारत के लिए काफी अहम होगी क्योंकि टीम ने अपनी दूसरी पारी में 141 रन पर छह विकेट गंवा दिए है और उसकी कुल बढ़त सिर्फ 145 रन की है।

कृष्णा ने दूसरे दिन के खेल के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा कि उनकी पीठ में ऐंठन थी। वह स्कैन के लिए गए थे। मेडिकल टीम उनकी निगरानी कर रही है। जब मेडिकल टीम हमें कोई जानकारी देगी तभी इस बारे में कुछ पता चलेगा। बुमराह कुल मिलाकर 3 घंटे और 20 मिनट तक मैदान से दूर रहे, लेकिन उनकी वापसी से ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी से पहले भारतीय खेमे की चिंताएं कम हो सकती हैं। बुमराह की अनुपस्थिति में विराट कोहली ने टीम का नेतृत्व किया। बुमराह इससे पहले पीठ के निचले हिस्से में चोट के कारण 2022 और 2023 के बीच लगभग एक साल तक क्रिकेट से बाहर रहे थे।

श्रृंखला में पहले ही 32 विकेट ले चुके बुमराह ने ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी में 10 ओवरों में 33 रन देकर 2 विकेट लिए। उन्होंने सुबह के सत्र में मार्नस लाबुशेन का विकेट लिया था। लंच के बाद अपने स्पैल में एक ओवर फेंकने के बाद बुमराह को कुछ असुविधा महसूस हुई। उन्होंने कोहली से बात की और मैदान से बाहर चले गए और फिर आधिकारिक प्रसारकों ने उन्हें टीम के सुरक्षा संपर्क अधिकारी और टीम डॉक्टर के साथ मैदान से बाहर जाते हुए दिखाया। 'फॉक्स स्पोर्ट्स% के दृश्यों में उन्हें एक एसयूवी में स्टेडियम से बाहर निकलते हुए दिखाया गया।

## एक दिन में 15 विकेट गिर गए, हम ऑस्ट्रेलिया इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटरों की तरह नहीं रोते : गावस्कर

**सिडनी (एजेंसी)।** भारत के महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर का मानना है कि सिडनी क्रिकेट ग्राउंड में चल रहे 5वें टेस्ट में हरी पिच पर सवाल क्यों नहीं उठ रहे। पूर्व क्रिकेटर ने कहा कि क्या यह खेल भारत में खेला जा रहा है। इस पर सवाल क्यों नहीं उठाए जा रहे। यह पिच टेस्ट क्रिकेट खेने के लिए बिल्कुल भी आदर्श नहीं है। पहले दिन 11 विकेट गिरे थे अब दूसरे दिन 15 विकेट गिर चुके हैं। बता दें कि भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 181 रन पर आउट करने के बाद पहली पारी में 4 रन की बढ़त ली थी। दूसरे दिन के खेल का अंत होने तक भारतीय टीम का स्कोर 141/6 हो गया है और उनके पास 145 रन की बढ़त है।

सुनील गावस्कर ने कहा कि अगर भारत में (एक ही दिन में) 15 विकेट गिर जाते, तो सब गड़बड़ हो जाती। हमारे पास ग्लेन मैक्ग्राथ हैं। वह बीते दिनों बोल रहे थे कि उन्होंने पहले कभी इस पिच पर इतनी घास नहीं देखी। क्या आपने भारत के किसी पूर्व क्रिकेटर को पिच के बारे में विलाप करते हुए सुना है? पूर्व (ऑस्ट्रेलियाई और अंग्रेजी क्रिकेटर) विशेषज्ञ हर समय भारतीय पिचों और परिस्थितियों के बारे में बात करते रहते हैं। हम विलाप करने वाले नहीं हैं, हम रोने वाले नहीं हैं। आप हमें कभी शिकायत करते हुए नहीं पाएंगे। लेकिन भारत में एक दिन में 15 विकेट गिर जाए तो यार यह नरक होगा। जब हम बाहर जाते हैं और क्रिकेट खेलते हैं तो हम ऐसा नहीं करते। अगर हम हारते हैं, तो हम हारते हैं। विदेशों में घरेलू टीमों को हराना बहुत मुश्किल है। मैंने कहा था कि जब हमने कल पिच देखी थी, तो इसपर इतनी घास थी कि गाएं भी चर सकती थी। यह बिल्कुल भी आदर्श टेस्ट मैच पिच नहीं है जो चौथे और पांचवें दिन तक चले। अगर बारिश नहीं होती तो मुझे नहीं लगता कि हम चौथे दिन यहां रहेंगे।

# भारतीय टीम की हालत से दुखी होंगे द्रविड़

**सिडनी (ऑस्ट्रेलिया) (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और कोच रहे राहुल द्रविड टीम की अभी की हालत देखकर दुखी होंगे। उन्होंने विश्व विजेता के तौर पर टीम को छोड़ा था और उनके जाने के बाद टीम की क्या हालत हो गयी। वह श्रीलंका में एकदिवसीय हारी जबकि न्यूजीलैंड के खिलाफ अपनी ही धरती पर उसे 3-0 से हार टेस्ट सीरीज में हार का सामना करना पड़ा। अब ऑस्ट्रेलिया में 1-2 से पिछड़ी हुई है, जबकि आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के खिताबी मुकाबले से तकरीबन बाहर हो चुकी है।

वहीं दूसरी ओर रोहित शर्मा भी सोच रहे होंगे कि अगर द्रविड़ एक साल और कोच रहते तो अच्छा रहता। द्रविड़ के कोच रहते भारतीय टीम का प्रदर्शन काफी अच्छा रहा था और वह विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप, एकदिवसीय विश्वक के फाइनल में पहुंची थी जबकि टी20 विश्वकप उसने जीता था। भारतीय कप्तान रोहित को अभी खराब दौर से गुजरने के



कारण टीम से बाहर तक रहना पड़ रहा है। उन्हें किसी का समर्थन भी नहीं मिलता दिख रहा है। द्रविड़ के कोच पद छोड़ने के बाद नये कोच बने गौतम गंभीर के मार्गदर्शन में टीम का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है। उसे न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज में हार का सामना करना पड़ा है। ऑस्ट्रेलिया दौरे में भी टीम का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा। ऐसे में

टीम को ऑस्ट्रेलियाई मीडिया ने भी निशाना बनाया है। वह भी खिलाड़ियों का मजाक बना रही है। कोच गंभीर का रवैया भी कप्तान को लेकर अब तक सख्त रहा है। खराब फार्म के कारण रोहित दबाव में भी दिखे मेलबर्न में बल्लेबाजी के दोरान उनका अति रक्षात्मक रुख दिखा। एकदिससीय विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया से हार के बाद राहुल द्रविड़ कोचिंग छोड़ना चाहते थे पर रोहित ने उन्हें रुकने के लिए मनाया और भारतीय टीम विश्व विजेता बनी। इन दोनो की जुगल जोड़ी जीत की गारंटी जैसी लगती थी पर अभी टीम में गुटबाजी दिखती है। वह एकजुट नहीं नजर आती तो टीम के तौर पर आनी चाहिए। अभी वह समय है और जिस तरह से रोहित ने द्रविड़ को कोचिंग छोड़ने से रोका था उसी प्रकार कोई रोहित को रोके तो वह एक बार फिर पुराने में नजर आ सकते हैं। वह कोच के तौर पर द्रविड़ की कमी अनुभव कर रहे होंगे। वहीं द्रविड़ यह सोच रहे होंगे कि टीम इंडिया को किस जगह पर छोड़ा था और आज टीम कहां पहुंच गयी है।

## इंग्लैंड के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज से बाहर रह सकते हैं ये दिग्गज

लंदन। भारतीय क्रिकेट टीम इस साल इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज खेलेगी पर इसमें मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह शायद ही खेलें । बुमराह को कार्याभार प्रबंधन के कारण इस सीरीज से बाहर रहना पड़ सकता है। बुमराह के अलावा रोहित शर्मा और विराट भी इस सीरीज से बाहर रह सकते हैं। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 से पहले भारत की ये आखिरी 50 ओवर की सीरीज होगी। एक रिपोर्ट के अनुसार ऐसे में कार्यभार प्रबंधन के तहत ही बुमराह को इसलिए आराम दिया जाएगा जिससे वह चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पूरी तरह से फिट रहें। बुमराह पिछले कुछ समय से लगाता खेल रहे हैं जिसके उनके चोटिल होने का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे में चयनकर्ता उनको लेकर कोई जोखिम नहीं लेना चाहेंगे। वहीं विराट और रोहित का प्रदर्शन टी20 विश्वकप के बाद से ही अच्छा नहीं रहा है। ऐसें में चयनर्ता इस सीरीज के लिए भी इन्हें आराम देकर युवा खिलाड़ियों का आजमा सकते हैं।

## पंत की 184 के स्ट्राइक रेट से खेली गई पारी के दीवाने हुए सचिन




मुंबई । भारतीय टीम के स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर हो रहे मुकाबले के दौरान अपने पुराने अंदाज में दिखाई दिए। बेखौफ पंत ने ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों की जमकर धुनाई की। स्टार्क के ओवर में उन्होंने लगातार गेंदों पर छक्के लगाए, जबकि कुछ ओवरों में उन्होंने जमकर बाउंड्री ठोकी। उन्होंने 33 गेंदों का सामना कर 61 रन की महत्वपूर्ण पारी खेली। जब तक वह क्रीज पर थे कंगारूओं की सांसे अटकी हुई थी। पंत की पारी की महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर ने भी तारीफ की है। पंत ने 29 गेंद में अर्धशतक लगाया, जोकि टेस्ट में भारत की ओर से लगाया गया दूसरा सबसे तेज अर्धशतक है। सबसे तेज शतक लगाने का रिकॉर्ड भी पंत के नाम दर्ज है, उन्होंने 2022 में बेंगलुरु में श्रीलंका के खिलाफ 28 गेंदों में फिफ्टी लगा दी थी। सिडनी टेस्ट की दूसरी पारी में पंत ने चार छक्के और 6 चौके लगाए। उनकी पारी के दौरान स्टेडियम में मौजूद फैंस का भरपूर मनोरंजन हुआ। पंत की पारी पर तेंदुलकर ने लिखा, इसतरह के विकेट पर, जहां ज्यादातर बल्लेबाजों ने 50 से भी कम स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी की, पंत की 184 के स्ट्राइक रेट से खेली गई पारी अद्भुत है। उन्होंने पहली गेंद से ऑस्ट्रेलिया को हिलाकर रख दिया। पंता को बल्लेबाजी करते देखना हमेशा मनोरंजक होता है। प्रभावशाली पारी थी।

# लवलीना अब खिलाड़ियों से जुड़े मामलों को उठाएंगी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ओलंपिक पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन को विश्व मुक्केबाजी संघ की नई एशियाई संस्था के एथलीट आयोग में शामिल किया गया है। ।लवलीना की जिम्मेदारी इसमें एशियाई और वैश्विक मुक्केबाजी में खिलाड़ियों से जुड़े मामलों को उठाना और उनकी बेहतरी के प्रयास करना रहेगा। नई एशियाई संस्था में भारत से लवलीना के अलावा अध्यक्ष अजय सिंह सहित भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) के अध्यक्ष अजय सिंह सहित छह अधिकारियों को शामिल किया गया है। विश्व मुक्केबाजी संघ का मानना है कि एशियाई मुक्केबाजी के भविष्य को बेहतर बनाने में बीएफआई से जुड़े अधिकारी अहम भूमिका निभा सकते हैं। इसी को देखते हुए इन्हें सात अहम समितियों में शामिल किया गया है। सिंह को बोर्ड सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया है। बीएफआई महासचिव हेमंत कुमार कलिता और कोषाध्यक्ष दिग्विजय सिंह को ओलंपिक आयोग और वित्त एवं लेखा जांच समिति में अहम भूमिका मिली है। एशियाई मुक्केबाजी का निर्माण विश्व मुक्केबाजी को आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभा सकता है। इसका काम ये पक्का करना होगा कि मुक्केबाजी 2028 और उसके बाद भी ओलंपिक खेलों में शामिल रहे।'' एथलीट आयोग में शामिल लवलीन ने पूरे एशिया में एथलीटों के लिए बेहतर बुनियादी ढांचे, अवसरों और सहायता प्रणालियों को बढ़ाये जाने पर जोर दिया है। उन्होंने कहा, ''एशियाई मुक्केबाजी में एथलीट आयोग के सदस्य के रूप में भारत का प्रतिनिधित्व करना सम्मान की बात है। यह सुनिश्चित करने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच है कि खिलाड़ियों की आवाज सुनी जाए और निर्णय लेने की प्रक्रिया में प्राथमिकता दी जाए।'' उन्होंने कहा, ''मेरा ध्यान पूरे एशिया में बेहतर प्रशिक्षण बुनियादी ढांचे, निष्पक्ष अवसरों और मजबूत समर्थन प्रणालियों को आगे बढ़ोन पर होगा जो मुक्केबाजों को वैश्विक मंच पर उत्कृष्टता हासिल करने के लिए सशक्त बनाते हैं।''



## देश में इस बार खेले जाएंगे ये अहम टूर्नामेंट




नई दिल्ली । भारत में इस साल क्रिकेट सहित अलग-अलग खेलों में बड़े-बड़े टूर्नामेंटों का आयोजन होने जा रहा है। इनमें महिला एकदिवसीय विश्वकप क्रिकेट से लेकर खो खो विश्वकप भी शामिल हैं। ऐसे में खेल प्रशंसकों को एक से बढ़कर एक मुकाबले देखने को मिलेंगे।

खो-खो विश्वकप 2025 : नए साल की शुरुआत में ही सबसे पहले खो-खो विश्व कप का आयोजन होगा। ये टूर्नामेंट राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में 13 से 19 जनवरी 2025 तक खेला जाएगा। इससे खो-खो के उभरेते हुए खिलाड़ियों को नये अवसर मिलेंगे।

महिला एकदिवसीय विश्व कप 2025 : महिला विश्व कप क्रिकेट का आयोजन सितंबर-अक्तूबर में होगा। इस दौरान दुनिया भर की महिला टीम भारत आयेंगी और लोगों को बेहतरीन मुकाबले देखने को मिलेंगे।

पैरा एथलेटिक्स वर्ल्ड चैंपियनशिप 2025 : पैरा एथलेटिक्स वर्ल्ड चैंपियनशिप 2025 का आयोजन भारत की राजधानी दिल्ली में होगा। 26 सितंबर से 5 अक्तूबर 2025 तक पूरी दिल्ली इसकी मेजबानी करेगी।

खेलों इंडिया विंटर गेम्स 2025 : आइस हॉकी और आइस स्कीइंग का आयोजन 23 से 27 जनवरी तक लद्दाख में होगा। इसके बाद अल्पाइन स्कीइंग, नॉर्डिक स्कीइंग, स्की माउंटेनियरिंग और स्नोबोर्डिंग 22 से 25 फरवरी तक जम्मू-कश्मीर में आयोजित होंगे।

आईपीएल 2025 : इंडियन प्रीमियर लीग के 18वें सीजन की शुरुआत 14 मार्च से होगी। वहीं इसका फाइनल 25 मई को खेला जाएगा।

# फखर को इन चार टीमों के सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीद



इस्लामाबाद । पाकिस्तान क्रिकेट टीम के अनुभवी बल्लेबाज फखर जमान ने आगामी टी20 विश्वकप के सेमीफाइनल में पहुंचने वाली टीमों को लेकर भविष्य वाणी की है। फखर ने कहा है कि इसमें पाकिस्तान, भारत, अफगानिस्तान और दक्षिण अफ्रीका जैसे टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी। फखर ने बासित अली से कहा कि पाकिस्तान के अलावा भारत, अफगानिस्तान और दक्षिण अफ्रीका ऐसी टीमें हैं जो सेमीफाइनल में पहुंचेंगी। इसमें पाकिस्तान के साथ ही भारत और बांग्लादेश ए ग्रुप में है जबकि दक्षिण अफ्रीका की टीम बी ग्रुप में इंग्लैंड, न ऑस्ट्रेलिया के साथ हैं। वहीं चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी को लेकर औपचारिक घोषणा के साथ ही इसको लेकर संशय भी दूर हो गया। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने टूर्नामेंट का कार्यक्रम भी जारी कर दिया है। आठ टीमों के इस आयोजन में 50 ओवर के प्रारूप में 15 मैच शामिल होंगे और यह पाकिस्तान और दुबई में आयोजित किए जाएंगे। इसमें भारत और पाकिस्तान मुकाबला 23 फरवरी को दुबई में होगा। रावलपिंडी, लाहौर और कराची पाकिस्तान में टूर्नामेंट की मेजबानी करने वाले तीन स्थान होंगे। प्रत्येक स्थान पर तीन ग्रुप मैच आयोजित होंगे, साथ ही लाहौर दूसरे सेमीफाइनल की भी मेजबानी करेगा। लाहौर 9 मार्च को फाइनल की मेजबानी करेगा, जब तक कि भारत क्वालीफाई नहीं कर लेता, ऐसी स्थिति में फाइनल दुबई में खेला जाएगा। सेमीफाइनल और फाइनल दोनों में आरक्षित दिन होंगे। इंग्लैंड एकमात्र भाग लेने वाला देश है जिसने इस बहुप्रतीक्षित आयोजन के लिए अपनी टीम की घोषणा की है। ग्रुप ए के शुरुआती मैच में पाकिस्तान 19 फरवरी को कराची में न्यूजीलैंड से भिड़ेगा। अगले दिन दुबई चरण की शुरुआत भारत और बांग्लादेश के बीच होगी।

## ब्रिस्बेन इंटरनेशनल टेनिस में जोकोविच को ओपेल्का ने सीधे सेटों में हराया

ब्रिस्बेन। नोवाक जोकोविच को ब्रिस्बेन इंटरनेशनल टेनिस के क्वार्टर फाइनल में राइली ओपेल्का के खिलाफ सीधे सेटों में 6-7, 3-6 से हार मिली। अमेरिका के ओपेल्का ने 16 ऐस लगाकर अपने करियर की सबसे बड़ी जीत हासिल की है। 47 साल के जोकोविच ऑस्ट्रेलियन ओपन की तैयारी के लिए इस टूर्नामेंट में खेल रहे हैं। ऑस्ट्रेलियाई ओपन की शुरुआत 12 जनवरी से होगी और जोकोविच इसके 10 बार के चैम्पियन रहे हैं। ओपेल्का ने फरवरी 2022 में सर्वश्रेष्ठ करियर रैंकिंग 17 हासिल की है। कूल्हे की सर्जरी के कारण खेल से दूर रहने के कारण उनकी मौजूदा रैंकिंग 293 है। ओपेल्का के सामने सेमीफाइनल में जी एमपेत्शी पेरीकार्ड की चुनौती होगी। पेरीकार्ड ने याकूब मेनसिक को 7-5, 7-6 से हराया। दूसरे सेमीफाइनल में जिरी लेहेका का मुकाबला ग्रिगोर दिमित्रोव से होगा। लेहेका ने निकोलस जैरी को 6-4, 6-4 से हराया और जॉर्डन थॉम्पसन के रिटायर होने पर दिमित्रोव ने अंतिम चार में जगह बनाई।



# आज भारत के पास सिडनी कलंक को मिटाने का मौका, 46 सालों का सूखा हो सकता है खत्म

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सिडनी टेस्ट में खतरे की घंटी बजा दी है। भारतीय गेंदबाजों ने दूसरे दिन शानदार प्रदर्शन किया लेकिन बल्लेबाजों ने मेहनत पर पानी फेर दिया। शनिवार को स्टंप्स के समय भारत का दूसरी पारी में स्कोर 141/6 था। भारत की अभी कुल बढ़त 145 रनों की है। भारत के 185 के जवाब में ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी 181 रनों पर आल आउट हो गई थी। टीम इंडिया फिलहाल मुश्किल में घिरी है। भारत का सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर रिकॉर्ड बेहद खराब रहा है। भारत पर फिर हार का खतरा मंडराने लगा है।

वैसे, सिडनी में लक्ष्य का पीछा करना कभी आसान नहीं होता। हालांकि, मेजबान ऑस्ट्रेलिया ने कई बार चुनौती पर पार पाया है। यहां सबसे बड़ा टारगेट चेज करने का रिकॉर्ड ऑस्ट्रेलिया के नाम ही दर्ज है। ऑस्ट्रेलिया ने यह कारनामा साल 2006 में किया था। कंगारुओं ने तब साउथ अफ्रीका के विरुद्ध 287 रनों का लक्ष्य हासिल कर 8 विकेट से विजयी परचम फहराया। उसके बाद से एससीजी में 21वीं सदी में कोई भी टीम 200 प्लस का टारगेट सफलतापूर्वक चेज नहीं कर सकी।

सिडनी में अभी तक छह मर्तबा 200 से अधिक का लक्ष्य हासिल हुआ है। यह कमाल भी ऑस्ट्रेलिया ने ही किया है। ऑस्ट्रेलिया ने 1898 में इंग्लैंड के विरुद्ध 276 और 1907 में 275 रन बनाकर जीत दर्ज की। कंगारू टीम ने 1985 में न्यूजीलैंड के खिलाफ 260, इंग्लैंड के विरुद्ध 1980 में 216 जबकि 1947 में 214 का टारगेट चेज किया। वहीं, इंग्लैंड ने सिडनी में 1903 में 194 रनों के लक्ष्य का सफलतापूर्वक पीछा किया था। ऑस्ट्रेलिया का सिडनी में दमदार रिकॉर्ड है। ऑस्ट्रेलिया ने 121 टेस्ट खेले हैं, 61 में जीत और 28 में हार मिली है।

सिडनी में भारतीय टीम पर एक कलंक लगा हुआ है। भारत ने इस मैदान पर पिछले 46 सालों से कोई टेस्ट मैच नहीं जीता। भारत ने सिडनी में एकमात्र जीत 1978 में हासिल की थी। भारत और ऑस्ट्रेलिया ने एससीजी में 13 टेस्ट मैच खेले हैं। ऑस्ट्रेलिया ने 5 टेस्ट जीते और 7 ड्रॉ रहे। रविवार को पांचवें टेस्ट का रिजल्ट निकलने की संभावना है। भारत को अगर सिडनी में कलंक मिटाना है, तब ऑस्ट्रेलिया को 200 से अधिक रनों का टारगेट देने पर फोकस करना होगा। ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा 8 और वॉशिंगटन सुंदर 6 रन बनाकर नाबाद हैं। पंत ने दूसरे दिन 33 गेंदों में 61 रन की तूफानी पारी खेली। विराट कोहली (6), केएल राहुल (13) और शुभमन गिल (13) का बल्ला नहीं चला। यशस्वी जायसवाल ने 23 रनों का योगदान दिया।



## मालदीव के विदेश मंत्री से मुलाकात पर बोले जयशंकर

# आप हमारी 'नेबरहुड फर्स्ट' की नीति में बहुत महत्व रखते हैं, भारत हमेशा आपके साथ खड़ा

*विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर और उनके समकक्ष मालदीव के अब्दुल्ला खलील के बीच समुद्री सुरक्षा, व्यापार और निवेश समेत कई प्रमुख क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत बनाने के तरीकों पर चर्चा हुई है। अब्दुल्ला खलील गुरुवार को तीन दिवसीय दौरे पर भारत पहुंचे हैं।*

नई दिल्ली

भारत और मालदीव ने शुक्रवार (3 जनवरी 2025) को सरहद पार व्यापार के लिए स्थानीय मुद्राओं के इस्तेमाल को बढ़ावा देने पर सहमति दी है और विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने कहा है कि भारत हमेशा मालदीव के साथ खड़ा है। जयशंकर ने दिल्ली में मालदीव के अपने समकक्ष अब्दुल्ला खलील के साथ गुरुवार को हुई बैठक में यह टिप्पणी की। एस. जयशंकर और अब्दुल्ला खलील के बीच समुद्री सुरक्षा, व्यापार और निवेश समेत कई प्रमुख क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत बनाने के तरीकों पर चर्चा हुई है।



- समुद्री सुरक्षा, व्यापार और निवेश समेत कई क्षेत्रों में हुई द्विपक्षीय चर्चा
- स्थानीय मुद्राओं के उपयोग को बढ़ावा देने की रूपरेखा पर हुए हस्ताक्षर



### कई क्षेत्रों में बढ़ाई सहभागिता

जयशंकर ने कहा कि मैं देख रहा हूं कि सीमा पार लेनदेन के लिए स्थानीय मुद्राओं के उपयोग को बढ़ावा देने की रूपरेखा पर हस्ताक्षर किए गए हैं। हमने कई क्षेत्रों में अपनी सहभागिता बढ़ाई है और मैं यह कहना चाहता हूं कि भारत हमेशा मालदीव के साथ खड़ा रहा है। आप हमारी नेबरहुड फर्स्ट की नीति में बहुत महत्व रखते हैं। बता दें, हिंद महासागर क्षेत्र में मालदीव भारत का प्रमुख पड़ोसी देशों में से एक है। रक्षा और सुरक्षा के क्षेत्रों में मालदीव की पिछली सरकार के साथ काफी ज्यादा प्रगति देखी गई थी।

### मुइज्जू आने के बाद से खराब हुए थे संबंध

*नवंबर 2023 में मालदीव में मोहम्मद मुइज्जू की सरकार आने के बाद से भारत और मालदीव के संबंधों में दरार आ गई थी। राष्ट्रपति पद की शपथ लेने के कुछ ही देर बाद मुइज्जू ने अपने देश से भारतीय सैनिकों को वापस बुलाने की मांग की थी। भारतीय सैनिकों के जाने के बाद वहां सिविल अधिकारियों ने उनका स्थान ले लिया। हालांकि, अक्तूबर में अपनी दिल्ली यात्रा के दौरान मुइज्जू ने भारत के साथ द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देने की कसम भी खाई थी। बैठक में दोनों देशों ने इस बात पर भी सहमति जताई कि भारत उथुरु थिला फाल्हू (यूटीएफ) में मालदीव राष्ट्रीय रक्षा बल (एमएनडीएफ) की 'एकथा' बंदरगाह परियोजना को समय पर पूरा करने का समर्थन करेगा।*

### भारत के सहयोग की सराहना

*डॉ. खलील ने अपनी ओर से भारत द्वारा जरूरत के समय मालदीव को दी गई आपातकालीन वित्तीय सहायता की सराहना की, जो मालदीव के फर्स्ट रिस्पॉन्डर्स' के रूप में भारत की भूमिका को दर्शाता है। खलील ने भारत-मालदीव व्यापक आर्थिक और समुद्री सुरक्षा साझेदारी के लिए संयुक्त दृष्टिकोण को साकार करने में भारत सरकार के साथ मिलकर काम करने के लिए राष्ट्रपति मुइज्जू और मालदीव सरकार की दृढ़ प्रतिबद्धता की पुष्टि की।*

### नए साल में मालदीव पहला विजिटर

अपने समकक्ष का स्वागत करते हुए जयशंकर ने कहा कि मैं आपकी पहली आधिकारिक यात्रा पर आपका और आपके प्रतिनिधिमंडल का स्वागत करता हूं। मैं नए साल की भी बधाई देता हूं और मैं यह कहना चाहूंगा कि आप मेरे पहले विजिटर हैं।

## खबर संक्षेप

### 6.1 तीव्रता वाले भूकंप से थर्रा गया चिली देश



**वॉशिंगटन।** दक्षिण अमेरिकी देश चिली में भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। चिली के स्थानीय समय के मुताबिक यहां 6.1 तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किए गए। यूरोपीय-भूमध्यसागरीय भूकंप विज्ञान केंद्र के मुताबिक एंटोफगास्टा, चिली में 6.1 तीव्रता का भूकंप आया। भूकंप का केंद्र 104 किलोमीटर (64.62 मील) की गहराई पर था। चिली सरकार और आपदा प्रबंधन एजेंसियां स्थिति पर कड़ी नजर रख रही हैं। स्थानीय स्तर पर राहत और बचाव दलों को तैनात कर दिया गया है।

### हवा में उलझा नौसेना का पैराशूट, अनहोनी टली



**विशाखापत्तनम।** आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में उस समय एक घटना होने से टल गई, जब नौसेना के दो स्काइडाइवर्स का पैराशूट आपस में उलझ गया। घटना में दोनों जवानों को कोई भी चोट नहीं आई है। क्योंकि दोनों दो स्काइडाइवर्स समंदर के ऊपर उड़ रहे थे और पैराशूट उलझने के बाद समंदर में गिरे। जिसके तुरंत बाद नौसेना की तरफ से उनका रेस्क्यू किया गया। जानकारी के अनुसार, दोनों जवान कुलीन मरीन कमांडो के सदस्य थे। यह घटना तब हुई जब एक अधिकारी राष्ट्रीय ध्वज लेकर नीचे उतर रहा था।

## भारतीय विदेश मंत्रालय ने चीन के समक्ष दर्ज कराया विरोध, कहा

# होटन प्रांत इलाके में भारतीय क्षेत्र पर अवैध कब्जा कभी स्वीकार नहीं

**हितों की रक्षा के लिए निगरानी करना जारी रखेंगे**

*चीन ने लद्दाख से सटे चीनी इलाके में दो काउंटीज बना रहा है, जिसका एक बड़ा हिस्सा लद्दाख में भी आ रहा है। चीन की इन हरकतों पर भारतीय विदेश मंत्रालय ने आपत्ति जाहिर की है। भारत ने होटन प्रांत में दो नई काउंटी की घोषणा पर चीन के समक्ष विरोध दर्ज कराया है*

नई दिल्ली

पड़ोसी मुल्क चीन अपनी विस्तारवादी नीतियों से बाज नहीं आता है और भारतीय जमीन को कब्जाने की कोशिश करता रहता है। कुछ ऐसा ही अब वह लद्दाख के क्षेत्र में एक बार फिर कर रहा है, वह लद्दाख से सटे चीनी इलाके में दो काउंटीज बना रहा है, जिसका एक बड़ा हिस्सा लद्दाख में भी आ रहा है। चीन की इन हरकतों पर भारतीय विदेश मंत्रालय ने आपत्ति जाहिर की है।



भारत ने होटन प्रांत में दो नई काउंटी की घोषणा पर चीन के समक्ष विरोध दर्ज कराया है। विदेश मंत्रालय ने चीन द्वारा होटन प्रांत में दो नई काउंटी स्थापित करने पर कहा कि हमने इस इलाके में भारतीय क्षेत्र पर चीन के अवैध कब्जे को कभी स्वीकार नहीं किया है।

ब्रह्मपुत्र पर बांध बनाने संबंधी चीन की योजना पर विदेश मंत्रालय ने कहा कि हम अपने हितों की रक्षा के लिए निगरानी करना जारी रखेंगे और आवश्यक कदम उठाएंगे। विदेश मंत्रालय ने चीनी पक्ष से यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया गया कि ब्रह्मपुत्र के निचले इलाके वाले राज्यों के हितों को नुकसान न पहुंचे।

चीन की बांध परियोजना पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने 25 दिसंबर 2024 को सिन्हुआ द्वारा जारी जानकारी का हवाला देते हुए कहा कि हमने तिब्बत स्वायत्त क्षेत्र में यारलुंग त्संगपो नदी पर प्रस्तावित जलविद्युत परियोजना के बारे में सुना है। नदी के पानी पर हमारे उपयोगकर्ता अधिकार होने के नाते, हमने लगातार विशेषज्ञ स्तर और राजनयिक चैनलों के माध्यम से चीनी पक्ष को अपने विचार और चिंताएं व्यक्त की हैं।

### जरूरी हुआ तो आवश्यक कदम भी उठाएंगे



चीन का थ्री गॉर्जेस बांध। अब इससे भी तीन गुना बड़ा बांध ब्रह्मपुत्र नदी पर बनाने जा रहा है।

### पूरे ईकोसिस्टम को प्रभावित करेगा

ब्रह्मपुत्र नदी पर बनने वाले दुनिया के सबसे बड़े बांध से भारत में भी चिंता पैदा हो गई है। आशंका जताई जा रही है कि इससे चीन ब्रह्मपुत्र के पानी पर नियंत्रण कर सकेगा। बांध के बड़े जलाशय में अपनी जरूरत के मुताबिक पानी रोक सकेगा और जरूरत के हिसाब से छोड़ सकेगा। अगर कभी चीन अचानक पानी छोड़ दे तो भारत में ब्रह्मपुत्र के आसपास के इलाकों में बाढ़ आ सकती है। चीन के साथ विश्वास की कमी ऐसी चिंताओं को और बढ़ाती है। बरसात के दिनों में ब्रह्मपुत्र वैसी ही विकराल हो उठती है।

### निचले राज्यों के हितों को नुकसान न हो

*जायसवाल ने कहा कि नवीनतम रिपोर्ट के बाद, यह सुनिश्चित किया गया है कि पारदर्शिता और निचले देशों के साथ परामर्श की आवश्यकता है। हमने चीनी पक्ष से यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया है कि ब्रह्मपुत्र नदी के निचले राज्यों के हितों को ऊपरी क्षेत्रों में हो रही गतिविधियों से कोई नुकसान न पहुंचे। हम अपने हितों की रक्षा के लिए निगरानी और आवश्यक उपायों को जारी रखेंगे। चीनी सरकारी मीडिया शिन्हुआ ने 27 दिसंबर को रिपोर्ट किया कि उत्तर-पश्चिमी चीन के झिंजियांग उइगर स्वायत्त क्षेत्र की सरकार ने क्षेत्र में दो नई काउंटियों, हेआन काउंटी और हेकांग काउंटी, की स्थापना का ऐलान किया था।*

### ब्रह्मपुत्र पर दुनिया का सबसे बड़ा बांध बना रहा चीन

बता दें कि चीन दुनिया के सबसे बड़े थ्री गॉर्जेस बांध से भी तीन गुना बड़ा बांध ब्रह्मपुत्र नदी पर बनाने जा रहा है जो भारत के लिए चिंता की एक नई और बड़ी वजह बनने जा रहा है। ब्रह्मपुत्र नदी जो चीन के स्वायत्तशासी तिब्बत प्रांत में मानसरोवर झील के करीब चेमायुंगडुंग ग्लेशियर से निकलती है उसे चीन में यार्लुंग सांगपो कहा जाता है। इस नदी पर चीन पहले ही कई बड़े बांध बना चुका है। अब दुनिया का सबसे बड़ा बांध बनाने की तैयारी है। करीब 2900 किलोमीटर लंबी यार्लुंग सांगपो नदी हिमालय के उस पार तिब्बत के पठार पर 2057 किलोमीटर दूर तक पश्चिम की ओर बहती है और उसके बाद अरुणाचल प्रदेश से होकर भारत में प्रवेश करती है। भारत के बाद ये बांग्लादेश जाती है और फिर बंगाल की खाड़ी में मिल जाती है। लेकिन भारत में प्रवेश से ठीक पहले ये नदी एक तीव्र यू टर्न लेती है।

## भारत से डरे पाक का बेबुनियाद आरोप

# 'रॉ' हमारे यहां घुसकर आतंकियों को मार रहा

इस्लामाबाद

पाक विदेश मंत्रालय ने उनके देश में भारत के आतंकवादियों के खिलाफ अभियान पर चिंता जताई है। पाक ने कहा कि भारत अपनी सीमा से बाहर आतंकियों के सफाए के लिए अभियान चला रहा है। पाक ने ये आरोप एक अमेरिकी अखबार की रिपोर्ट के बाद लगाए।



इस्लामाबाद में अपने साप्ताहिक समाचार ब्रीफिंग में विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मुमताज जहरा बलूच ने इन कार्रवाइयों की निंदा करते हुए कहा कि भारत का आतंकियों के खिलाफ अभियान पाकिस्तान से बाहर भी फैल गया है। उन्होंने कहा कि ये कार्रवाई केवल पाक ही नहीं, वैश्विक स्तर पर कई देशों में चिंताएं पैदा की हैं। बता दें, अमेरिका के एक अखबार ने अपनी रिपोर्ट में खुलासा किया है कि भारत ने पाकिस्तान के भीतर ऐसे व्यक्तियों की हत्या का आदेश दिया है, जिन्हें वह अपने राष्ट्रीय हितों के लिए खतरा मानता है।

### भारत ने दावों को खारिज किया

अमेरिकी अखबार ने दावा किया है कि भारतीय खुफिया एजेंसी रॉ गुप्त हत्याएं करा रहा है। रिपोर्ट में ये भी कहा गया कि ऐसी कार्रवाई को सरकार का भी समर्थन है। हालांकि, इन आरोपों को पहले भी भारत खारिज कर चुका है और कह चुका है कि इसको लेकर आज तक कोई सबूत पेश नहीं किया गया है। राष्ट्रीय सुरक्षा के बारे में चिंताओं का जवाब देते हुए बलूच ने ये भी कहा कि पाकिस्तान किसी भी आंतरिक या बाहरी खतरों के खिलाफ अपनी संप्रभुता की रक्षा करने में पूरी तरह सक्षम है। एक अन्य प्रश्न का उत्तर देते हुए, प्रवक्ता ने ग्वादर बंदरगाह पर पाकिस्तान की स्थिति को स्पष्ट करते हुए कहा कि इसे केवल पाकिस्तान के विकास के लिए चीन के समर्थन से विकसित किया गया है और विदेशी शक्तियों को सैन्य अड्डे देने की किसी भी मंशा से इनकार किया।

### भारत के साथ बेहतर रिश्ते बनाने की इच्छा

आर्थिक संकट का सामना कर रहे पाकिस्तान को अब भारत से दोस्ती की जरुरत महसूस हो रही है। पाकिस्तानी उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार ने गुरुवार को नई दिल्ली के साथ बेहतर रिश्ते बनाने की इच्छा जाहिर की। एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में भारत के साथ व्यापारिक संबंधों पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि रिश्तों को बेहतर बनाने के लिए 'दो लोगों की जरूरत होती है'। उन्होंने भारत से संबंधों को बेहतर बनाने के लिए माहौल बनाने की अपील की।

## ईरान के इरादों पर फिरा पानी, सीरिया में बनवा रहे थे मिसाइल

# इजराइल ने सैन्य ठिकानों पर बमबारी, उसे कर दिया नष्ट, 4 माह बाद किया खुलासा

तेल अवीव

इजराइली सेना ने सीरिया के अंदर ईरान के इरादों पर पानी फेर दिया। सीरिया के सैन्य ठिकानों पर ईरान एक फैक्ट्री में मिसाइल बनवा रहा था, तभी इजराइली सेना ने उसे नष्ट कर दिया। इजराइल की सेना ने पहली बार कबूल किया कि पिछले साल सितंबर में उसके करीब 100 सैनिकों ने भूमिगत मिसाइल फैक्ट्री को नष्ट किया था। एलिट शालदाग यूनिट के कमांडो ने 8 सितंबर को सीरियाई शहर मस्याफ में वैज्ञानिक अध्ययन और अनुसंधान केंद्र पर छापा मारा था।



### हिज्बुल्लाह के लिए हुआ उत्पादन

इजराइली सेना ने कहा कि इस फैक्ट्री ने 250-300 किलोमीटर की रेंज वाली एम600एफ मिसाइलें, 130 किलोमीटर की रेंज वाली सटीक एम302 मिसाइलें, 70 किलोमीटर की रेंज वाली एम220 मिसाइलें और 40 किलोमीटर की रेंज वाले ट्रक से लॉन्च किए जाने वाले एम122 रॉकेट बनाए। इन मिसाइलों का इस्तेमाल हिज्बुल्लाह द्वारा किया जाना था। बता दें कि इन सैन्य ठिकानों पर जैविक और रासायनिक हथियारों का भी उत्पादन होने की बात सामने आई थी। इजराइली कमांडो ने आगे की जांच के लिए कई हथियार, खुफिया दस्तावेज वापस इजराइल लेकर आए। बता दें कि दिसंबर में ही बशर असद की ईरान समर्थित सीरियाई सरकार को उखाड़ फेंका गया। दमिश्क के पतन ने सीरियाई और ईरानी सैन्य संपत्तियों पर इजराइली हवाई हमलों की लहरों को प्रेरित किया ताकि उन्हें इस्लामी विद्रोहियों के हाथों में पड़ने से रोका जा सके।

## भारत प्रत्यर्पण से बचने के कोशिश

# तहव्वुर राणा ने सुप्रीम कोर्ट में दायर की याचिका, दोहरे खतरे का दिया हवाला

वॉशिंगटन

मुंबई हमले के साजिशकर्ता तहव्वुर राणा ने भारत प्रत्यर्पण से बचने की आखिरी कोशिश की है। राणा के वकील ने अमेरिका के सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर निचली अदालत के फैसले की समीक्षा करने की अपील की है।



इस याचिका में राणा के वकील ने दोहरे खतरे के सिद्धांत का हवाला दिया है। ये सिद्धांत एक ही अपराध के लिए दो बार मुकदमा चलाने से रोकता है। भारत लंबे समय से पाकिस्तानी मूल के कनाडाई नागरिक तहव्वुर राणा के प्रत्यर्पण की मांग कर रहा है। वह साल 2008 में मुंबई में हुए आतंकी हमले के मामले में वांछित है। राणा की याचिका पर 17 जनवरी को सुनवाई होगी। राणा, वर्तमान में लॉस एंजेलिस की जेल में बंद है। राणा ने तर्क दिया कि उसे इलिनोइस (शिकागो) की संघीय अदालत में 2008 के मुंबई आतंकवादी हमले से संबंधित आरोपों पर मुकदमा चलाया गया और बरी कर दिया गया था।

## यूएस में 14 लोगों को रौंदने वाले जब्बार पर हुए नए खुलासे

# राष्ट्रपति बाइडेन बोले- आईएसआईएस का था समर्थक, दो जगह भी फिट किए थे बम

वॉशिंगटन

अमेरिका के न्यू ऑरलियन्स में नए साल पर कई लोगों को ट्रक से रौंदने वाले हमलावर शम्सुद-दीन जब्बार पर हर रोज नए खुलासे हो रहे हैं। राष्ट्रपति जो बाइडेन ने शुक्रवार को कहा कि हमलावर जब्बार ने अकेले ही ये हमला किया था। बाइडेन ने ये भी कहा कि उसे आईएसआईएस का प्रबल समर्थन था। बुधवार की सुबह जब्बार ने अपने पिकअप ट्रक को भीड़ से भरी बॉर्बन स्ट्रीट में घुसा दिया था, जिससे कम से कम 14 लोगों की मौत हो गई और 35 घायल हो गए। एफबीआई इस घटना की जांच आतंकवादी हमले के एंगल से कर रही है।



### राष्ट्रीय सुरक्षा टीम के साथ बैठक

बाइडेन ने कहा कि वह न्यू ऑरलियन्स जाएंगे। उन्होंने ये भी बताया कि उनका अनुमान है कि जिन दो आइस चेस्ट में बम था उनको उड़ाने के लिए आरोपी के वाहन में रिमोट डेटोनेटर था। हमलावर ने हमले से कुछ घंटे पहले ही कई वीडियो पोस्ट किए थे, जिसमें आईएसआईएस के प्रति समर्थन का संकेत दिया गया था। गुरुवार दोपहर कैंप डेविड से लौटने के तुरंत बाद बाइडेन ने अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा टीम के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि वे इस बात की भी जांच कर रहे हैं कि न्यू ऑरलियन्स हमले और लास वेगास में हुए विस्फोट के बीच कोई संबंध है या नहीं। लास वेगास में विस्फोट करने वाले ट्रक को किराए पर लेने वाला व्यक्ति भी सक्रिय ड्यूटी पर अमेरिकी सेना में काम कर चुका है।


## विदेश मंत्रालय की ओर से जारी किए गए वार्षिक लेखा-जोखे में दी जानकारी

# पीएम मोदी ने बाइडेन की पत्नी जिल को दिया था 17 लाख का हीरा

नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने साल 2023 में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन की पत्नी और अमेरिकी की पहली महिला जिल बाइडन को 20 हजार अमेरिकी डॉलर (17,11,482 रुपए) का हीरा भेंट दिया है। विदेश मंत्रालय की ओर से जारी किए गए वार्षिक लेखा-जोखा में यह जानकारी सामने आई है। जानकारी के मुताबिक, पीएम मोदी ने जो हीरा जिल बाइडन को गिफ्ट किया था वो प्रयोगशाला (लैब) में बनाया गया 7.5 कैरेट का हरा हीरा है। यह हीरा धरती से निकाले गए हीरे के रासायनिक और प्रकाशीय गुणों को दर्शाता है। यह पर्यावरण के अनुकूल भी है, क्योंकि इसे बनाने में सौर और पवन ऊर्जा जैसे पर्यावरण-विविध संसाधनों का उपयोग किया गया है।

**प्रयोगशाला में बनाया गया था 7.5 कैरेट का हीरा | तोहफे में दिया नायाब हीरा पर्यावरण अनुकूल हैं**



### ट्रंप 20 जनवरी को लेंगे राष्ट्रपति पद की शपथ

*जो बाइडेन और जिल बाइडेन को मिले अन्य तोहफे आर्काइव में भेज दिए गए हैं। पिछले साल अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में रिपब्लिकन उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप की जीत हुई है। डोनाल्ड ट्रंप 20 जनवरी 2025 को अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ लेंगे।*

### 'व्हाइट हाउस' के ईस्ट विंग में रखा गया हीरा



मंत्रालय के दस्तावेज के मुताबिक, पीएम मोदी के ओर से भेंट किया गया यह हीरा 'व्हाइट हाउस' के ईस्ट विंग में रखा गया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, साल 2024 में जिल बाइडन को विदेशी नेताओं से मिले तोहफों में सबसे महंगा था। साल 2023 में अमेरिका में यूक्रेनी एंबेसडर ने जो बाइडेन और उनके परिवार को 14,063 अमेरिकी डॉलर का एक ब्रोच और कंगन तोहफे में दिया था। वहीं मिस्र के राष्ट्रपति और फर्स्ट लेडी ने 4,510 अमेरिकी डॉलर के ब्रोच और फोटोग्राफ अल्बम तोहफे में दिया था।


## दमकलकर्मियों ने आग पर काबू पाया

# कैलिफोर्निया में टकराकर क्रैश हुआ विमान, दो लोगों की मौत, 18 घायल

वॉशिंगटन



दक्षिणी कैलिफोर्निया में एक छोटा विमान एक व्यावसायिक इमारत की छत से टकरा गया। इस हादसे में 2 लोगों की मौत हो गई और 18 लोग घायल हुए हैं। फुलर्टन पुलिस के प्रवक्ता क्रिस्टी वेल्स ने बताया कि पुलिस को गुरुवार को दोपहर 2.09 बजे ऑरेंज काउंटी के फुलर्टन शहर में हुए विमान हादसे की सूचना मिली। दमकलकर्मियों और पुलिस ने तुरंत घटनास्थल पर पहुंचकर आग पर काबू पाया और आस-पास के व्यवसायों को खाली कराया। आग ने एक गोदाम को नुकसान पहुंचाया जिसमें सिलाई मशीनें और कपड़ा स्टॉक रखा हुआ था। नौ लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जबकि शेष पीड़ितों का मौके पर ही इलाज किया गया और उन्हें छुट्टी दे दी गई। यह दुर्घटना कैलिफोर्निया के फुलर्टन में रेमर एवेन्यू के 2300 ब्लॉक में हुई। बता दें कि फुलर्टन लॉस एंजिल्स से लगभग 40 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व में स्थित है। यहां की आबादी लगभग एक लाख चालीस हजार है।



## आरआरआर बनने की कहानी बिहाइंड एंड बियॉन्ड' का ट्रेलर जारी

**मुंबई।** जाने-माने निर्देशक एसएस राजामौली की फिल्म आरआरआर ने पिछले साल बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाया था। फिल्म को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी खूब सराहना मिली। फिल्म गोल्डन ग्लोब और ऑस्कर जैसे प्रतिष्ठित पुरस्कार भी लेकर आई। इस फिल्म में रामचरण और जूनियर एनटीआर मुख्य भूमिका में नजर आए थे। अब राजामौली डॉक्यूमेंट्री फिल्म आरआरआर : बिहाइंड एंड बियॉन्ड' लेकर आ रहे हैं, जिसमें वह आरआरआर बनने के पीछे की कहानी से दर्शकों को रूबरू करवाएंगे। आखिरकार आरआरआर : बिहाइंड एंड बियॉन्ड' का ट्रेलर का सामने आया गया है। इस फिल्म के जरिए राजामौली बताना चाहते हैं कि फिल्म बनने के लिए उन्होंने कितनी मुश्किलों का सामना किया था।

लाइफ Style

# कंगना

## अल्लू अर्जुन का किरदार काफी मुश्किल वाला रहा

अल्लू ने कॉन्फिडेंटली ये रोल अदा किया। वो चप्पल, कपड़े हेयरस्टाइल। अल्लू ने भी अमेरिका में रहकर पढ़ाई की है,वो आउटसाइड से नहीं थे, लेकिन आप कुछ तो रियलिटी चेक रखिए लाइफ में। इस किरदार से खुद को लोगों से जोड़ा है।

बॉलीवुड अभिनेत्री और सांसद कंगना रनौत ने फिल्म पुष्पा 2 की सफलता की वजह बताई है। कंगना रनौत ने हाल ही में 'पुष्पा 2' की सक्सेस पर बात की। बता 'पुष्पा 2 के हिंदी वर्जन ने तेलुगू वर्जन से काफी ज्यादा कमाई की है। कंगना का कहना रहा कि अल्लू अर्जुन ने जिस तरह का किरदार अदा किया है वो काफी मुश्किल है लेकिन यदि यही किरदार किसी बॉलीवुड सेलेब को दे दिया जाता तो वो शायद नहीं कर पाता।

कंगना ने कहा,'पुष्पा 2' में जो रोल एक्टर ने किया है वो एक मजदूर का किया है। आज हमारी बॉलीवुड में कौन सा हीरो एक मजदूर का रोल निभाना चाहेगा? कोई नहीं। इन लोगों को 6 पैक एब्स, एक हॉट बेब, बीच, बाइक, टशन, आइटम नंबर बस यही सब चाहिए.जैसा कि मैंने कहा कि जब आप एक व्यक्तित्व के लिए संवेदनशील हो जाते हैं तभी आप स तरह के किरदार निभा पाते हैं। अल्लू ने कॉन्फिडेंटली ये रोल अदा किया। वो चप्पल, कपड़े हेयरस्टाइल। अल्लू ने भी अमेरिका में रहकर पढ़ाई की है,वो आउटसाइड से नहीं ते हैं, लेकिन आप कुछ तो रियलिटी चेक रखिए लाइफ में। इस किरदार से खुद को लोगों से जोड़ा है।



हॉलीवुड मसाला




## नहीं रहीं हैरी पॉटर फेम मैगी

**लॉस एंजिलस।** ऑस्कर विनर अभिनेत्री और हैरी पॉटर फेम मैगी स्मिथ अब इस दुनिया में नहीं रहीं। अभिनेत्री का 89 वर्ष की आयु में शुक्रवार को निधन हो गया। वह हैरी पॉटर फ्रेंचाइजी की फिल्म डाउनटाउन ऐबी में अपने किरदार 'प्रोफेसर मैक्गोनागल' और दमदार अभिनय के लिए जानी जाती हैं। अभिनेत्री ने लंदन के चेल्सी एंड वेस्टमिंस्टर अस्पताल में अंतिम सांस ली। यह खबर उनके दोनों बेटों क्रिस लार्किन और टोबी स्टीफन ने साझा की। मैगी ने 1952 में ऑक्सफोर्ड प्लेहाउस में एक स्टेज परफॉर्मर के रूप में अपनी यात्रा शुरू की थी।



## टेलर बनी सबसे अमीर महिला म्यूजिशियन...

**लॉस एंजिलस।** अमेरिकन सिंगर, सॉन्ग राइटर टेलर स्विफ्ट अपने गानों के लिए दुनियाभर में फेमस हैं। भारत में उनकी तगड़ी फैन फॉलोइंग है। सिंगर ने पिछले साल मार्च 2023 में अपने एरा टूर की शुरुआत की थी, जिसका 8 दिसंबर 2024 को एंड हो गया है। बता दें, टेलर स्विफ्ट के गानों का हर कोई दीवाना है। सिंगर 14 बार ग्रैमी अवॉर्ड जीत चुकी हैं। वहीं उन्होंने एमी अवॉर्ड भी अपने नाम किया है। इसी के साथ अब टेलर स्विफ्ट अब दुनिया की सबसे अमीर महिला संगीतकार बन चुकी हैं। फोर्ब्स की रिपोर्ट के मुताबिक, उनकी कुल नेट वर्थ करीब 1.6 बिलियन डॉलर बताई जा रही है। सिंगर ने पॉप स्टार रिहाना को भी इस मामले में पीछे छोड़ दिया है, जिनकी नेट वर्थ 1.6 बिलियन डॉलर है।



## जो है वो आपको सही समय पर मिल जाएगा

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री मनीषा कोइराला ने सोशल मीडिया पर एक क्रिप्टिक पोस्ट साझा कर बताया कि जो आपके लिए है, वो आपको सही समय पर मिल जाएगा। मनीषा ने इंस्टाग्राम के स्टोरीज सेक्शन पर एक फोटो साझा करते हुए लिखा कि जो आपके लिए है, वो सही समय पर मिल जाएगा। मनीषा ने क्रिप्टिक पोस्ट से पहले अपनी नई किताब लिखने की जानकारी अपने प्रशंसकों को दी थी। मनीषा ने कैप्शन में लिखा था, मुझे अपना नया मैकबुक मिला और मैं लिखने की तैयारी में हूं। नए सफर के लिए उत्साह और घबराहट दोनों महसूस कर रही हूं, लेकिन मैं इसमें डूबने के लिए और अपने सपनों को साकार करने के लिए तैयार हूं। मेरी पहली किताब 'हील्ड' लिखना आसान था क्योंकि यादें गहरी और ताजा थीं।



## 'भूल-भूलैया-3' ओटीटी पर दी दस्तक...

**मुंबई।** कार्तिक आर्यन और विद्या बालन की हॉरर कॉमेडी फिल्म 'भूल भुलैया 3' को दिवाली के मौके पर यानी 1 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज किया गया था और बॉक्स ऑफिस पर इसने खूब नोट छापे। अब यह फिल्म अपनी ओटीटी रिलीज को तैयार है। ऐसे में जो दर्शक इस फिल्म को सिनेमाघरों में नहीं देख पाए, वह अब इसे ओटीटी पर देख सकते हैं। 'भूल भुलैया 3' का प्रीमियर 27 दिसंबर से ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर होने शुरू हो गया है। निर्माताओं ने लिखा, 'रहस्य के दरवाजे जल्द ही खुलेंगे। इसे भूले ना।' 150 करोड़ रुपये की लागत में बनी 'भूल भुलैया 3' ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 278.42 करोड़ रुपये का कारोबार किया था। 'भूल भुलैया 3' में कार्तिक की जोड़ी तृप्ति डिमरी के साथ बनी है। माधुरी दीक्षित ने भी फिल्म में अदाकारी का तड़का लगाया है।

टीवी मसाला

## किसी ने पहना सुर्ख लाल लहंगा, तो कोई बनी स्टाइलिश दुल्हनिया रानी

## टीवी की इन सुंदर हसीनाओं ने की 2024 में शादी...

**नई दिल्ली।** इस साल कई टीवी और बॉलीवुड कलाकार शादी के बंधन में बंधे। टीवी की कुछ एक्ट्रेस साल 2024 में दुल्हनिया बनीं। इस लिस्ट में सुरभि ज्योति और आरती सिंह जैसी अदाकाराओं का नाम शामिल है। सभी ने अपने लुक ने फैंस का दिल जीता। कुछ तो इतनी कमाल की दिखीं कि सोशल मीडिया पर तस्वीरें आग की तरह वायरल हो गईं।



**सोनारिका भदौरिया :** कशादियों टीवी शो देवों के देव... महादेव में पार्वती का रोल निभाने वाली फेमस एक्ट्रेस सोनारिका भदौरिया ने इसी साल शादी की। उनकी शादी 18 फरवरी के दिन हुई थी। उनके हसबैंड का नाम विकास पाराशर है। दोनों ही शादी वाले जोड़े में कमाल के दिख रहे थे।

## 'इडियट्स ऑफ इस्तांबुल' पर अली ने लगाई मुहर...

**मुंबई।** भारतीय सिनेमा के जाने-माने निर्देशक और निर्माता इम्तियाज अली इन दिनों अपनी अगली फिल्म को लेकर चर्चा में हैं। फिल्म को लेकर चर्चा तो काफी पहले से शुरू हो चुकी हैं। कहा जा रहा है कि इसमें पहली बार फहाद फासिल और तृप्ति डिमरी की जोड़ी नजर आएगी। अब आखिरकार इम्तियाज ने यह पुष्टि कर दी है कि उनकी अगली फिल्म फहाद मुख्य भूमिका में नजर आएंगे और उनकी फिल्म का नाम 'इडियट्स ऑफ इस्तांबुल' है। इम्तियाज ने हाल ही में उन्होंने मीडिया के साथ बातचीत में अपनी अगली फिल्म पर बात की। उन्होंने कहा इसका नाम 'द इडियट ऑफ इस्तांबुल' है। यह फिल्म मुझे फहाद फासिल के साथ बनानी है। उन्होंने कहा कि यह फिल्म बन रही है, लेकिन मुझे नहीं पता कि यह अगली फिल्म होगी या नहीं। हां, मैं काफी वक्त से इस फिल्म को बनाने की कोशिश कर रहा हूं।




***अगले साल शुरू होगी फिल्म की शूटिंग :*** 'इडियट्स ऑफ इस्तांबुल' के जरिए फहाद बॉलीवुड में कदम रखने जा रहे हैं। यह पहला मौका होगा, जब फहाद और तृप्ति पर्दे पर साथ दिखाई देंगे। यह फिल्म 2026 में सिनेमाघरों में रिलीज हो सकती है। इम्तियाज साल 2025 की पहली तिमाही में तृप्ति और फहाद के साथ फिल्म की शूटिंग शुरू करने वाले हैं। यह फिल्म किसी ओटीटी प्लेटफॉर्म पर नहीं, बल्कि सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## अजय की 'आजाद' से अक्षय की स्काई फोर्स शाहिद की देवा तक, जनवरी में रिलीज होंगी ये फिल्में...

**मुंबई।** साल 2024 में जहां 'स्त्री 2', 'मुंज्या', 'भूल भुलैया 3' और 'पुष्पा 2' ने लोगों का जबरदस्त मनोरंजन किया, वहीं नए साल की शुरुआत भी धमाकेदार होने वाली है। जनवरी, 2025 में कई ऐसी फिल्में दर्शकों के बीच आ रही हैं, जिनका इंतजार दर्शक बड़ी बेसब्री से कर रहे हैं। एक तरफ जहां अजय देवगन जहां 'आजाद' लेकर सिनेमाघरों में दस्तक देंगे, वहीं राम चरण अपनी बहुचर्चित फिल्म 'गेम चेंजर' के साथ दर्शकों के बीच हाजिर होंगे।

**'आजाद'** : अजय देवगन फिल्म 'आजाद' लेकर आ रहे हैं। यह फिल्म इसलिए खास है, क्योंकि इसके जरिए रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी अभिनय की दुनिया में कदम रखने जा रही हैं, वहीं अजय के भांजे अमन देवगन भी इससे बॉलीवुड में एंट्री कर रहे हैं। 'आजाद' भी 17 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। 'केदारनाथ' के निर्देशक अभिषेक कपूर के निदोन में यह फिल्म बन रही है। डायना पेंटी भी इस




फिल्म का हिस्सा हैं।

**'देवा'** : लंबे समय से शाहिद कपूर अपनी आगामी फिल्म 'देवा' को लेकर चर्चा में बने हुए हैं, जिसका निर्देशन रोशन एंड्रयूज कर रहे हैं। इस फिल्म में शाहिद एक पुलिसवाले की भूमिका निभाएंगे, जिसका नाम 'देवा' है। 'देवा' का निर्माण विद्या बालन के पति और जाने-माने फिल्म निर्माता सिद्धार्थ रॉय कपूर कर रहे हैं। यह फिल्म 31 जनवरी को सिनेमाघरों में दस्तक देने को तैयार है। फिल्म में शाहिद की जोड़ी पहली बार अभिनेत्री पूजा हेगड़े के साथ बनी है।

**'इमरजेंसी' और 'फतेह'** : कंगना रनौत की पीरियड-ड्रामा फिल्म 'इमरजेंसी' इसी साल रिलीज होने वाली थी। हालांकि, फिल्म को लेकर सिख समुदाय के विरोध के बाद फिल्म की रिलीज तारीख आगे बढ़ा दी गई। भारत में 1975 में लगी इमरजेंसी के दौर को दिखाती ये फिल्म 17 जनवरी को रिलीज होगी। उधर अभिनेता सोनू सूद साइबर क्राइम पर आधारित फिल्म 'फतेह' लेकर आ रहे हैं। नसीरुद्दीन शाह और विजय राज भी इस फिल्म का हिस्सा हैं। 10 जनवरी को यह फिल्म रिलीज होगी।

**'स्काई फोर्स' और 'गेम चेंजर'**: अक्षय कुमार अगले साल जनवरी में 'स्काई फोर्स' लेकर आ रहे हैं। इसमें उनके साथ सारा अली खान नजर आएंगी। यह फिल्म 24 जनवरी, 2025 को सिनेमाघरों का दरवाजा खटखटाएगी। दूसरी ओर ब्लॉकबस्टर फिल्म 'आरआरआर' के बाद से ही फैंस राम चरण को दोबारा पर्दे पर देखने के लिए बेताब हैं। वह 'गेम चेंजर' के साथ पर्दे पर वापसी कर रहे हैं। इस फिल्म में उनके साथ कियारा आडवाणी नजर आएंगी। 'गेम चेंजर' 10 जनवरी को रिलीज हो रही है।




हिंदी दैनिक झारखण्ड उजाला के लिए प्रकाशक एवं स्वामित्व सचिन कुमार सिंह द्वारा मकान संख्या 01, सिंह मेंशन, शांति नगर, नियर हटिया टोंको ब्रिज, ओबरिया रोड, पोस्ट : हटिया, थाना : जगन्नाथपुर, जिला : रांची, झारखण्ड, पिन : 834003. से प्रकाशित एवं सचिन कुमार सिंह द्वारा शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, पता : काठीटांड, नियर टेंडर बगीचा, पोस्ट- रातू, थाना - रातू, जिला : रांची, झारखण्ड, पिन : 835222 से मुद्रित, संस्थापक : रनेश नारायण सिंह, संपादक : सचिन कुमार सिंह *(पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार), epaper.jharkhandujala.com, E-mail -jharkhandujala@gmail.com / hr.jharkhandujala@gmail.com / desk.jharkhandujala@gmail.com (M) +91 9431360101, (O) 0651-2290101, (fax) 0651-2290101.